दैनिक
आदिवर्ष तमसा परसाद
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 285 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

तीन दशकों से चौबीसों घंटे अनवरत जारी है राम नाम संकीर्तन

जितेन्द्र नामदेव

कवर्धा/नवप्रदेश। 10 मार्च 1994 से को शुरू हुए राम नाम संकीर्तन से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया है। यहां रामनाम का संकीर्तन करने दूर-दराज से श्रद्धालु आते हैं।

स्व. पं. अर्जुन प्रसाद शर्मा

स्थानीय बूढ़ा महादेव मंदिर में राम नाम संकीर्तन का आयोजन 1994 में प्रारंभ किया गया जो आज भी निरंतर जारी है। ब्रह्मलीन स्वामी करपात्री जी के शिष्य पंडित अर्जुन शर्मा ने इसे प्रारंभ किया। पंडित अर्जुन शर्मा का जन्म 26 फरवरी 1949 में हुआ और उनका स्वर्गवास 1 अगस्त 2021 में हुआ। पंडित अर्जुन प्रसाद शर्मा लगातार जनकल्याण के लिए कार्य करते रहे। इन्होंने शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण सहित अनेक ऐसे पुनीत कार्य किए हैं जो आज भी कवर्धा में निरंतर जारी है।

आज हम स्वर्गीय श्री अर्जुन प्रसाद शर्मा के पुत्र वीरेंद्र शर्मा से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि 1994 में राम नाम संकीर्तन महायज्ञ का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में लोग हर रोज मंदिर पहुंचकर भगवान श्री राम के नाम का जाप करते आ रहे हैं, और राम नाम संकीर्तन आज भी जारी है।

कवर्धा की रियासत में साधु-संतों की तपोभूमि

रियासत काल में कवर्धा रियासत के प्रथम राजा महाबली दीवान का महल इसी क्षेत्र में बना था, जिस स्थान पर पंचमुखी शिवलिंग है। वह साधु-संतों की तपोभूमि भी रही है। बूढ़ा महादेव मंदिर में दिव्य पंचमुखी शिवलिंग रियासत काल से भी पूर्व स्वयंभू शिवलिंग है।

छत्तीसगढ़ का अद्वितीय शिवलिंग

पांच-पांच मुख वाले शिवलिंग एक-एक शिवलिंग में पांच-पांच मुख है। कुल 25 लिंगों का अद्भुत शिवलिंग है। सांख्य दर्शन के लिए अनुसार भगवान शंकर पंचभूत अर्थात पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु हैं। पंचमुखी बूढ़ा महादेव के शिवलिंग भी इसी तरह है। माना जाता है कि यह दुर्लभ और अद्वितीय शिवलिंग है, जिसके चलते ही इसकी ख्याति है।

आज बेबाक

आईएनडीआईए में सीटों के बंटवारे को लेकर फंसा पेंच सुलझाने की जगह उलझता जा रहा है। अपने अपने राज्यों में क्षेत्रीय-क्षत्रप बड़े भाई की भूमिका निभाना चाहते हैं। कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को अपना पिछलग्गू बनाना चाहते हैं। मतलब खुद मलाई में मुंह मारना चाहते हैं और कांग्रेस को छाछ थमाना चाहते हैं। इसका रूझान मिलना शुरू भी हो गया है। महाराष्ट्र के दिग्गज कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने पंजा से पल्ला झाड़कर तीर कमान थाम लिया है। अभी तो और कई विकेट गिरेंगे। बकौल एक शायर- इब्तिदाए इश्क है रोता है क्या आगे आगे देख होता है क्या।

प्रधानमंत्री ने जाना जनमन योजना से कैसे बदला जीवन, पहाड़ी कोरवा के कार्यों को सराहा

मनकुंवारी से मोदी ने पूछा किन योजनाओं का मिला लाभ

जशपुर/रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला अंतर्गत बगीचा क्षेत्र की पहाड़ी कोरवा समुदाय की मनकुंवारी बाई से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। प्रधानमंत्री ने मनकुंवारी बाई से पूछा कि उन्हें सरकार की किन-किन योजनाओं का लाभ मिला है। मनकुंवारी विशेष संरक्षित जनजाति समुदाय के हितग्राहियों में से एक हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री जनमन योजना लागू करने के बाद शासकीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जशपुर जिले के बगीचा तहसील अंतर्गत कुटमा पंचायत की सलखाडांड की रहने वाली मनकुंवारी बाई को जब प्रधानमंत्री मोदी से बात करने का मौका मिला तो उन्होंने बेझिझक अपनी बातें रखी। मनकुंवारी ने जय जोहार से पीएम नरेंद्र मोदी का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने पूछा कि अपने बारे में बताइए तो मनकुंवारी बाई ने स्वयं को एक जनमन संगी बताते हुए प्रधानमंत्री जनमन योजनाओं से मिले लाभ और पहले तथा अब के हालातों में हुए परिवर्तन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने पूछा- गैस और पानी कनेक्शन से कैसे आया बदलाव

मनकुंवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया कि पीएम आवास के रूप में पक्का मकान मिलने के बाद बिजली, पानी जैसी सुविधाएं मुहैया हुई हैं। प्रधानमंत्री ने जब पहाड़ी कोरवा मनकुंवारी बाई से पूछा कि गैस और पानी कनेक्शन से जीवन में कैसे बदलाव आया है। प्रधानमंत्री मोदी को मनकुंवारी ने बताया कि उनके परिवार में 5 लोग हैं। पहले जंगल जाकर सुखी लकड़ी इकट्ठा करना पड़ता था। उन्हें जलाकर ही खाना बना पाते थे। इस पूरे क्रम में बहुत समय जाता था, लेकिन आज उज्जवला योजना के तहत मिले गैस सिलेंडर से खाना कम समय में आसानी से बन जाता है।

सीएम ने कहा-सौभाग्य की बात

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनमन योजना विशेष संरक्षित जनजातियों के लिए विकास की मुख्य धारा जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ने शुरू की है। 15 योजनाओं का विशेष रूप से लाभ दिया जाना है। सौभाग्य की बात है कि जशपुर के बगीचा के पहाड़ी कोरवा से पीएम ने सीधे बात की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक रायमुनी भगत और गोमती साय भी उपस्थित थीं।

शेयर बाजार में बंपर उछाल, मंडे बना 'मनी डे'

मुंबई (एजेंसी)। सोमवार (15 जनवरी) को बाजार में लगातार 5वें दिन बढ़त देखने को मिली है। तीसरी तिमाही के अच्छे नतीजों और सभी सेक्टरों में आई तेजी के दम पर सेंसेक्स-निफ्टी नए हाई पर बंद हुए हैं। दिन के अंत में सेंसेक्स 759.49 अंक या 1.05 फीसदी बढ़कर 73,327.94 पर और निफ्टी 203.00 अंक या 0.93 फीसदी बढ़कर 22,097.50 पर बंद हुआ। ये अब तक की इनकी हाइएस्ट क्लोजिंग है। मिलेजुले ग्लोबल संकेतों के बावजूद, इंडेक्स की शुरुआत सकारात्मक रही और ये 73,402.16 और 22,115.55 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गये। आईटी, तेल एवं गैस और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी के चलते यह तेजी आई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप पिछले सत्र के लगभग 3.73 लाख करोड़ रुपये से लगभग 3 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 3.76 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सोमवार को शेयर बाजार में आईटी सेक्टर के शेयरों में रिकॉर्डतोड़ खरीदारी से पंख लग गए और आखिरकार बेंचमार्क इंडेक्स अपने नए शिखर की ओर उड़ान भरने में सफल रहे। आईटी के अलावा फार्मा और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। निफ्टी के शेयरों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लालू-नीतीश के साथ होने से बीजेपी में बेचैनी : तेजस्वी

पटना (एजेंसी)। मकर संक्रांति के मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राबड़ी आवास पहुंचे। सीएम नीतीश सामने वाले गेट से न जाकर पीछे के गेट से और 10 मिनट की मुलाकात के बाद बाहर निकलें और मीडिया से कुछ नहीं बोले। जिस पर अब सियासत तेज हो गई। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि मकर संक्रांति पर नीतीश कुमार हमारे घर आए, सभी मंत्री आए, सबका स्वागत किया गया। खुशियां बांटी जा रही हैं। महागठबंधन एकजुट है।

गैस सिलेंडर ब्लास्ट, 3 जिंदा जले

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में रविवार रात सिलेंडर ब्लास्ट होने से 3 बैगा आदिवासियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। पति-पत्नी और बेटा रात 12 बजे छठी कार्यक्रम से घर लौटे थे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। घटना कुकदुर थाना क्षेत्र के नागाडबरा गांव की है। जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान बुधराम सिंह (35 वर्ष), हिरमतीन बाई (32 वर्ष) और उनके 8 वर्षीय बेटे जोन्हू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सिलेंडर फटने से घर में आग लगी और तीनों की जलने से मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों की नजर घर पर पड़ी, तब घटना की जानकारी लगी। इसकी सूचना तत्काल कुकदुर पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्डम के लिए भेजवाया।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में उप मुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा का कहना है कि घटना कैसे घटी है, इसकी जांच होगी। प्रदेश सरकार मृत परिवारों का पूरा सहयोग करेगी। यदि गैस सिलेंडर विस्फोट से हादसा हुआ है, तो उसका उपयोग कैसा किया जाए, इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

मायावती एकला चलो रे...

लखनऊ (एजेंसी)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने 68वें जन्मदिन (15 जनवरी) को बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि 2024 का चुनाव बसपा अकेले ही लड़ेगी। किसी गठबंधन या पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। यानी, बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की कयासबाजी पर विराम लग गया है।

उन्होंने कहा- गठबंधन से फायदा कम, नुकसान ज्यादा होता है। लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण मिला है, मैंने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। क्योंकि मैं अपनी पार्टी के काम में व्यस्त हूं। मगर अयोध्या में 22 जनवरी को जो कार्यक्रम हो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

थोड़ा राशन देकर गुलाम बनाया जा रहा

उन्होंने कहा, 'जातिवादी संकीर्ण सोच से सभी को लाभ नहीं मिल पा रहा है। थोड़ा राशन देकर गुलाम, मोहताज बनाया जा रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार धर्म और जाति के नाम पर राजनीति कर रहीं है। कांग्रेस, भाजपा और सहयोगी पार्टियों की सोच जातिवादी, सामंतवादी है। एसटी/एससी आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बहुजन समाज के सभी वर्गों को बीएसपी से जुड़कर सत्ता तक पहुंचना जरूरी है। विरोधी पार्टियां अंदरखाने एक होकर इनके अधिकारों को रोक रही हैं।'

स्पीकर के फैसले को उद्धव की चुनौती

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधानसभा स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। 10 जनवरी को स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधानसभा में फैसला देते हुए कहा था कि असली शिवसेना महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की है। उन्होंने शिंदे गुट के 16 और उद्धव गुट के 14 विधायकों की सदस्यता भी बरकरार रखी थी। फैसले के बाद उद्धव ठाकरे ने कहा था कि स्पीकर के फैसले से सुप्रीम कोर्ट की अवमानना हुई है। इसलिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई के फैसले में शिंदे गुट के चीफ व्हिप भरत गोगावले की नियुक्ति को अवैध ठहराया था। नार्वेकर ने इसे वैध ठहराया है। उद्धव गुट ने इन सभी मामलों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को इस मामले में आखिरी सुनवाई की थी। तब स्पीकर के लिए फैसला लेने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 10 जनवरी कर दी थी। यानी सुप्रीम कोर्ट में आखिरी सुनवाई के 28वें दिन स्पीकर ने अपना फैसला सुनाया था। उधर, शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट ने महाराष्ट्र स्पीकर के उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों को अयोग्य न ठहराने के फैसले के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट का रुख किया है। सोमवार को गुट की ओर से अर्जी लगाई गई है।

सचिन डीपफेक के शिकार

मुंबई (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी डीपफेक का शिकार हुए हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे 'स्काईवर्ड एविएटर क्वेस्ट' गेमिंग ऐप को प्रमोट करते नजर आ रहे हैं। खुद सचिन ने सोशल मीडिया पर इस वीडियो को पोस्ट करके लिखा कि ये वीडियो नकली है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। टेक्नोलॉजी का इस प्रकार का दुरुपयोग बिल्कुल गलत है। उन्होंने इस मैसेज के साथ भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर और महाराष्ट्र साइबर पुलिस को टैग किया है। इसमें फेक वीडियो में वे ये कहते नजर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

महंगाई.... दिसंबर में बढ़कर 0.73 प्रतिशत पर पहुंची, खाने-पीने के सामानों के दाम बढ़े

ठिठुरती ठंड में बढ़ा महंगाई का पारा, 9 महीने के हाई पर थोक महंगाई

दिल्ली (एजेंसी)। एक तरफ कपकपाती ठंड की ठिठुरन बढ़ रही है तो वहीं खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमत ने महंगाई का डोज बढ़ा दिया है। दिसंबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 0.73 फीसदी पर पहुंच गया है, जो पिछले 9 महीनों के उच्चतम स्तर पर है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर में थोक महंगाई दर 0.73 फीसदी पर पहुंच गया। खाने-पीने के सामान की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। इससे पहले 12 जनवरी को सरकार ने रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किए थे। इसके अनुसार भारत की रिटेल महंगाई दिसंबर में बढ़कर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। सितंबर में महंगाई 5.02 प्रतिशत रही थी। वहीं नवंबर में यह 5.55 प्रतिशत और अक्टूबर में 4.87 प्रतिशत रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतें बढ़ने से महंगाई बढ़ी है। नवंबर की तरह दिसंबर में भी सब्जियों की महंगाई में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। नवंबर में सब्जियों की महंगाई 17.7 प्रतिशत से बढ़कर 27.64 प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली की महंगाई सिमटकर -0.99 प्रतिशत हो गई है, जो नवंबर में -0.77 प्रतिशत थी।

इस तरह मापी जाती है महंगाई

भारत में दो तरह की महंगाई होती है। एक रिटेल, यानी खुदरा और दूसरी थोक महंगाई होती है। रिटेल महंगाई दर आम ग्राहकों की तरफ से दी जाने वाली कीमतों पर आधारित होती है। इसको कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स भी कहते हैं। वहीं, होलसेल प्राइस इंडेक्स का अर्थ उन कीमतों से होता है, जो थोक बाजार में एक कारोबारी दूसरे कारोबारी से वसूलता है। महंगाई मापने के लिए अलग-अलग आइटम्स को शामिल किया जाता है। जैसे थोक महंगाई में मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स की हिस्सेदारी 63.75 प्रतिशत, प्राइमरी आर्टिकल जैसे फूड 20.02 प्रतिशत और फ्यूल एंड पावर 14.23 प्रतिशत होती है। वहीं, रिटेल महंगाई में फूड और प्रोडक्ट की भागीदारी 45.86 प्रतिशत, हाउसिंग की 10.07 प्रतिशत और फ्यूल सहित अन्य आइटम्स की भी भागीदारी होती है।

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

22 को 100 मंचों पर सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे 2500 लोक कलाकार

अयोध्या। महज 9 दिन और... फिर देश-दुनिया उस पल का दीदार करेगी, जिसकी अभिलाषा 500 वर्षों से कई पीढ़ियां कर रही थीं। वह दिन आ गया तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में इसे अद्वितीय, अविस्मरणीय बनाने में संस्कृति विभाग भी जुट गया है। 14 जनवरी से 24 मार्च तक यहां प्रदेश-देश व दुनिया के 5000 कलाकार एक तरफ जहां विभिन्न माटी की संस्कृतियों के सुरों की गंगा को प्रवाहित करेंगे तो वहीं इन 70 दिनों में 15 से अधिक देशों के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। इस अवधि में उत्तर प्रदेश की 25 व अन्य प्रदेशों की 10 रामलीला मंडलियों की प्रस्तुतियां भी त्रेतायुग के वैभव का दीदार कराएंगी। वहीं प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को 100 मंचों पर 2500 लोक कलाकार सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे।

22 जनवरी को 100 मंच पर होंगे 2500 कलाकार

रामनगरी में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से रामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। प्रधानमंत्री के आगमन पर उनका भव्य स्वागत होगा। यहां 100 मंचों पर 2500 कलाकार भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा के सारथी बनेंगे। 21 जनवरी को इसका पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इसके अलावा अनेक स्थानों पर कलाकार भारतीय संस्कृति की खुशबू अपनी प्रस्तुति से बिखरेंगे।

70 दिनों तक 10 स्थानों पर कलाकारों की होगी प्रस्तुति

14 जनवरी से 24 मार्च तक कलाकारों की तरफ से प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई प्रतिभाओं व स्थापित कलाकारों को मंच मुहैया कराने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में 10 सार्वजनिक स्थानों पर यह कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के लिए फाइनल रूप से भरतकुंड, सूर्यकुंड, गुप्तारघाट, झुनकी घाट, बड़ी देवकाली, गुलाबबाड़ी, रामघाट हाल्ट-सप्तरंगी पुल के बगल में, साकेत पेट्रोल पंप के बगल में, पराग डेयरी व अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के समीप मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

रामनगरी में दिखेगा पूरा भारत

रामनगरी में उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के कलाकारों की प्रतिभागिता भी रहेगी। यहां तुलसी उद्यान में हरियाणा के राकेश गांगुली शिव स्तुति, उड़ीसा के अशोक बेहरा श्रीराम नाट्य, महाराष्ट्र के यशवंत माधव, तमिलनाडु के टीएस मोर्गन, पंजाब के जसवंत सिंह झूमर की प्रस्तुति देंगे। कर्नाटक के के एस सत्यनारायण टीम समेत सम्पूर्ण रामायण की बाल यात्रा की जीवंत प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा और भी कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी।

22 को मालिनी अवस्थी, रवि किशन, कन्हैया मित्तल की भी होगी प्रस्तुति

पद्मश्री मालिनी अवस्थी, गोरखपुर के सांसद व फिल्म अभिनेता रवि किशन तथा कन्हैया मित्तल सरीखे कलाकारों की प्रस्तुति 22 जनवरी को शाम 5 से 8 बजे तक होगी। तुलसी उद्यान पर मालिनी अवस्थी और रवि किशन का कार्यक्रम होगा। राम की पैड़ी पर उज्जैन के शर्मा बंधु व चंडीगढ़ के कन्हैया मित्तल प्रस्तुति देंगे। राम कथा पार्क नागपुर के वाटेकर सिस्टर्स की प्रस्तुति होगी।

प्राण प्रतिष्ठा : श्रीराम के गृहप्रवेश के लिए जानकी धाम से आए उपहार, ट्रकों से आए आभूषण, फल, मेवे और अनाज

नई दिल्ली। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर में उत्साह है। अलग-अलग प्रांतों से रामभक्त अपने अराध्य के लिए तरह-तरह के उपहार ला रहे हैं। ऐसे में रविवार को मां जानकी की जन्मभूमि पुनौरा धाम सीतामढ़ी बिहार से पांच ट्रकों में भरकर अनेकों उपहार रामनगरी लाए गए हैं। उपहार लेकर कारसेवकपुरम आए पुनौरा धाम मंदिर के प्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि ये भेंट प्रभु श्रीराम के गृहप्रवेश के लिए मां जानकी के मायके से भेजी गई है। उन्होंने बताया कि 11051 दौरी में गृहस्थ के लिए उपयोगी सभी वस्तुएं हैं। इसमें तरह-तरह के फल, मेवे, अनाज में गेंहू, चावल , मिठाई में खाजा, लड्डू, आभूषण में कान की बाली, नाक की नथुनी, बिछिया, पायल हैं। साथ ही प्रभु के लिए चांदी के खड़ाऊ और जनेऊ भेजे गए हैं। इसके अलावा तांबा और फूल के बर्तन भी हैं। उन्होंने बताया कि इन उपहारों के लिए मां जानकी धाम के हजारों भक्तों ने सहयोग दिया है। मां जानकी के धाम से आए उपहार कारसेवकपुरम के जिस कक्ष में रखे जा रहे थे, उसमें जगह कम पड़ गई। ये देख माता के मायके से आए लोग हंसने लगे। वहीं पांच ट्रकों में रखी सामग्री उतारने के लिए भी लोग कम थे। इसपर वहां से आए भक्त ही अपने सिर पर रखकर सामान कक्ष तक पहुंचाने लगे।

भव्य झांकियों के साथ निकली शोभायात्रा, गूंजता रहा जय श्रीराम

रामलला के प्राकट्योत्सव के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। क्षीरेश्वरनाथ के पास रामजन्मभूमि के प्रवेश द्वार के सामने कलश पूजन हुआ। इसके बाद बैड-बाजे, रथ पर सवार भगवान के स्वरूपों से सजी झांकी निकली तो हर कोई दर्शन को उमड़ पड़ा। शोभायात्रा पर भक्तों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा की। शोभायात्रा में साधु-संतों समेत वैदिक छात्र व सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे। रामकोट की परिक्रमा के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ।

1949 में पौष मास की तृतीया को भगवान रामलला राम जन्मभूमि में प्रकट हुए थे। तब से श्रीरामजन्मभूमि सेवा समिति लगातार रामलला का प्राकट्योत्सव मनाती चली आ रही है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 12 जनवरी को पूजित कलश रामजन्मभूमि के पुजारी को सौंपा गया। रविवार को पूजित कलश वापस लाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न रथों पर भगवान सीताराम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, हनुमान, शंकर व गणेश के स्वरूपों की सजी झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही। हनुमान गढ़ी का निशान भी शोभायात्रा की शोभा बढ़ाता नजर आया। संयोजक अच्युत शंकर शुक्ला ने बताया कि शोभायात्रा में पूर्व सांसद डॉ़ रामविलास दास वेदांती, डॉ़ राघवेश दास वेदांती, महंत जयरामदास, डॉ़ सत्येंद्र दास वेदांती, महंत राघव दास, महंत उद्धव शरण, समिति के संजय शुक्ला, शक्ति सिंह आदि शामिल रहे।

अलीगढ़ में बनी प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप कांच की कलाकृति

लखनऊ। अयोध्या में अपने आराध्य प्रभु श्रीराम को भेंट करने में अलीगढ़ वासी पीछे नहीं है। पीतल की मूर्तियां, ताले के बाद अब कांच की वृहद कलाकृति अयोध्या मंदिर की भव्यता में चार चांद लगाएगी। जिसमें भगवान राम बाल स्वरूप में नजर आएंगे। सोमवार को यह कलाकृति अयोध्या के लिए भेजी जाएगी। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप की कांच की कलाकृति लगेगी। इसे पत्थर बाजार स्थित हिंदुस्तान ग्लास एजेंसी के संचालक अनुज गुप्ता और 8 कर्मियों ने करीब 40 दिन की मेहनत के बाद आकार दिया है। अयोध्या मंदिर के लिए उन्होंने एक शीशे पर निर्मित राम के बाल स्वरूप की कलाकृति तैयार की है। जो पूर्ण रूप से शीशे पर बनाई गई है। यह एक अनूठी कलाकृति है। इसे बनाने में करीब 8 कर्मचारियों ने उनका सहयोग किया है। आरएसएस के पदाधिकारी इस कांच की कलाकृति को अयोध्या पहुंचाने का कार्य करेंगे।

त्रिपुरा में दिखी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की धूम, रैली निकाल लोगों ने दिखाया उत्साह

नई दिल्ली। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' को लेकर देशभर में हर्षोल्लास का माहौल है। हर गली मौहल्ले में राम नाम की गूंज है। इस पावन अवसर पर अगरतला में भी भक्त उत्साह से सराबोर देखे गए। यहां श्रद्धालू त्रिपुरा के स्वामी विवेकानंद मैदान में एकत्र हुए और प्रतिभागियों ने एक रंगारंग रैली के साथ एक जीवंत बैठक का आयोजन किया। शांति काली आश्रम के चित्त महाराज, गयामणि ब्रह्मचारी और कार्तिक प्रभु जैसी उल्लेखनीय शख्सियतों ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई, चित्त महाराज मुख्य वक्ता के रूप में केंद्र में रहे।

भव्य राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं, जिसमें समाज के सभी क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति और लोग शामिल होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 22 जनवरी को दोपहर में राम मंदिर के गर्भगृह में राम लला को विराजमान करने का निर्णय लिया है। अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए वैदिक अनुष्ठान मुख्य समारोह से एक सप्ताह पहले 16 जनवरी को शुरू होंगे।

पीएम मोदी ने जारी किया था ऑडियो नोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर के गर्भगृह के अंदर श्री राम लला की औपचारिक स्थापना की अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले, शुक्रवार को पीएम मोदी ने अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 11 दिवसीय विशेष 'अनुष्ठान' की घोषणा की थी। एक ऑडियो संदेश में, पीएम मोदी ने इस अवसर को ऐतिहासिक और शुभ भी बताया और कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि वह इसके गवाह बने। इस बीच, मॉरीशस में भी श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गूंज सुनाई देगी। यहां के सनातन धर्म मंदिर महासंघ के अध्यक्ष भोजराज घूरबिन ने बताया कि मॉरीशस के सभी मंदिर 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रामायण मंत्रोच्चार का आयोजन करेंगे और उत्सव मनाएंगे। उन्होंने कहा, 'मॉरीशस में, हमारे सभी हिंदू भाई-बहन आजकल एक अलग मूड में हैं। 15 जनवरी को संक्रांति से, मॉरीशस में हमारे सभी मंदिर रामायण का जाप कर रहे हैं। अध्यक्ष भोजराज ने आगे कहा, 'पहली दिवाली 22 जनवरी को है, और दूसरी दिवाली 31 अक्तूबर को है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि दीपावली पर 14 साल के वनवास के बाद, प्रभु श्री राम अयोध्या से आए थे। लेकिन यहां 22 जनवरी के दिन प्रभु राम 14 साल बाद नहीं 500 साल बाद आ रहे हैं, इसलिए इस दिन को दीपावली के रूप में मनाया जा रहा है।

फलस्वाड़ी में दामाद के रूप में पूजे जाते हैं भगवान श्रीराम, माता सीता को लेकर जुड़ी है ये मान्यता

नई दिल्ली। पौड़ी जिले के कोट ब्लॉक के फलस्वाड़ी में लोग भगवान श्रीराम को दामाद के रूप में पूजते हैं। मान्यता है कि माता सीता ने अपने जीवनकाल के अंतिम दिन कोट ब्लॉक के सितोनस्यूं घाटी में बिताए थे। मान्यता है कि इसी घाटी में ही माता सीता धरती में समाई थीं। आज भी यहां लोग मनसार मेले के रूप में राम-सीता और लक्ष्मण को पूजते हैं। इसके अलावा इसी क्षेत्र में आठवीं सदी का लक्ष्मण सिद्ध मंदिर भी हैं। देवल गांव के लोगों में मान्यता है कि श्रीराम की आज्ञा पर लक्ष्मण माता सीता को वनगमन के लिए सितोनस्यूं घाटी छोड़ने पहुंचे थे। जहां लक्ष्मण ने देवल गांव में विश्राम किया। इसके बाद से यहां पर नियमित रूप से लक्ष्मण को पूजा जाता है।

मान्यता है कि यहां आठवीं और नवीं सदी में शंकराचार्य ने मंदिर का निर्माण किया था, जो चारधाम के मंदिरों की तरह नागर शैली में है। मंदिर के पुजारी वीरेंद्र पांडे बताते हैं कि मंदिर में लक्ष्मण को शेषनाग के रूप में पूजा जाता है। मंदिर से करीब 50 मीटर नीचे एक प्राचीन नौला (बावड़ी) है, जिसे मंदिर का ही रूप दिया गया है।

सीता माता की स्मृति में लगता है मनसार का मेला

इस मंदिर से आज भी लगातार पानी निकलता है। मान्यता है कि इस नौले में आज भी ब्रह्म मुहूर्त में देवी-देवताओं का स्नान होता है। पुजारी ने बताया कि फलस्वाड़ी गांव में माता सीता का मायका है, जबकि कोटसाड़ा गांव को सीता के मामा का घर कहा जाता है। हर साल दीपावली के बाद द्वादश तिथि को यहां सीता माता की स्मृति में मनसार का मेला आयोजित होता है। देवल के लोगों का कहना है कि पुजारी के सपने में देवी आती हैं और कहती हैं कि मेरी शिला फलां जगह पर है। जब उस जगह की खोदाई होती है तो उस धरती से शिला निकाली जाती हैं। कोट ब्लॉक में आज भी श्रृद्धालु माता सीता को बबुले के रूप में पूजते हैं।

एक रात में बने 365 मंदिर

गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि चारधामों में बने मंदिरों समेत 365 मंदिरों को एक ही रात में बनाया गया। मान्यता है कि इन सभी को शंकराचार्य ने बनाया था। मंदिर के पुजारी वीरेंद्र पांडे ने बताया कि लक्ष्मण सिद्ध मंदिर भी उसी में से एक है। मंदिर में विष्णु, शिव, गणेश आदि देवी देवताओं की प्राचीन मूर्तियां हैं। देवल का लक्ष्मण सिद्ध मंदिर आठवीं से 12वीं सदी के बीच बनाया गया है।

मुंबई से अयोध्या के लिए फ्लाइट सेवा आज से शुरू, इंडिगो ने किया ऐलान

नई दिल्ली। राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले इंडिगो ने मुंबई और अयोध्या के बीच सीधी कनेक्टिविटी की घोषणा करते हुए कहा कि आज 15 जनवरी से पहली फ्लाइट उड़ेगी। 22 जनवरी को होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या सुखियों में है। देश के करोड़ों रामभक्त भगवान राम के दर्शन को उत्सुक हैं। हर कोई भगवान राम का दर्शन कर निहाल होना चाहते हैं। इस वजह से अयोध्या पहुंचने के लिए कई तरह की सुविधा का ऐलान किया जा रहा है। इसी कड़ी में देश की सबसे बड़ी एयरलाइन्स कम्पनियों में से एक इंडिगो 15 जनवरी से मुंबई से अयोध्या के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू कर रही है। फ्लाइट आज दोपहर 12:30 बजे मुंबई से उड़ान भरेगी और दोपहर 2:45 बजे राम नगरी अयोध्या पहुंचेगी। और यहां से वापसी की फ्लाइट दोपहर 3:15 बजे है जो शाम 5:40 बजे मुंबई पहुंचेगी। इंडिगो के ग्लोबल सेल्स प्रमुख विनय मल्होत्रा ने क्या कहा

इंडिगो के ग्लोबल सेल्स प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, ''हमें दिल्ली और अहमदाबाद के अलावा अयोध्या और मुंबई के बीच सीधी कनेक्टिविटी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस नए मार्ग क्षेत्र से यात्रा पर्यटन और व्यापार को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलेगा, जो आर्थिक विकास में योगदान देंगे और पर्यटकों को पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में 6ई नेटवर्क के माध्यम से अयोध्या तक सीधी पहुंच प्रदान करेंगे।''

दिल्ली-अयोध्या के बीच फ्लाइट सेवा शुरू

बता दें कि इससे पहले इंडिगो ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से अयोध्या के लिए फ्लाइट सेवा का ऐलान किया था। पिछले वर्ष 30 दिसंबर को अयोध्या में महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू के बाद इंडिगो ने 6 जनवरी से दिल्ली से अयोध्या के लिए विमान सेवा की शुरूआत की थी। साथ-साथ इंडिगो की अहमदाबाद-अयोध्या रूट की फ्लाइट भी शुरू हो चुकी है। और आज 15 जनवरी, सोमवार से मुंबई से अयोध्या रूट के लिए फ्लाइट शुरू हो जाएगी।

बांके बिहारी धाम से आए विशेष आभूषण, श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी को सौंपे गए

अयोध्या। सोमवार को श्री कृष्ण बांके बिहारी धाम से लाए गए विशेष आभूषण श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास जी को सौंपे गए। श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि महाराज ने प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों पर कहा कि प्रतिष्ठा की दृष्टि से जो भी आवश्यक तैयारी है वो पूरी चल रही हैं। एक ओर भव्य मंदिर लगभग खड़ा हो चुका है, दूसरी ओर अयोध्या सज रही है... 17 जनवरी के दिन भगवान राम लला अपने मंदिर में प्रवेश करेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा : चित्रकूट से शुरू होगी श्रीराम चरण पादुका यात्रा, श्रीराम वन गमन पथ होते हुए पहुंचेगी अयोध्या

नई दिल्ली। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत श्रीराम चरण पादुका यात्रा मकर संक्रांति से चित्रकूट से शुरू होगी, जो 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल लेकर और पादुका पूजन के साथ शुरू होगी।

यह यात्रा प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, होते हुए अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा चित्रकूट के विभिन्न मंदिरों से होते हुए शुरू होगी। इसमें मंदाकिनी नदी का जल संग्रह किया जाएगा। 16 जनवरी को चित्रकूट से वाया राजापुर, मंझनपुर होते हुए प्रयागराज में पहुंचने पर संगम का जल कलश में संग्रहित किया जाएगा। यहां सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी। 17 जनवरी को यात्रा श्रृंगवेरपुर को प्रस्थान करेगी। यहां गंगा नदी का जल संग्रह कर पादुका पूजन होगा। 18 को यात्रा यहां से प्रतापगढ़ होते हुए सुल्तानपुर पहुंचेगी। यहां सई नदी का जल कलश में संग्रहित किया जाएगा। 18 को रात्रि विश्राम सुल्तानपुर में होगा। यहां गोमती नदी का भी जल संग्रहित किया जाएगा। 19 जनवरी को यात्रा वाया नंदीग्राम अयोध्या पहुंचकर संपन्न होगी।

तृप्ति शाक्या के भजन, श्रीराम पर चित्र प्रदर्शनी भी

संस्कृति विभाग के संयोजन में निकाली जा रही यात्रा में चित्रकूट के रामायण मेला परिसर में गायिका तृप्ति शाक्या भजन प्रस्तुति करेंगी। श्रृंगवेरपुर के राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर यात्री रोड पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में नागपुर की वाटेकर सिस्टर्स की ओर से राम नाम पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। यात्रा के दौरान बाबा सत्यनारायण मौर्य व उनकी टीम श्रीराम पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

बस्तर में वनवास के दौरान श्रीराम ने बिताया था समय, स्थापित किया था शिवलिंग

बस्तर/नवप्रदेश। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर इस समय पूरे देश में खुशी का माहौल है. 22 जनवरी को होने वाली रमालला की प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी सभी राम मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं. दरअसल, भगवान राम के वनवास का इतिहास छत्तीसगढ़ का दंडकारण्य क्षेत्र कहे जाने वाले बस्तर से जुड़ा है.

भगवान राम के वनवास के दौरान जिन जगहों पर उनके पैर पड़े थे, उन सभी जगहों को रामवनगमन पथ से जोड़ा गया है.इन्हीं जगहों में से एक है देश में मिनी नियाग्रा के नाम से मशहूर छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध चित्रकोट वाटरफॉल. चित्रकोट वाटरफॉल से भगवान राम का इतिहास जुड़ा हुआ है. अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान भगवान राम कांकेर से होते हुए चित्रकोट वाटरफॉल पहुंचे थे. पौराणिक कथाओं के अनुसार, वनवास के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता बस्तर के रास्ते से गुजरते हुए दक्षिण भारत के भद्राचलम पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने बस्तर के चित्रकोट और तीरथगढ़ वॉटरफॉल में भी समय गुजारा था.

भगवान राम ने छत्तीसगढ़ के घने जंगलों को बनाया था आश्रय

उन्होंने बताया कि भगवान राम ने वनवास के दूसरे पड़ाव में अत्रि ऋषि के आश्रम में कुछ दिन रुकने के बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के घने जंगलों को अपना आश्रय बनाया था. यह काफी घनघोर जंगल क्षेत्र था. दंडकारण्य से होते हुए भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता बस्तर के चित्रकोट वॉटरफाल पहुंचे. यहां भगवान राम लक्ष्मण और माता सीता ने ऋषि मुनियों के आश्रम में अपना कुछ समय बिताया था. इस दौरान भगवान राम ने यहां एक शिवलिंग की भी स्थापना की, जहां अब एक भव्य मंदिर बन गया है.

चित्रकोट शिव मंदिर में पूजा की तैयारी

शोधकर्ता विजय भारत ने बताया कि यहां हर साल शिवरात्रि और रामनवमी के मौके पर मेला भी लगता है, जिसमें दूर दूर से लोग पहुंचते हैं. वहीं चित्रकोट को रामवनगमन पथ में शामिल करते हुए चित्रकोट वाटरफॉल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है. आने वाले समय मे यहां पर भगवान राम की विशाल प्रतिमा स्थापित करने पर भी विचार किया जा रहा है.

चित्रकोट वॉटरफॉल में भगवान राम ने की थी शिवलिंग स्थापना

आज भी इन जगहों में भगवान राम के आने के प्रमाण मिलते हैं. चित्रकोट वॉटरफॉल में भगवान राम ने शिवलिंग की स्थापना भी की थी, जहां अब एक भव्य मंदिर बन गया है. इसका जीर्णोद्धार कुछ साल पहले ही किया गया. इस मंदिर के शिलालेख में भगवान राम के वनवास से जुड़ी कहानी भी प्रदर्शित है. इतिहासकार सुभाष पांडे बताते हैं कि वनवास के दौरान भगवान राम अपने वनवास के चौथे चरण में बस्तर पहुंचे थे.

इतिहासकार सुभाष पांडे बताते हैं कि भगवान राम ने धमतरी से कांकेर, कांकेर से रामपुर, जुनवानी, केशकाल घाटी शिव मंदिर, राकसहाड़ा, नारायणपुर, चित्रकोट वाटरफॉल शिव मंदिर, तीरथगढ़ वॉटरफॉल, सीताकुंड, कोटी माहेश्वरी, कुटुमसर गुफा, उड़ीसा के मलकानगिरी गुप्तेश्वर

और सुकमा जिले के रामा राम मंदिर से होकर दक्षिण भारत के लिए प्रस्थान किया था. वहीं शोधकर्ता विजय भारत ने बताया कि भगवान राम ने अपने 14 साल के वनवास के दौरान दंडकारण्य में ही अपना ज्यादा समय बिताया था.

योजनाओं के क्रियान्वयन में अधिकारियों और कर्मचारियों की अहम भूमिका : लखन लाल

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि योजनाओं के क्रियान्वयन में शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। राज्य के अधिकारियों व कर्मचारी वर्ग को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। राज्य सरकार समय-समय पर इस दिशा में सार्थक पहल करेगी। इस आशय का विचार केबिनेट मंत्री श्री देवांगन द्वारा कल कोरबा के अंधरीकछार स्कूल में छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन और अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होकर व्यक्त किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए शासकीय सेवकों के विभिन्न समस्याओं के निराकरण की दिशा में उचित कदम उठाएगी। हम संवाद सेतु स्थापित कर

अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के पदोन्नति का मार्ग सुगम होगा और वेतन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। बहुत जल्द राज्य सरकार अपने वादे को पूरा करते हुए जितने भी पदोन्नति के मामले अटके हुए थे, उन पर शीघ्र पहल करेगी। फेडरेशन की ओर से केबिनेट मंत्री का गजमाला से स्वागत और सम्मान किया। इस अवसर पर प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र देवांगन, पूर्व एल्डरमेन राधे यादव, लक्ष्मण श्रीवास, दीपक जायसवाल समेत अन्य उपस्थित रहे। फेडरेशन के (प्रांतीय सलाहकार) बीपी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अपाक्स संघ पंकज पांडे, सत्येंद्र देवांगन, प्रदेश अध्यक्ष छग प्रदेश लिपिक संघ रोहित तिवारी, प्रदेश महामंत्री सुनील यादव, सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

युवक से मारपीट कर लूट

रायपुर/नवप्रदेश। कोटा रोड नेवरा में बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति ने युवक से माारपीट कर नकदी 1200 रुपए व मोबाइल लूट लिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रेमलाल वर्मा 35 वर्ष ग्राम नकटी कुम्हारी का रहने वाला है। बताया जाात है कि प्रार्थी अपने घर जा रहा था, तभी बाइक सवार अज्ञात युवक पीछे से आया और प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए मोबाइल व नकदी 1200 रुपए लूटकर भाग निकला। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 394 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कार बिक्री के नाम पर युवक से 2 लाख 85 हजार की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। सिद्धार्थ चौक अमन ऑटो के पास कार बिक्री के नाम पर युवक से 2 लाख 85 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। के. सूरज 44 वर्ष विक्रमनगर भनपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि सिद्धार्थ चौक टिकरापारा स्थित अमन आटो के पास आरोपी अनिल राय ने प्रार्थी को इनोवा कार बिक्री करने के नाम पर 2 लाख 85 हजार रुपए लेकर वाहन नहीं दिया। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अधेड़ पर धारदार हथियार से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। गुरू गोविंद नगर में बीच बचाव करने के दौरान एक युवक ने अधेड़ पर चापड़ से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनिंदर सिंह रखराज 53 वर्ष गुरू गोविंद नगर पंडरी का रहने वाला है। बबताया जाता है कि आरोपी फिरोज खान 42 वर्ष प्रार्थी के पड़ोसी के ड्रायवर फुलसिंह के साथ झगड़ा कर रहा था। जिससे प्रार्थी बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपी ने प्रार्थी पर चापड़ से हमला कर दिया। वहीं आरोपी ने बीच बचाव करने पहुंचा छोटू बाग पर भी हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवती से 24 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। एपीवी सेलून एकेडमी का फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर युवती से 24 लाख 31 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुप्रिया खेमका 24 वर्ष अवंतिविहार खम्हारडीह की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी विकाश बसंत ने प्रार्थिया को एपीवी सेलून एकेडमी का फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 18 जनवरी 2023 से 17 मार्च 2023 के मध्य प्रार्थिया से 24 लाख 31 हजार रुपए ठग लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शादी से मुकरा प्रेमी, प्रेमिका ने की खुदकुशी

रायपुर/नवप्रदेश। राखी *थाना* से सनसनीखेज मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक प्रेमी के शादी से मुकरा जाने पर प्रेमिका ने खुदकुशी कर ली है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी प्रेमी राहुल संगोले के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ कई बार संबंध बनाया और जब शादी की बात आई तो बहाना बनाने लगा। इस बात से युवती काफी आहत थी जिसके चलते यह कदम उठा ली।

स्टेशन रोड से बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। स्टेशन रोड स्थित जायसवाल बिरयानी के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी अभिषेक सिंह 25 वर्ष सेक्टर 3 गोंदवारा शिवानंद नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 53 एमडी 9310 को स्टेशन रोड स्थित जायसवाल बिरयानी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

धान खरीदी पर गड़बड़ी रोकने प्रत्येक केंद्र का दो बार होगा भौतिक सत्यापन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर 103 लाख टन से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। इस वर्ष 130 लाख टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। अनुमानित लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस बार कुल 26.62 लाख किसानों ने 33.28 लाख हेक्टेयर धान के रकबे का पंजीयन कराया है। अधिकारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती धान के उठाव को लेकर है। उपार्जन केंद्रों से अभी तक करीब 65 लाख टन का ही उठाव हो पाया है। प्रदेश के कई उपार्जन केंद्रों में धान रखने के लिए जगह नही बची है। प्रदेश के उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नही होने को लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी चिंता जता चुके हैं। उन्होंने खरीदी के साथ धान के उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाने और खरीदी प्रक्रिया की समाप्ति के दिन तक प्रत्येक केंद्र का दो बार भौतिक सत्यापन करने को कहा है। उपार्जन केंद्रों पर धान की आवक

तेजी से हो रही है। बताया जाता है कि उपार्जन केंद्रों में धान रखने के लिए जगह नही होने से टोकन जारी नही किया जा रहा है। आनलाइन टोकन प्राप्त करने में किसानों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से हो रही धान की खरीदी

राज्य सरकार किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के दर से धान की खरीदी हो रही है। खरीफविपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल कामन धान की 2,040 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर से खरीदी के साथ उन्हें प्रति एकड़ 9,000 रुपये की इनपुट सब्सिडी दी गई थी, जिसे मिलाकर अधिकतम 39,600 रुपये का भुगतान होता था। इस वर्ष 21 क्विंटल धान की खरीदी 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होने से किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने पर 65,100 रुपये मिलेगा। इस साल धान बेचने पर किसानों को गत वर्ष की तुलना में 25,500 रूपये का अतिरिक्त लाभ होगा। हालांकि 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी के लिए राज्य शासन के आदेश का इंतजार किया जा रहा है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर

राजभवन में होगा स्वागत समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की उपस्थिति में राजभवन में शाम 5:15 बजे से ''स्वागत समारोह'' का आयोजन किया जाएगा। जिसमे पद्मश्री, पद्मभूषण से सम्मानित राज्य के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संध्याकाल में 'एट होम फंक्शन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए आज राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो ने विभिन्न विभागों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान राजभवन परिसर एवं आस-पास की साफ -सफ ाई, रोशनी एवं झालर व्यवस्था, ट्रैफिक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था, पार्किग व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं वितरण एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में सभी आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में राज्यपाल के विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव, उपसचिव एवं विधि अधिकारी नीरू सिंह, रायपुर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्र सहित राजभवन के अधिकारी और रायपुर कलेक्टोरेट, लोकनिर्माण, बिजली, उद्यानिकी, आयुष विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया सड़कों का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों को जोड़ने के लिए महासमुंद जिले के ग्राम झालखम्हरिया में सोमवार को 12 सड़कों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकार, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा एवं रूप कुमारी चौधरी, सरपंच यशवंत साहू व मिशन संचालक विकास शील और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक एवं कलेक्टर प्रभात मलिक मौजूद थे। इन बसाहटों में कुल 13.800 किलोमीटर लम्बाई की बनने वाली सड़कों

की लागत 9 करोड़ 64 लाख 20 हजार रुपए है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान पीएम जनमन के अंतर्गत महासमुंद जिला में कुल 12 कमार बसाहट को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 12 सड़कों की स्वीकृत दी गई है।

कल राजधानी के 20 वार्डों में निकलेगी प्रभातफेरी

रायपुर/नवप्रदेश। अयोध्या के श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह और आनंद का माहौल है। इसी तारतम्य में रायपुर पश्चिम विधानसभा की मंडल सह बैठक आयोजित की गई। वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर गहन चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए। बैठक में मूणत ने कहा कि 22 जनवरी को 550 वर्षो की लंबी प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर तैयार होकर भक्तों के दर्शन के लिए शुरू हो जाएगा। हम सभी को मिलकर इस अवसर को विशेष

और ऐतिहासिक बनाना है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा अविष्मरणीय उत्सव हो जाए जो देश-विदेश में ऐतिहासिक रहे। इसके लिए हर हिंदू परिवार को इस पर्व से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। रायपुर पश्चिम विधानसभा के सभी 20 वार्डों में 17 से लेकर 19 जनवरी तक प्रभातफेरी का आयोजन किया जायेगा। इसमें हमारे सभी अनुसांगिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। चारों मंडल के प्रमुख 4 स्थानों पर मंदिर के उद्घाटन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया जायेगा ताकि क्षेत्र की जनता भी इस पुण्य पलों की साक्षी बन सके। प्रत्येक सनातनी परिवार को कम से कम 5 दीपक जलाने और एक भगवा ध्वज लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जो सक्षम ना हो उसके यहां आपसी और सामाजिक सहयोग से दीप प्रज्वलन होना चाहिए। विधायक ने कहा कि हमने दशकों पूर्व प्रण लिया था और जिसका नारा था राम लला हम आयेंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। यहा 22 जनवरी को अक्षरसः पूरा होने जा रहा है।

11 सीटों को बीजेपी ने 3 क्लस्टर में बांटा, दिल्ली में बैठक आज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश की 11 सीटों पर चुनावी तैयारी तेज करने के लिए क्लस्टर संयोजक बनाए हैं। राज्य को तीन क्लस्टर में बांट कर वरिष्ठ नेताओं को उनकी जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नई दिल्ली में क्लस्टर संयोजकों के साथ 16 जनवरी को चर्चा करेंगे। लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में लोकसभा की चुनावी तैयारियों के साथ ही संभावित प्रत्याशियों पर भी चर्चा हो सकती है। रायपुर क्लस्टर के तहत दुर्ग, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा के संयोजक पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक राजेश मूणत, बिलासपुर क्लस्टर के तहत बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ और सरगुजा के लिए पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अमर अग्रवाल, वहीं बस्तर क्लस्टर में बस्तर, कांकेर व महासमुंद के लिए पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अजय चंद्राकर को क्लस्टर संयोजक बनाया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार फरवरी के दूसरे हफ्ते में जनजातीय बहुल संसदीय क्षेत्रों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जा सकती है। इनमें बस्तर, कोरबा, सरगुजा, बिलासपुर व जांजगीर-चांपा संसदीय क्षेत्र शामिल हैं। भाजपा कार्यालय में पार्टी की टिकट पाने के लिए संभावित प्रत्याशियों का बायोडाटा भी पहुंचने लगा है। भाजपा पदाधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश में नए चेहरों को तरजीह दी जा सकती है, वहीं कुछ सीटों पर पुराने सांसद फि र से मैदान में उतारे जा सकते हैं।

वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। टाटीबंध चौक के फ्लाई ओव्हर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक समीर सईस 36 वर्ष संजय नगर टिकरापारा का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल शाम समीर स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एनजेड 7138 से कहीं जा रहा था, तभी टाटीबंध चौक फ्लाईओव्हर के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

छत्तीसगढ़ बन गया केंद्र शासित राज्य : सुशील

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की नई सरकार को लेकर कांग्रेस पार्टी हमलावर है। कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष सुशिल आनंद

शुक्ला ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि एक महीने की सरकार को देखकर लगता है कि जैसे अब छत्तीसगढ़ भी केंद्र शासित राज्य हो गया है। छत्तीसगढ़ केंद्र शासित राज्य हो चुका है यहां के नेता, मुख्यमंत्री, मंत्री को कोई भी निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। राजनीतिक रूप से जो भी बीजेपी के निर्णय होते हैं वह केंद्रीय नेतृत्व ही ले रहा है। शुक्ला ने कहा छत्तीसगढ़ में बीजेपी के नेता अस्तित्व विहीन हो चुके हैं। छोटे-छोटे निर्णय भी केंद्र से पूछ कर लिए जा रहे हैं। चर्चा यह भी है कि अमित शाह आएंगे बैठक लेंगे उसके बाद एसपी के तबादले किए जाएंगे। ये देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि राज्य में पुलिस अधिकारियों के तबादले के लिए पीएमओ और केंद्रीय गृह मंत्री ले रहे हैं। बीजेपी की ओर से कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर शुक्ला ने कहा कांग्रेस की सरकार के ऊपर बीजेपी के पास एक भी पैसे का प्रमाणिक भ्रष्टाचार का कोई तथ्य नहीं है। मैं चुनौती देता हूं ये सरकार में हैं न, अगर कोई भ्रष्टाचार हुआ है तो उसकी जांच की जाए, तथ्य पेश किए जाएं और जो दोषी हो उनपर कार्यवाही की जाए।

मंत्री टंकराम वर्मा ने शंकर नगर स्थित बंगला में कार्यालय का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शंकर नगर स्थित बी-5/10 बंगला में कार्यालय प्रारम्भ किया। श्री वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद रहे।

मानसिक दृढ़ता और संकल्प का भी परीक्षण करती है बॉडी बिल्डिंग : बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। बॉडी बिल्डिंग और पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिताएं हैं जो प्रतिभागियों से कड़ी मेहनत और समर्पण की मांग करती हैं। ये प्रतियोगिताएं न केवल शारीरिक प्रदर्शन का परीक्षण करती हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और संकल्प का भी परीक्षण करती हैं यह बात वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बूढ़ेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित मिस्टर रायपुर 2024 एंड छत्तीसगढ़ स्टेट बॉडी बिल्डिंग एंड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के दौरान कही। बृजमोहन अग्रवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विजेता

बॉडी बिल्डर को मेडल और कैश प्राइज दिया।। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि, भाजपा सरकार खेल और खिलाड़ियों को हमेशा से ही प्रोत्साहित करती रही है आने वाले समय में राज्य में खेल पुरस्कार और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरी देने के प्रयास किए जाएंगे। वे ऑल इण्डिया बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके है। इस चैंपियनशिप में राबिन सिंह को मिस्टर रायपुर, कामेश्वरी को मिस रायपुर और दिव्यांग वर्ग में ए शिवा राव को खिताब मिला। रायगढ़ की आभा कुजूर ने तीन खिताब अपने नाम किए। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक भिलाई के अरविंद सिंह अंतर्राष्ट्रीय जज बॉडी बिल्डिंग के महेंद्र टेका, प्रोटीन विला के दुर्गेश साहू, हेमंत परमाले, निर्मल भारती, शशि साहू, सागर दास, धर्मेंद्र दास रहे।

संपादकीय

एकला चलो रे की नीति पर बसपा सुप्रीमो

आसन्न लोकसभा चुनाव के लिए जहां एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। खासतौर पर भाजपा ने तो चुनावी बिसात पर अपने मोहरे चलना भी शुरू कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता देश भर का दौरा कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों का नया गठबंधन आईएनडीआईए अभी तक न तो अपना नेता तय कर पाया है न ही कोई ठोस नीति बन पाई है। अभी तक आईएनडीआईए में शामिल घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर कोई कारआमद फार्मूला भी नहीं बन पाया है। विभिन्न राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियां अपने अपने प्रदेशों में ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर रही हैं। जिसके चलते सीट शेयरिंग का मामला और ज्यादा उलझता जा रहा है। सबसे बड़ा पेंच देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में फंसा हुआ है। जहां समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 80 सीटों में से कांग्रेस को नाममात्र सीटें देना चाहते हैं। ऐसे में वे एक और हिस्सेदार बनाने के पक्ष में नहीं है। वे गठबंधन में बसपा सुप्रीमो मायावती को शामिल किए जाने का विरोध कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस इस प्रयास में रही है कि मायावती को भी आईएनडीआईए का हिस्सा बनाया जाए। इस मुद्दे को लेकर अखिलेश यादव और मायावती के बीच जुबानी जंग भी हुई है। अब इसपर मायावती ने खुद ही पूर्ण विराम लगा दिया है। अपने जन्मदिन पर उन्होंने घोषणा की है कि बहुजन समाज पार्टी लोकसभा चुनाव में किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी बल्कि अपने बलबूते पर अकेले चुनाव लड़ेगी उन्होंने एक बार फिर अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें धोखेबाज बताया है। मायावती ने एकला चलो रे की नीति पर चलने का निर्णय इसलिए लिया है कि किसी के साथ गठबंधन करने से बसपा को कम लाभ होता है। उन्होंने खुद इस बात का खुलासा करते हुए कहा है कि जब उन्होंने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था तो इसका फायदा कांग्रेस को हुआ था। बसपा को नुकसान उठाना पड़ा था। इसी तरह जब समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया गया था। तब भी समाजवादी पार्टी फायदे में रही थी और बसपा को नुकसान हुआ था। मायावती के अनुसार बसपा के वोट तो गठबंधन में शामिल पार्टी को ट्रांसफर हो जाते हैं लेकिन दूसरी पार्टी के वोट बसपा को नहीं मिल पाते। इसलिए बसपा ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का निर्णय लिया है। मायावती की इस घोषणा से कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है क्योंकि वह मायावती को आईएनडीआईए में शामिल करने के लिए पूरी ताकत लगा रही थी। अखिलेश यादव के विरोध के बावजूद कांग्रेस इस कवायद में लगी हुई थी कि बसपा सुप्रीमो मायावती गठबंधन में शामिल हो जाएं ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में आईएनडीआईए और अधिक मजबूती से भाजपा को कड़ी चुनौती दे सके। मायावती का अपना अलग वोट बैंक है। जिसकी बदौलत वे चार बार उत्तरप्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। यह बात अलग है कि अब बसपा का प्रभाव कम हो रहा है लेकिन अभी भी मायावती की पार्टी सिर्फ उत्तरप्रदेश में ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश और राजस्थान सहित कुछ अन्य राज्यों में भी अपनी पकड़ मजबूत किए हुए हैं। ऐसे में मायावती का गठबंधन में शामिल न होने का निर्णय आईएनडीआईए के लिए किसी बडे झटके से कम नहीं हैं। वहीं मायावती एकला चलो रे की नीति से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को आगामी लोकसभा चुनाव में फायदा मिल सकता है क्योंकि मायावती की पार्टी भाजपा को कम और आईएनडीआईए को ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी।

सात समंदर पार धरती से आसमान तक सिर्फ राम नाम की गूंज

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के इतिहास में शायद ही ऐसा कोई अवसर, दिन या पल आया होगा जिसकी उमंग विश्वास, तैयारीयों का विशाल रण देखने को मिला हो, जिस तरह हम प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 के लिए 15 जनवरी 2024 से शुरू हुए कार्यक्रमों, मंदिरों की सफाई, प्रभु श्रीराम के जयकारों इत्यादि अनेक धार्मिक सामाजिक आध्यात्मिक कार्यों से देखने को मिल रहा है। मेरा मानना है कि दुनियां में 100 प्लस आयु के व्यक्तियों से अगर बात की जाए तो उनका उत्तर यही होगा कि ऐसा हमने पहले कभी नहीं देखा कि किसी एक देश के किसी प्राणप्रतिष्ठा उत्सव का जन सैलाब पूरी दुनियां में उमड़ा हो।अमेरिका इंग्लैंड मॉरीशस कनाडा नेपाल आस्ट्रेलियाफ्रांस सहित अनेकों देश का माहौल राममय हो गया है। वहां के निवासी मूल भारतीय समुदायों का जश्न देखने को मिल रहा है। यूरोप से लेकर अमेरिका तक ऑस्ट्रेलिया से लेकर मॉरीशस आयरलैंड फिजी फ्रांस पेरिस सहित मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया सऊदी अरब देश में भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी।अमेरिका में 21 जनवरी 2024 को रामरथ रैली निकाली जाएगी। अमेरिका में हिंदू समुदाय के लोगों ने अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वाशिंगटन डीसी मे कार रैली का आयोजन किया था।वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड में आयोजित की गई इस कार रैली में बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया था। वहीं पेरिस में भी विशाल आयोजन की तैयारी की जा रही है। चूंकि दुनियां भर में हो रही है प्रभु श्रीराम की गूंज, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्राणप्रतिष्ठा दिवस जैसे जैसे नजदीक आ रहा है दुनियां के सव से अधिक देशों में भजन कीर्तन दीपोत्सव के जश्न का सैलाब उम्र पड़ा है।

साथियों बात अगर हम दुनियां भर में प्रभु श्रीराम की गूंज की करें तो,160 देशों में हो रहे विभिन्न अयोजनों में विश्व हिंदू परिषद ने भी कई देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी जैसे 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया गया है। वहीं, मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। मीडिया के अनुसार दुनियां के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग रहते हैं, वहां विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने की तैयारी है।अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ और श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर अमेरिका तक धूम है।

रामोत्सव को लेकर उत्तर प्रदेश में जो तैयारी शुरू हुई थीं, वो अब धीरे धीरे पूरे देश और विदेशों तक पहुंच रही हैं। इस आयोजन को लेकर पूरी दुनियां में उत्सव का माहौल बन चुका है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे यूरोप से एक हजार लोग एकत्रित होंगे। साथ ही एफिल टावर के पास उत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर भूमि पूजन की तर्ज पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का फैसला लिया गया है। यही नहीं, अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्राण प्रतिष्ठा भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.30 बजे होगी। उस समय पेरिस में सुबह और अमेरिका में देर रात का समय होगा। साथियों बात अगर हम अनेक विकसित देशों में राम मय की गूंज की करें तो, पूरी दुनियां में भगवान राम के करोड़ों भक्त हैं, और इसीलिए अब जब 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा हो रही होगी, तब दुनियां के कई देशों में दीवाली मन रही होगी। लंदन में तो इस दिन कई मंदिरों में भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए रोज इसकी तैयारी की जा रही है। मंदिरों में दीए जलाए जाएंगे। लंदन ही नहीं अमेरिका के न्यूयॉर्क और लॉस एंजिलिस समेत कई शहरों में भी जश्न मनेगा। प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही दुनियाँ भर में हर जगह जश्न मनाया जा रहा है। ब्रिटेन में भी इसके लिए खास इंतजाम किए गए हैं। 80 से अधिक देशों के लोग आपस में विचार साझा कर रहे हैं। देश से बाहर भी बिल्कुल अयोध्या जैसा माहौल होते जा रहा है। इस भव्य आयोजन को लेकर लोग बहुत उत्साहित हैं, और यह हमारे लिए दिवाली जैसा है।

सोमनाथ से अयोध्या तक तुष्टिकरण की राजनीति पर कायम कांग्रेस

आशीष वशिष्ठ

जुलाई, 2009 को राहुल गांधी ने अमेरिकी राजदूत टिमोथी रोमर से कहा था, 'भारत विरोधी मुस्लिम आतंकवादियों और वामपंथी आतंकवादियों से बड़ा खतरा देश के हिन्दू हैं।' राहुल गांधी के बयान मंदिर जाने वाले छेड़खानी करते हैं, को भला कौन भूल सकता है। साल 2018 में तुगलक लेन स्थित अपने निवास पर राहुल गांधी ने लगभग दो घंटे तक मुस्लिमों नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान मुस्लिम नेताओं ने राहुल से आपत्ति दर्ज कराई और कहा कि आप तो सिर्फमंदिर जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने तो मुसलमानों को भुला ही दिया है। मुस्लिम नेताओं की बात सुनकर राहुल गांधी ने कहा कि मैं कर्नाटक में कई मस्जिदों में भी गया हूं। अब मस्जिदों में लगातार जा रहा हूं। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पूरे हिंदू समाज को अखरती है। इससे यह संदेश भी जाता है कि अर्नगल बयानबाजी करने वालों को आलाकमान का समर्थन और मूक सहमति प्राप्त है। वास्तव में, सोमनाथ से अयोध्या तक कांग्रेस का चरित्र बिल्कुल भी बदला नहीं है। आम चुनाव सिर पर हैं। बड़ी सभांवना इस बात की है कि आने वाले दिनों में मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस अपने मूल चरित्र का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन करेगी।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शामिल नहीं होंगी। कांग्रेस भले ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस का इवेंट बताती रहे। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। उस वक्त पंडित नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण उसके एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है।

इतिहास के पन्ने पलटे तो स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने मुहम्मद गजनवी द्वारा तोड़े गए भगवान सोमनाथ के मंदिर को यह कहकर पुनः निर्माण कराया था। सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सरदार स्वर्गवासी हो गए तो कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन कराया। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विरोध के बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ गए।

वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति करते हुए केवल तुष्टिकरण का ही सहारा लिया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किए जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस आफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर था। स्वतंत्रता के बाद से वंदे मातरम राष्ट्रगान है। इसे लेकर कहा जाता है कि जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया था। उन्होंने इसे मुसलमानों के विरोध में बताया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मोहम्मद करीम छागला राज्यसभा में एक प्रस्ताव लाए थे। जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदू शब्द हटाने की बात कही गई थी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मुस्लिम शब्द हटाने की बात नहीं थी। इसके विरोध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बेनियाबाग मैदान में 1965 में सभा की थी। साल 1966 में गौहत्या रोकने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहे निहत्थे संतों पर इंदिरा गांधी सरकार ने गोलियां चलवाई थी। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता।

कांग्रेस सरकार द्वारा 1991 में प्लेस आफ वर्शिप एक्ट लागू किया गया। पूजा स्थल कानून कहता है कि पूजा स्थलों की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 में थी वही रहेगी। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कानून कहता है अयोध्या राम जन्म भूमि मुकदमें के अलावा जो भी मुकदमें हैं वे समाप्त समझे जाएंगे। यह कानून अदालत के जरिये अपने धार्मिक स्थलों और तीर्थों को वापस पाने के अधिकार से वंचित करता है। कानून आक्रांताओं के गैर कानूनी कृत्यों को कानूनी मान्यता देता है। कानून हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों को अपने पूजा स्थलों और तीर्थों का वापस कब्जा पाने से वंचित करता है जबकि मुसलमानों को वक्फ कानून की धारा सात के तहत ऐसा अधिकार मिला हुआ है। वर्ष 1992 में अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, इस कानून ने अल्पसंख्यक लोगों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं को बांट दिया। भारत के अधिकांश मंदिरों पर सरकारों का नियंत्रण है। लेकिन, इसी देश में वक्फएक्ट के तहत वक्फबोर्ड को इतनी असीमित ताकतें दी गई हैं कि वो तमिलनाडु के तिरुचेंथुरई में स्थित एक 1500 साल पुराने मंदिर समेत पूरे गांव पर ही दावा ठोक सकता है। वक्फ बोर्ड के पास भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे बड़ी मात्रा में जमीन है।

नवंबर 2004 में कांग्रेस के सत्ता में आने के कुछ महीनों के अंदर ही दिवाली के मौके पर कांची कोटि पीठ के शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती को हत्या के एक केस में गिरफ्तार करवाया गया। यूपीए सरकार के दौरान मालेगांव ब्लास्ट मामले में उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने की साजिश रची गई थी। समझौता ब्लास्ट केस में पाकिस्तानी आतंकवादी पकड़ा गया था, उसने अपना गुनाह भी कबूल किया था, लेकिन महज 14 दिनों में उसे चुपचाप छोड़ दिया। इसके बाद इस केस में स्वामी असीमानंद को फंसाया गया।

साल 2006 में मनमोहन सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 16 मई, 2016 को तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वकील कपिल सिब्बल ने तीन तलाक और हलाला जैसी घटिया परंपराओं की तुलना भगवान राम के अयोध्या में जन्म से कर डाली। 2016 में उत्तराखंड में तात्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर शुक्रवार मुस्लिमों को 90 मिनट का अतिरिक्त अवकाश देने का निर्णय किया। कांग्रेस सरकार ने ही हज पर जाने वाले मुसलमानों को सब्सिडी देने की शुरुआत की थी। दुनिया में किसी और देश में यह नियम कानून नहीं था। कांग्रेस ने अमरनाथ यात्रा पर टैक्स लगाया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1761 ब्रिटिश सैनिको ने फ्रांस से पांडिचेरी, भारत पर कब्जा कर लिया। 1769 में आज ही के दिन कलकत्ता में पहली बार सुनियोजित घुड़दौड़ का आयोजन किया गया था। 1920 में 16 जनवरी को ही पेरिस में 'लीग ऑफ़ नेशंस' ने अपनी पहली काउंसिल मीटिंग की थी।1943 में 16 जनवरी के दिन ही इंडोनेशिया के अंबोन द्वीप पर अमेरिकी वायुसेना का पहला हवाई हमला हुआ था। 1947 में आज ही के दिन विंसेंट ऑरियल फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए थे।1955 में आज ही के दिन खड्गवासला राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का पुणे में औपचारिक रूप से उद्घाटन हुआ था।1991 में 16 जनवरी को ही अमेरिका का इराक के विरुद्ध 'पहला खाड़ी युद्ध' शुरू हुआ था। 1992 में आज ही के दिन ब्रिटेन और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि हुई थी। 1989 में 16 जनवरी के दिन ही सोवियत संघ ने मंगल ग्रह के लिए 2 वर्ष के मानव अभियान की अपनी योजना की घोषणा की थी। 2000 में आज ही के दिन चीन सरकार ने 2 वर्षीय तिब्बती बालक को सन 'साकार बुद्ध' के पुरावतार के रूप में मान्यता दी थी।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:51, चन्द्रोदय : 10:11, चन्द्रास्त : 22:03,

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : उत्तराभाद्रपद, योग : परिघ, प्रथम करण : बव (15:35 तक),द्वितीय करण : बालव (26:16 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:05 से 12:47, अमृत काल : 22:49 से 24:17, रवियोग : 07:14 से 08:07, विजय मुहूर्त : 14:10 से 14:52, गोधूलि मुहूर्त : 17:36 से 18:03, सायाह्न सन्ध्या : 17:38 से 19:00, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:53, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड : 11:08 से 12:26, होमाहुति : बुध, दिशाशूल : पूर्व, नक्षत्र शूल : दक्षिण (08:07 से 30:10), अग्निवास : पृथ्वी (26:16 तक), चन्द्रवास : पश्चिम (उत्तर 24:37 से), शिववास : कैलाश पर (26:16 से नन्दी पर)

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, नाम पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (से, सो, द, दि) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

QUIZ TIME

1) विश्व का एकमात्र कौन-सा महाद्वीप जिससे कर्क रेखा, मकर रेखा और भूमध्यरेखा गुजरती है?

2) बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के अगले अध्यक्ष के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?

3) भारत में कब पहली बार टीवी पर रंगीन प्रसारण शुरू किया गया था?

4) भारत के सबसे उम्रदराज स्लॉथ भालू का हाल ही में देहांत हो गया, उसका नाम क्या था?

5) 6 जनवरी 1935 में आंबेडकर आंदोलन में किसने सबसे पहले जय भीम का नारा दिया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अफ्रीका (2) प्रमोद अग्रवाल (3) 25 अप्रैल 1982 (4) बबलू (5) बाबू हरदास एलएन (कामठी नागपुर)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आपका आज का दिन बीते कल से काफी बेहतर रहेगा। आज आप नीतिपूर्वक कार्य करना पसंद करेंगे जिससे धन मिले या न मिले सम्मान अवश्य बढेगा।

वृषः आज का दिन भाग्योदय करने वाला रहेगा शरीर भी साथ देने से कार्यो को निष्ठां से करेंगे।

मिथुनः कार्य क्षेत्र की कुछ परेशानियों को छोड़ अन्य सभी कार्यो के लिए आज दिन शुभ रहेगा।

कर्कः कुछ परेशानियों के साथ आज के दिन की शुरुआत होगी। सेहत हल्की सी नरम रहेगी फिर भी कार्य व्यवसाय में जल्दी ही लग जाएंगे।

सिंहः आज दिन के आरम्भ में आपके विचारे सभी कार्य ठीक से सिरे चढ़ेंगे धन लाभ की भी सम्भावना जगेगी परन्तु अकस्मात किसी अतिआवश्यक कार्य के आने से पूर्व नियोजित कार्यो को बीच में छोड़ना पड़ेगा मध्यान तक दिनचार्य अस्त व्यस्त होगी इसके बाद ही पुनः स्थिर हो सकेगी।

कन्याः आज ग्रह स्थिति में परिवर्तन होने से दिन दिन उठा पटक में बीतेगा। बने बनायी योजनाओं में व्यवधान आएंगे।

तुलाः आज दिन भर आपके लिए शुभ योग बने रहेंगे। आपके विचारो में आत्मविश्वास एवं दया रहेगी परोपकार के कार्यो को बिना बोले करेंगे छोटे-बड़ो सबका साथ मिलने से कठिन कार्य भी आसन बनेंगे।

वृश्चिकः आज के दिन का पूर्वार्ध आपको बेचैन कर सकता है।

धनुः आज भी दिन में कई बार लाभ के अवसर मिलेंगे।

मकरः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर दोपहर तक ही स्थिति आपके पक्ष में रहेगी इसके बाद धीरे-धीरे व्यवधान आने से धन की भी आमद रुकेगी निवेश से आज बचे अन्यथा फंस सकता है।

कुंभः आज दिन शुभ फलदायक रहने से मनचाहा कार्य कर सकेंगे।

मीनः आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -305

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 प्रणाम, झुकना 13. भरण पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक304का हल

प	सं	द		सिं	हा	स	न	
ख		म	ज	दू	र		का	म
बा	द	क		र		सं	ब	ल
इ		ल	ज्जा		म	स्का		र
	बा			वि	हा	र		
सु	धा	क	र		न			औ
रं		म		कि	ता	ब		स
ग		अ	र	सा		हु	ज्ज	त
	श	क्ल		न	मि	त		न

न्यूज गैलरी

सड़क हादसे में युवक की मौत

सीपत/नवप्रदेश। सीपत गुड़ी के पास सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे ट्रेलर से कुचल कर जीवन दास (42) मौत हो गई। वह सीपत के ग्राम खांडा का निवासी था। घटना के बाद गुस्साये ग्रामीणों ने मौके चक्काजाम करने की कोशिश की लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से चक्का जाम नहीं हो पाया इस दौरान सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर किसी तरह मामले को शांत किया। खांडा ग्राम का जीवन दास किसी कार्य से गुड़ी आया हुआ था गुड़ी के पास पहुंचते ही पीछे से जिला मुख्यालय की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा ट्रेलर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे असंतुलित होकर जीवन दास नीचे गिर गया। ट्रेलर जीवन को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इस दौरान जीवन की मौके पर मौत हो गई, इसी बीच ट्रेलर चालक सुनसान सड़क का फायदा उठाकर मौके से भाग निकाला। दुर्घटना से गुस्साये ग्रामीणों ने सड़क जाम करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने चक्काजाम का प्रयास नाकाम कर दिया मौत की सूचना पर परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। सीपत थाना प्रभारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

18 से 20 जनवरी तक दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लखनऊ मंडल के लखनऊ चारबाग-बाराबंकी-अयोध्या केंट-शाहगंज-जफराबाद स्टेशनों के मध्य अधोसंरचना विकास का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप गाड़ी संख्या 18205/18206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी। जिसकी जानकारी इस प्रकार है। 18 जनवरी को दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया प्रयागराज-जंघई-वाराणसी-वाराणसी सिटी मार्ग होकर नौतनवा जाएगी। 20 जनवरी को नौतनवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया वाराणसी सिटी-वाराणसी-जंघई-प्रयागराज मार्ग होकर दुर्ग आएगी।

फार्मेसी एक्ट व नर्सिंग होम एक्ट को सख्ती से लागू कराने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेडक्रास में गलत दवा देने से महिला के साथ हुई घटना को आईपीए ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन (आईपीए) छत्तीसगढ़ के राज्य संयोजक फार्मासिस्ट वैभव शास्त्री ने जिले में फार्मेसी एक्ट, ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट, फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन और नर्सिंग होम एक्ट को सखूती से लागू करने कलेक्टर से मुलाकात की। संगठन दवा कानूनों को सख्ती से पालन करवाने लगातार शासन और प्रशासन को अवगत कराते आया है लेकिन सरकारी अस्पतालों में कंपाउंडर, वार्ड बॉय एएनएम से दवा संबंधी कार्य लिया जा रहा है और निजी मेडिकलों में फार्मासिस्ट उपस्थित नहीं रहते यहां किराए पर फार्मेसी डिग्री लेकर लोगों की जान को जोखिम में डाला जा रहा है। खाद्य एवम औषधि प्रशासन का कार्य है ड्रग लाइसेंस जारी करते समय यह सुनिश्चित करे कि मेडिकल में फार्मासिस्ट की नियुक्ति की गई है नहीं और ड्रग लाइसेंस जारी होने के बाद निरीक्षण कर जांच करने का प्रावधान है लेकिन औषधि निरीक्षक निरीक्षण ही नहीं करते।

जेठा समपार 18 से 20 तक रहेगा बंद

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत सक्ती-बाराद्वार स्टेशनों के मध्य किमी. 642/28-643/01 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 324 (जेठा फाटक) को दिनांक 18 जनवरी को रात 10.00 बजे से 19 जनवरी सुबह 10.00 बजे तक, 19 जनवरी को रात 10.00 बजे से 20 जनवरी सुबह 10.00 बजे तक तथा 20 जनवरी को रात 10.00 बजे से 21 जनवरी सुबह 10.00 बजे तक वार्षिक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही पर स्थित समपार संख्या 326 सकरेली फाटक से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

2 लीटर देशी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला आरोपी चढ़ा तोरवा पुलिस के हत्थे चढ़ा। आरोपी के कब्जे से कुल 2 लीटर देशी शराब और बिक्री रकम ×00 रुपए किया गया जप्त आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही अविनाश दुबे पिता राम कुमार दुबे उम्र 45 साल पता दर्रीघाट थाना मस्तूरी जिला पुलिस के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने एवं जिला को नशामुक्त करने के लिए निजात अभियान के तहत् कार्यवाही की गई।

जुआ खेलते तीन जुआरी पकड़ाए

बिलासपुर। जुआ खेलने वाले 3 आरोपी गिरफतार ,790 रूपए किए जप्त पुलिस द्वारा जिले में जुआ पर अंकुश लगाने हेतु एवं धरपकड करने निर्देश प्राप्त हुए, जिसके परिपालन में पुलिस हमराह में तोरवा पुलिस के द्वारा जुआ पर अंकुश लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुराना पावर हाउस चौक के बगल मछली मार्केट के पास से आरोपी राहुल प्रधान पिता स्वर्गीय नरेश प्रधान उम्र 32 साल निवासी पुराना पावर हाउस तोरवा और अशोक निषाद पिता इतवारी निषाद उम्र 45 साल निवासी पुराना पावर हाउस तोरवा, राहुल चतुर्वेदी पिता निर्मल चतुर्वेदी उम्र 20 साल निवासी पुराना पावर हाउस तोरवा को जुआ खेलते पकडा गया जिनके कब्जे से कुल 790 रूपये जप्त किया गया हैं। आरोपियों के विरूद्ध ×(2) जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है।

जादू-टोने का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

बिलासपुर। मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा में जादू-टोना के शक में 70 वर्षीय महिला की पिटाई और लोहे के गर्म सलाखों से जलाने के मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने एफएसएल की टीम से जांच कराई है। साथ गांव के लोगों के बयान भी दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा में रहने वाले अमृतलाल सोनवानी ने जादू टोना के शक में मारपीट की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की रात वे अपने काम पर गए थे। परिवार के सदस्य घर पर थे। इसी दौरान गांव के केजुउ राठौर और उसके परिवार के लोग उनके घर आए। उन्होंने अमृत की मां भूरी बाई को आवाज देकर जगाया। दरवाजा खोलने पर वे उनकी मां पर जादू-टोने का आरोप लगाकर गाली-गलौज की। इसके बाद केजउ और परिवार के सदस्य महिला को लेकर अपने साथ लेकर अपने घर चले गए। अपने घर में उन्होंने भूरी बाई से मारपीट की। साथ ही गर्म सलाखों से जलाया। मारपीट से बेहोश महिला को अपने घर के बाहर झाड़ियों में फेंक दिया। होश में आने पर महिला ने शोर मचाकर इसकी जानकारी गांव के लोगों को दी। इसके बाद स्वजन झुलसी महिला को सिम्स लेकर आए। यहां उपचार के दौरान महिला का न्यायिक अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराया गया। पहले तो महिला ने कुकर फटने से झुलसना बताया। इससे पुलिस उलझ गई। पुलिस ने गांव में एफएसएल की टीम को भेजकर जांच कराया। साथ ही गांव के लोगों के बयान दर्ज कराए गए। इसमें महिला से मारपीट की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामले में टोनही प्रताड़ना और हत्या के प्रयास का जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है।

संभागायुक्त शिखा राजपूत तिवारी ने की शासकीय योजनाओं की समीक्षा

अधिकारी समन्वय से करें काम, योजनाओं में प्रगति लाएं

योजनाओं से मैदानी स्तर पर लोगों के जीवन स्तर में बदलाव परिलक्षित होना चाहिए

बिलासपुर/नवप्रदेश। कमिश्नर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने आज संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने शासकीय योजनाओं और कामों को गंभीरता से लेते हुए उनकी सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि योजनाओं से मैदानी स्तर पर लोगों के जीवन स्तर में बदलाव परिलक्षित होना चाहिए। श्रीमती राजपूत तिवारी ने कहा कि शासन स्तर पर यदि कोई मामला लंबित है तो इसकी जानकारी दें ताकि फॉलो अप कर जल्द स्वीकृत अथवा निराकरण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। श्रीमती राजपूत तिवारी के कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत अफसरों की यह पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने सबसे पहले अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और शासकीय योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली । श्रीमती तिवारी ने कहा शासन की जो प्राथमिकता है वह उनकी भी प्राथमिकता है, और उनका तेजी से अमल होना चाहिए। उन्होंने विभागवार प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। श्रीमती तिवारी ने कहा कि किसानों के ऋण प्रकरण सहकारी बैंक द्वारा त्वरित गति से स्वीकृत किया जाना चाहिए। उन्होंने बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट में चल रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग केईई ने बताया कि 1350 मीटर बाउंड्री वॉल खड़े करना है, जिसमें से 1000 मीटर का काल पूर्ण हो चुका है। संयुक्त संचालक शिक्षा ने बताया कि पदोन्नति उपरांत जारी संशोधित आदेश के तहत सभी शिक्षक ज्वाइन कर लिए हैं। कमिश्नर ने बैठक में धान खरीदी की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अब कुछ ही दिन धान खरीदी के लिए रह गए हैं, ऐसी स्थिति में गैर किसान लोग भी अपना धान खपाने का प्रयास करेंगे। इन पर कड़ी निगरानी रखा जाए ताकि गैर लोग धान बेच ना सके। इस प्रक्रिया में वास्तविक किसानों को कोई दिक्कत भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी योजना सतत रूप से क्रियाशील रहना चाहिए अधिकारी गण टीम भावना के साथ योजनाओं को संचालित करें। बैठक में डिप्टी कमिश्नर श्री अभिषेक साहू, श्रीमती अर्चना मिश्र सहित सभी विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

गोचर भूमि अपने नाम कराकर धान की बिक्री, कलेक्टर से शिकायत

बिलासपुर। जिले के तखतपुर विकास खण्ड के ग्राम बेलपान के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि को बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय भूमि को निजी स्वामित्व की भूमि के रूप में दर्ज कराकर अनुचित तरीके से ऋण पुस्तिका बनवाकर सोसायटी में धान ब्रिकी करने की शिकायत कलेक्टर से की है और शासकीय भूमि की दुरूस्ती की मांग की है। तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलपान के ग्रामवासियों की शिकायात है कि प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. बेलपान, तहसील तखतपुर जिला विलासपुर छ.ग. में शासकीय भूमि खसरा नं. ×94/1 रकबा .15× हेक्टेयर तथा खसरा नं. 85/1 रकबा 0.8×0 हेक्टेयर भूमि स्थित है। उस भूमि का मूल खसरा नं. ×94 रकबा 27.56 एकड़ एवं 859 रकबा 4.×0 एकड़ अधिकार अभिलेख में शासकीय

भूमि गौचर मद में दर्ज है। उक्त शासकीय गौचर भूमि कोममता त्रिपाठी पिता कौशल प्रसाद व विमला त्रिपाठी पति स्व कौशल प्रसाद के द्वारा वर्तमान राजस्व अभिलेखों में अपने नाम पर दर्ज कराकर ऋण पुस्तिका बनवाक सहकारी समिति में अन्य की धान की खरीद कर धान धान की बिक्री कर अवैध लाभ अर्जित किया जा रहा है । ग्रामीणों ने मामले की जाँच कर आपराधिक मामला दर्ज किए जाने और राजस्व अभिलेख को अधिकार अभिलेख के अनुसार रिकार्ड दुरुस्त करने की मांग की है।

आरक्षक को 2008 से दी जाए पदोन्नति, हाईकोर्ट का आदेश

बिलासपुर। प्रधान आरक्षक की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने डीजीपी को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता को वर्ष 2008 से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति देने का आदेश जारी किया है।

दुर्ग निवासी नरेश कुमार ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय एवं दुर्गा मेहर के माध्यम से हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की। इसमें कहा है कि उसकी नियुक्ति वर्ष 2007 में 13 बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल बांगो जिला कोरबा में हुई थी। नरेश कुमार वर्ष 2007-2008 में सातवीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, भिलाई में बुनियादी प्रशिक्षण में शामिल हुआ एवं प्रशिक्षण परीक्षा में टाप करने पर उसे आल राउंड बेस्ट कैंडीडेट घोषित किया गया। याचिका के अनुसार नियम 58 के तहत उसे वर्ष 2008 में प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति नहीं दी गई।

अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय कोर्ट के समक्ष तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ विशेष सशस्त्र बल नियम 1973 के नियम 58 में यह प्रविधान है कि यदि कोई नव आरक्षक (कांस्टेबल) बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान उक्त परीक्षा में टाप कर आल राउंड बेस्ट कैडेट घोषित होता है तो उसे तत्काल प्रधान आरक्षक के पद पर प्रमोशन प्रदान किया जाएगा, परन्तु पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा उसे प्रधान

आरक्षक के पद पर प्रमोशन प्रदान नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट के समक्ष पूर्व में आरक्षक पदुम कुमार पाटनवार, सुमीत कुमार अग्निहोत्री, मुकेश पांडेय, राकेश शर्मा, चन्द्रभूषण वर्मा जो पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे एवं बुनियादी प्रशिक्षण में आल राउंड बेस्ट कैडेट घोषित किये जाने पर उन्हें प्रधान आरक्षक के पद पर प्रमोशन प्रदान किया गया। याचिकाकर्ता ने अपनी रिट याचिका में आरक्षकों की सूची भी पेश की है। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की सिंगल बेंच में हुई। जस्टिस चंदेल ने रिट याचिका को स्वीकार कर पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है।

रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिन बैंक रहेंगे बंद

बिलासपुर। कई राज्यों के अवकाश कैलेंडर के अनुसार, उत्तरायण पुण्यकाल/मकर संक्रांति महोत्सव/माघे संक्रांति/ पोंगल/ माघ बिहू के उपलक्ष्या में आज यानी 15 जनवरी को कर्नाटक, उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, सिक्कि म और असम में बैंक बंद हैं। वहीं 16 जनवरी यानी मंगलवार को तमिलनाडु में तिरुवल्लुवर दिवस के उपलक्ष्य मेंबैंक बंद रहेंगे। 17 जनवरी बुधवार को चंडीगढ़ में बैंक हॉलीडे है। तमिलनाडु में इस दिन उझावर थिरुनल के उपलक्ष्य में बैंकों में कामकाज नहीं होंगे। आज कर्नाटक, उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, सिक्किम व असम में बैंक बंद हैं। 22 को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के यूपी में बैंक बंद रहेंगे। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

भगवान राम-जानकी वाटिका के नाम से जाना जाएगा कोनी का उद्यान

बिलासपुर. देशभर में लोग भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन यानी कि 22 जनवरी को लेकर अलग-अलग तरह से तैयारियों में जुट गए हैं। कोई घरों में हवन की तैयारी कर रहा है तो कई मंदिरों में साज-सज्जा की जा रही है। इसके अलावा कई घरों भी तैयारी जोरों से चल रही है। ताकि इस दिन को दिवाली जैसा मनाते हुए यादगार बनाया जा सके।

उद्यान के भीतर एक छोटा कमरा जैसा बना हुआ है। इसके बाहर भगवान राम के बचपन के चित्र के माध्यम से दर्शाया गया है। अरपा अर्पण महाअभियान के सदस्य हरीश पटेल ने बताया कि खास तौर पर यह चित्र 22 जनवरी की तैयारी को लेकर बनवाया गया है। साथ ही दूसरी ओर लक्ष्मण के मूर्छित होने का भी चित्रण किया गया है। इसके अलावा जब भगवान राम समुद्र पार करने के लिए पत्थर पानी में डालते हैं। उस समय गिलहरी से

लेकर वन्य जीव और वानर सेना समुद्रम भी समुद्र में पत्थर डालने में सहयोग करते हुए चित्रों को मनमोहक तरह से उकेरा गया है।

वहीं इस खास मौके पर कोनी में अरपा अर्पण महाअभियान से जुड़े लोगों ने पेड़ों का संरक्षण कर एक उद्यान तैयार किया है, जिसका नाम राम-जानकी वाटिका रखा है। 22 जनवरी के यह वाटिका भगवान राम को समर्पित किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा 22 जनवरी को हवन-पूजन कराया जाएगा।

अतिथियों को भी निमंत्रण दिया जा रहा है। वहीं आसपास के लोगों को भी इस कार्यक्रम की सूचना दी जा रही है। अरपा अर्पण महाअभियान के सदस्य श्याम दुबे ने बताया कि इस वाटिका में खास बात यह है कि यहां तरह-तरह के औषधि पौधों के साथ फल और छायादार पौधे लगाए गए हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिल सके। साथ ही बताया कि लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए और अधिक से अधिक लोग पेड़ों का संरक्षण करें, क्योंकि अधिकतर जगहों पर पेड़ काटे जा रहे हैं। इसके चलते वातावरण भी दूषित अधिक हो रहा है।

शिक्षा के विकास में पं. द्वारिका प्रसाद दुबे का अहम योगदान : डॉ. दुबे

बिलासपुर/नवप्रदेश। सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिवार ने गरिमामय समारोह का आयोजन कर महाविद्यालय के संस्थापक स्व.पं. द्वारिका प्रसाद दुबे की स्मृति में उल्लासपूर्वक 'संस्थापक दिवस' मनाया। इस अवसर पर समाज सेवी स्व. पं. द्वारिका प्रसाद दुबे जी के व्यक्तित्व और कृतित्व के विभिन्न पहलुओं का उल्लेख अपने व्यकतव्यों में करते हुये उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस अंचल को दिये गये उनके योगदान का विशेष रूप से स्मरण किया। सी.एम. दुबे महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष माननीय डॉ. संजय दुबे जी इस अवसर पर दिये गये अपने व्यक्तव्य में कहा कि सन् 1956 में जब स्व. पं. द्वारिका प्रसाद दुबे जी ने सी.एम. दुबे महाविद्यालय की स्थापना की थी उस समय इस अंचल में उच्च शिक्षा की सुविधाओं का नितांत अभाव था। उन्होने इस अभाव की पूर्ति कर उच्च शिक्षा संबंधी सुविधाओं के विकास में स्वत्य योगदान दिया था। हम उनके द्वारा किये गये समाज सेवा संबंधी विविध कार्यो जैसे- अस्पताल, धर्मशाला और शिक्षा संस्थान की स्थापना से प्रेरणा लेकर निरंतर उनके सपनों को साकार करने का प्रयास तत्परता से करते रहते है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुये मैं स्वयं इस परंपरा से प्रेरणा और शक्ति प्राप्त करता रहता हूं।

मौसम न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज, बादलों के आने से ठंड में कमी

उत्तरी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज, बढ़ेगी ठंड

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्तर की ओर आने वाली ठंडी एवं शुष्क हवाओं मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल दिया है। जिसके कारण न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज हुई है।

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तापमान में गिरावट की सम्भावना होने के साथ ही, अंबिकापुर जिला सबसे ठंडा हो सकता है। रायपुर में न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री होगा और अधिकतम 30 डिग्री तक पहुंच सकता है। अम्बिकापुर में भी ठंडक बढने की संभावना है, जहाँ न्यूनतम तापमान 05.8 डिग्री है और अधिकतम 27 डिग्री तक हो सकता है। जगदलपुर में भी रातों में कोहरा और धुंध बढ़ने की संभावना है, जब न्यूनतम

तापमान 14.1 डिग्री होगा और अधिकतम 31 डिग्री तक पहुंच सकता है। बिलासपुर और दुर्ग में भी ठंडी सुबह की आशंका है, जहाँ न्यूनतम और अधिकतम तापमान 14.0-29 डिग्री और 14.2-30 डिग्री के बीच हो सकते हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह ठंडक मौसम और एक दो दिनों के लिए रहेगा, जिससे लोगों को रातों में अधिक ठंडक का एहसास होगा।

तापमान में आज परिवर्तन नहीं

मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक प्रदेश में 15 जनवरी को, उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन लगातार जारी रहने की संभावना है। किन्तु पश्चिमी विक्षोभ के कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

बादलों के आने से ठंड में कमी

मौसम विशेषज्ञ सिराज खान की मानें तो अभी एक-दो दिन ठंड का असर बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से इसके बाद बादलों का निरंतर आगमन शुरू होगा। इसकी वजह से ठंड में कमी आएगी। रात और दिन का तापमान बढ़ेगा। हालांकि वर्षा की संभावना नहीं है। तब तक मौसम में उतार चढ़ाव बना रहेगा।

न्यूज गैलरी

एनएमडीसी सीएमडी से मिले विधायक चैतराम

बचेली/नवप्रदेश। सोमवार को एनएमडीसी सीएमडी अमिताभ मुखर्जी के बचेली परियोजना आगमन पर विभिन्न मुद्दों को लेकर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने एनएमडीसी कार्यालय में मुलाकात की। विधायक चैतराम ने स्थानीय समस्याओं से सीएमडी को अवगत कराया। विधायक अटामी ने अपोलो अस्पताल में सीटी स्केन मशीन उपलब्ध कराने, डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराने, कार्डियोलाजिस्ट (हार्ट से संबंधित) डाक्टर,न्यूरोलॉजिस्ट डाक्टर (मस्तिष्क से संबंधित) डाक्टरों की मांग की। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी। ओपीडी पर्ची जो की वर्तमान में 65 रुपए है उसे 10 रुपए करने पर सहमति बनी। एनएमडीसी की भर्ती स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने व अन्य कई मुद्दों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने क्षेत्र के विकास के लिए एनएमडीसी द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन विधायक चैतराम अटामी को दिया। इस अवसर पर एनएमडीसी के अधिशासी निदेशक वेंकाटेसरल्लू, कार्मिक विभाग प्रमुख धर्मेंद्र आचार्य, अपोलो अस्पताल सीएमए एम डी हक, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी, अमलेन्दु चक्रवर्ती, नीलेश पटले, विक्रम अग्रवाल, मोहन ठाकुर व अन्य लोग उपस्थित थे।

विधायक ने सड़क निर्माण में तेजी लाने अधिकारियों को दिए निर्देश

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के मुख्यमार्ग की खराब हालत से अब लोगों को जल्द से जल्द निजात दिलाने नए विधायक चैतराम अटामी ने कमर कस ली है। बीते दिन चैतराम अटामी ने सड़क निर्माण में गति लाने संबंधित विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार से मिले व सड़क निर्माण में तेजी लाने निर्देश दिए। ठेकेदार को सुरक्षित स्थान के लिए ग्राम कुंदेली में जल्द डामर प्लांट की शुरुआत करने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए ताकि ठेकदार निडर होकर सड़क निर्माण कार्य कर सके,इसके साथ ही बचेली पुराना मार्किट में जर्जर पुलिए को अतिशीघ्र नया बनाने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई विधायक ने कहा कि ये सरकार पिछले सरकार से अलग है हमारा एकमात्र उद्देश्य आम जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना जिसमे अच्छा स्वास्थ्य,सड़क,पानी,बिजली,बेहतर शिक्षा प्राथमिक कार्य है इसमें कोई कोताही बरती नहीं जायेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी,कार्यकर्ता अमलेंदु चक्रवर्ती, निलेश पाटले व भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

रामायण में बताए आदर्शों को आत्मसात करें : मटियारा

कांकेर/नवप्रदेश। रविवार 14 जनवरी को ग्राम पंचायत पोटगांव में तीन दिवसीय रामायण के समापन अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य भरत मटियारा शामिल हुए। तीन दिवसीय रामायण समापन पर भरत मटियारा ने उपस्थित जनों से कहा की सभी ग्राम वासियों को रामायण में बताए गए वचनों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। मकर संक्रांति पर्व की सबको शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि 22 तारीख को अयोध्या में राम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम रखा गया है और हम सबको दीपावली अपने-अपने घरों में रहकर मनाना है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर हम सभी को कम से कम पांच दीया जलाकर एवं आतिशबाजी कर कर सभी मंदिरों में सजावट करना और भगवान जी का आरती प्रसाद वितरण करते इस दिन को भव्य बनाने कहा गया है।

देवमेला, छेरछेरा, माता पहुंचानी के लिए बैठक हुई

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। शीतला माता मंदिर में मेला के विषय में बैठक रखी गई थी। इस बैठक में शीतल समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मेले से पहले माता के जुड़वास पहुंचानी मनाया जाएगा। जिसका दिन गुरुवार 18 जनवरी को रखा गया है और इस बैठक में आने वाले त्योहार छेरछेरा पुन्नी 25 जनवरी को मनाई जाएगी। इसके बाद चारामा.के देव मेला 28 जनवरी दिन रविवार को होगा। इस बैठक में शीतला मंदिर समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

वन टाइम पासवर्ड उपभोक्ताओं के लिए बना सिर दर्द

- **एलपीजी उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानियां**
- **कोड के बिना नहीं होगी सिलेंडर की डिलीवरी**

गौरेला/ पेंड्रा/ मरवाही/नवप्रदेश। एलपीजी गैस सिलेंडर लेना अब उपभोक्ताओं के लिए आसान नहीं होगा। बगैर पंजीकृत फोन के अब गैस डिलीवरी नहीं हो सकेगी। दरअसल केंद्र सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर के होम डिलीवरी के लिए नए नियम लागू किए हैं। नए नियमों के तहत, एलपीजी सिलेंडर बुक करने वाले उपभोक्ताओं को अब होम डिलीवरी के लिए वन टाइम पासवर्ड्स मिलेगा। इस ओटीपी को बताने के बाद ही उपभोक्ता को गैस की डिलीवरी दी जाएगी।

8 जनवरी से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सिस्टम में एक बड़ा बदलाव हुआ है। नए नियमों के तहत, एलपीजी सिलेंडर बुक करने वाले उपभोक्ताओं को अब होम डिलीवरी के लिए वन टाइम पासवर्ड (ओ टी पी) की जरूरत होती है। बिना डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) के ग्राहकों को सिलेंडर नहीं डिलीवर किए जाएंगे। नए नियम से गैस उपभोक्ताओं के सामने गैस डिलीवरी प्राप्त करने की

एक बड़ी दिक्कत होगी। उपभोक्ता चाहे वह सरकारी कर्मचारी हो व्यापारी हो या किसी अन्य व्यवसाय से जुड़ा व्यक्ति घर पर हमेशा नहीं रहता। बगैर ओटीपी के गैस डिलीवरी नहीं होगी जो कामकाजी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी का परेशानी का कारण होगी। एलपीजी सिलेंडर की चोरी को रोकने के लिए जब तक उपभोक्ता के पंजीकृत उपभोक्ता नंबर पर डिलीवरी व्यक्ति को एक कोड नहीं मिलेगा उपभोक्ता को सिलेंडर नहीं दिया जाएगा।

पायल गैस एजेंसी की लचर व्यवस्था उपभोक्ता परेशान: पेंड्रा की पायल गैस एजेंसी की होम डिलीवरी व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। होम डिलीवरी सुविधा पूरी तरह से बंद है। ज्यादातर उपभोक्ता होम डिलीवरी नहीं होने के कारण आधारशिला कॉलोनी स्थित इंडियन पायल गैस एजेंसी पेंड्रा में गैस लेने के लिए जाते हैं तथा वहां पर काउंटर पर डिलीवरी पर्ची दिए जाने के बाद गैस सिलेंडर की डिलीवरी के लिए केशव गार्डन के सामने सड़क के किनारे उपभोक्ताओं को गैस डिलीवरी की जाती है। इससे उपभोक्ताओं को न सिर्फ परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन गौरेला पेंड्रा मरवाही से मांग की है कि गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कराई जाए। पायल गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं के लिए सड़क के किनारे गैस डिलीवर करने वाले कर्मचारी से जब यह पूछा गया कि होम डिलीवरी क्यों नहीं की जा रही है तो उसमें जानकारी दी कि कई दिनों से डिलीवरी वाहन के ड्राइवर नहीं आ रहे हैं इसलिए होम डिलीवरी बंद है। गैस एजेंसी के पास ही गैस का सिलेंडर की डिलीवरी क्यों नहीं करते पूछने पर कहा कि कॉलोनी के लोग आपत्ति करते हैं इसलिए यहां पर गैस डिलीवरी नहीं की जाती परंतु इस अव्यवस्था से गैस उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान संघ ने 17 सूत्रीय मांगों का तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

भोपालपटनम/नवप्रदेश। किसानों ने 17 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकाली उसके बाद राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। यह रैली फारेस्ट नाका से निकलकर पेट्रोल पंप से होते हुए तहसील आफिस पहुंची। जहां राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली का समापन नगर पंचायत स्थित स्टेडियम में हुआ। किसान संघ के समर्थन में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे।

ब्लाक में किसान संघ के अध्यक्ष मरपल्ली किष्टैया के नेतृत्व में 35 ग्राम पंचायत के किसानों ने रैली निकाली। उनकी 17 सूत्रीय मांगों में किसानों को धान का समर्थन मूल्य 5000/- रूपए एवं धान का बोनस 500/- दिए जाने, किसानों का पूरा धान बिना टोकन के क्रय किए जाने, किसानों के समस्त उत्पादों को जितना विक्रय करना चाहते हैं, उतना समर्थन मूल्य पर क्रय किया जाय, धान खरीदी केंद्र में तौल के नाम पर पैसा वसूलना बंद हो, धान विक्रय हेतु नये बारदाने उपलब्ध कराते हुए, किसानों से पुराने बारदाने लेना बंद किया जाए, सभी प्रकार के अनाज, दलहन, तिलहन, फसलों को लागत राशि से दुगना समर्थन मूल्य पर क्रय हेतु गारंटी कानून बनाया जाय, सूखे व अतिवृष्टि से खराब हुए फसलों का उचित मुआवजा प्रदान कर सभी किसानों का समस्त बैंकों का कर्ज माफ किया जाय, किसानों को नक्सलियों के नाम पर गिरफ्तार कर मारपीट करते हुए प्रताड़ित कर जेल भेजना बंद किए जाए, अंग्रेजी शराब दुकानों को बंद किया जाय, मवेशियों का मुफ्त में इलाज कराने प्रत्येक तीन पंचायतों के सीमा क्षेत्र में एक पशु चिकित्सालय खोला जाय, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाय, ग्रामों में उपलब्ध समस्त जल स्रोतों का परीक्षण कराकर नल जल के माध्यम से फिल्टर युक्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए, सभी गांवों में सर्वसुविधायुक्त प्राथमिक शालाएं खोला जाय, आदिवासी समुदाय को पृथक धर्म कोड देते हुए आदिवासियों को 32 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए, आदिवासी समुदाय के लोग प्रकृति के पुजारी हैं, हिन्दू एवं ईसाई धर्म को मानने वाले को आदिवासी न माना जाए, इन्द्रवती नदी में तिमेड़, भद्रकाली और गोदावरी नदी में तारलागुड़ा एवं चन्दूर रेत खदानों को टेंडर के माध्यम से ठेकेदारों को देना बंद किया जाए और जल, जंगल और जमीन हमारा है,धनगोल एवं कुचनूर में कोरंडम खदान को बंद किया जाना आदि शामिल हैं।

लोस चुनाव को लेकर हुई बैठक

- **नशा, जुआ और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करें**

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। चारामा पुलिस के द्वारा दिव्यांग पटेल पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर मोहसिन खान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कांकेर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता के द्वारा विकासखंड के सभी कोटवारों शीतला मंदिर के पुजारी ग्राम के गायता की बैठक थाना परिसर में रविवार को ली। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत में अपराधों पर लगाम लगाने बीते विधानसभा में कोटवारों और ग्रामीणों का पूर्ण रूप से पुलिस विभाग को सहयोग प्रदान किए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भी सहयोग प्रदान करने, साइबर क्राइम के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता लाने को लेकर आयोजित की गई थी। थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता ने उपस्थित सभी कोटवारों को उनके द्वारा विधानसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के लिए फिर से तैयारी करते हुए चुनाव को संपन्न कराने की बात कही।

कलेक्टर ने तालाबों का किया निरीक्षण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शनिवार को नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। जिसके तहत उन्होंने सर्वप्रथम नवीन बस स्टैण्ड का अवलोकन किया। जिसमें सफाई एवं व्यवस्थाओं का अभाव देखते हुए उन्होंने नाराजगी जताई और पूरे बस

स्टैण्ड परिसर में सफाई कराकर निर्मित दुकानों को आबंटन प्रक्रिया के माध्यम से आबंटित करने और बस स्टैण्ड के लॉज को भी आबंटित कराकर संचालन प्रारम्भ करवाने को कहा। इसके अतिरिक्त नियमित पानी की व्यवस्था, सफाई हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए भी निर्देशित किया।

नगर के मध्य स्थित बांधा के चारों ओर भ्रमण करते हुए सफाई की लचर व्यवस्था और हर तरफ अनचाहे पौधों के उगे होने पर रोष व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द बांधा तालाब के चारों ओर के परिपथ की सफाई कराने के साथ झाड़ियों को साफ कर प्लांटेशन कराने और परिपथ में टूटे मार्गों एवं लाइटों का त्वरित रूप से मरम्मत करा कर परिपथ के पीछे के गेट को लगाने को कहा। उन्होंने बांधा तलाब के भीतर बनी चौपाटी की दुकानों को आबंटित कर उसे प्रारम्भ कराने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने राम मंदिर तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु किये जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए वहां पौधारोपण के साथ लाइटों की व्यवस्था, लैंडस्केपिंग को अच्छी तरह कराने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों की सालों पुरानी मांग नहीं हुई पूरी

- **ग्रामीण कलेक्टर से मिलकर करेंगे सड़क की मांग**

कांकेर/कोरर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरनपुरी,पंडीपारा से मुख्य मार्ग (कोरर-चारामा मार्ग) तक लगभग तीन किलोमीटर कच्ची मार्ग को पक्की सड़क बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही है लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हुई है । ग्रामीणों ने बताया कि अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों की सभी सड़कें पक्की बन गई लेकिन हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के इस कच्ची मार्ग को पक्की सड़क बनाने हेतु अनेक बार आवेदन दे चुके हैं पर अभी तक इस मार्ग को पक्की सड़क नहीं बनाया गया ,हम समस्त ग्रामीण जन शासन प्रशासन से पुनः मांग करते कि इस मार्ग को शीघ्र पक्की सड़क बनाए ताकि इस क्षेत्र के पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं व किसानों,आम जनों को सुविधा मुहैया हो सके, क्योंकि बारिश के दिनों में यह मार्ग कीचड़ से भरा रहता है, पैदल

चलना भी मुश्किल रहता है । मांग करने वालों में रुखमणी गोटा सरपंच,मयाराम जैन उपसरपंच,पंचगण में गोविंद हिडको, आनंदहिडको, पंचूराम, गुहाराम, श्रीमती मनभा पोया, खिलेश्वरी टेमरिया,उमा पोया, दुलारी बाई गोटी,मकतुला यादव,मीरा बाई उयके, आदि ने ग्राम हरनपुरी-पंडीपारा से मुख्य मार्ग तक तीन किलोमीटर शीघ्र पक्की सड़क बनाने की मांग हेतु आवेदन देने के लिए समस्त ग्रामीण कलेक्टर कांकेर के पास जाने की बात कही ।

शिक्षा को रुचिकर बनाकर अध्ययन से लोगों को जोड़े : भुवन

- **जिला स्तरीय शाला विकास और प्रबंध समिति प्रशिक्षण आयोजित**

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार और जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय एक दिवसीय शाला विकास एवम प्रबंध समिति प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मिशन संचालक दिनेश नाग ने बताया कि विद्यालयों में शाला विकास एवम प्रबंध समिति के गठन के लिए दिशा निर्देशों, समिति के पुनर्गठन, समिति के क्रियाकलापों, जन समुदाय को जोड़ने संबंधी जानकारी देने के लिए विकास खंड स्तर के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गाया। जिला मिशन समन्वयक कार्यालय के मीटिंग हॉल में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ विभिन्न आवश्यक मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा के साथ शुभारंभ हुआ। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अखिलेशकर शर्मा व्याख्याता

उमावि सिंगारभाट और पवन कुमार सेन व्याख्याता पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा उमावि गोविंदपुर के द्वारा सभी विकासखंडों से चयनित दो-दो कुशल मास्टर ट्रेनर्स (बीआरजी) को एसएमसी शेडयूल अनुसार एसएमसी गठन, क्रियान्वयन एवं प्रत्येक विषय वस्तु को गतिविधि के माध्यम से चर्चा-परिचर्चा करते हुए प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष सारी बिंदुओं को विस्तार से सभी को बताया। मास्टर ट्रेनर अखिलेशकर शर्मा ने प्रशिक्षण में जन समुदाय को शालाओं से जोड़ने, शाला त्यागी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन, माताओं को जोड़कर गतिविधियों ने शामिल कराना, सारी गतिविधियों का प्रदर्शन करवाते हुए एसएमसी से संबंधित सारी बिंदुओं में अच्छी समझ विकसित करने की जानकारी दी।

मास्टर ट्रेनर पवन कुमार सेन ने श्रेष्ठ पालकत्व पर बात रखते हुए माता पिता के अच्छे व्यवहार, आचार विचार और श्रेष्ठ वातावरण देने संबंधी बिंदुओं को समझाया। उनके द्वारा बालिकाओं को घर के कामों से दूर रख पढ़ाई करवाने, घर में उपस्थित व्यवधान जैसे टीवी, अनापेक्षित आगंतुक, अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण निर्माण, बड़े बुजुर्गों को नौनिहालों से जोड़कर अच्छे संस्कार देने बिंदुओं पर चर्चा की। डीएमसी कार्यालय के मीटिंग हाल में आयोजित जिला स्तरीय एसएमसी प्रशिक्षण में जिला मिशन संचालक दिनेश नाग द्वारा शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण को अपने संकुलों में सुव्यवस्थित संपन्न करवाने हेतु निर्देशित किया।

एसएमसी प्रशिक्षण को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु कहा गया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बताई गई सारी बिंदुओं को संकुल स्तरीय प्रशिक्षण में बताते हुए सारे विद्यालयों में एसएमसी का अनिवार्यतः गठन कर बेहतर क्रियान्वयन करने हेतु प्रेरित किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मनकुंवारी से मोदी ने पूछा...

को बखूबी बयां किया।

पीएम ने पूछा-कोई नई रेसिपी सीखी : प्रधानमंत्री ने मनकुंवारी से पूछा कि कोई नई रेसिपी सीखी या नहीं आपने? जिसके जवाब में मनकुंवारी ने बताया कि अब धुस्का, भजिया जैसी चीजें आसानी से बना लेती हूं। मनकुंवारी ने बताया कि हम पहाड़ी कोरवा हैं। हम पहाड़ों में रहने वाले हैं। पीने का पानी हम सबके लिए एक बड़ी चुनौती थी लेकिन आज सरकार ने घर तक पीने का साफ पानी पहुंचा दिया है। मनकुंवारी ने इन योजनाओं के लिए पीएम को धन्यवाद दिया जिसे स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि-आपके धन्यवाद के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने न केवल इन योजनाओं का लाभ लिया बल्कि दूसरे हितग्राहियों को भी योजनाओं का लाभ दिलाया।

शेयर बाजार में बंपर ...

विप्रो और ओएनजीसी के शेयर टॉप गेनर्स के रूप में कारोबार करते दिखे। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 847 अंकों की बढ़त के साथ 72,568 के स्तर पर बंद हुआ था।

मायावती एकला...

रहा है, हम उसका स्वागत करते हैं। आगे चलकर अगर बाबरी मस्जिद को लेकर ऐसा कोई कार्यक्रम होता है, तो उसका भी हम स्वागत करेंगे। हमारी पार्टी धर्मनिरपेक्ष है, हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं।' उन्होंने कहा- 'पिछले महीने मैंने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इसके बाद मीडिया में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि मैं जल्द ही राजनीति से संन्यास लेने वाली हूं। लेकिन मैं बताना चाहूंगी कि इन अटकलों में रत्तीभर भी सच्चाई नहीं है।'

सचिन डीपफेक के ...

आते हैं कि उनकी बेटी सारा इस गेम से रोजाना बड़ी मात्रा में पैसा निकालती हैं। वे लोगों को बताते हैं कि मुझे आश्चर्य होता है कि अब अच्छा पैसा कमाना कितना आसान हो गया है।

एसडीएम चारामा ने बीएलओ के कार्यों की समीक्षा

- **लोकसभा चुनाव के पहले कोई भी पात्र मतदाता का नाम ना छूटे**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर सभी तहसीलों में बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा राकेश कुमार गोलछा के द्वारा चारामा तहसील के सभी 105 मतदान केंद्रों के बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक जनपद सभाकक्ष में ली। गौरतलब है कि इस माह 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसमें 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता का नाम जोड़ा जाना है।इसके साथ ही मृत मतदाताओं के विलोपन नौकरीपेशा व्यक्ति या विवाहित महिला की शिफ्टिंग जा कार्य किया जाना है। इस अभियान में अभी तक की प्रगति की केंद्रवार समीक्षा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चारामा के द्वारा की गई और अधिक प्रगति लाने के बारे में बीएलओ को निर्देशित किया गया। आने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व किसी भी पात्र मतदाता का का नाम ना छूटे इसके लिए सतत प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। 22 जनवरी तक मतदाता संबंधित बीएलओ से संपर्क करके अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। बैठक में चारामा के प्रभारी तहसीलदार कृष्णा पाटले अतिरिक्त तहसीलदार सुश्री हर्षलता वर्मा,नायब तहसीलदार प्रवीण नेताम मास्टर ट्रेनर केजू राम सिन्हा तथा मोहन जायसवाल उपस्थित थे।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति पखांजुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

क्र./मंडी/निर्माण/नि.आमं./2023-24/ पखांजुर दिनांक ....

:: मैन्युअल तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ::

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति-पखांजुर, जिला-3040 कांकेर (छ.ग.) में निम्न दर्शित कार्यों के लिये कार्यों के सम्मुख दर्शित राशि लागत/पंजीयन श्रेणी (छ.ग शासन के एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अतर्गत) में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएँ प्रपत्र अ (प्रतिशत दर) में लोनिवि भवन कार्य दिनांक 01.01.2015 / विद्युत कार्य दिनाक 01.07 2015 एवं इस निविदा जारी दिनाक तक संशोधित एस.ओ. आर अनुसार कार्यालय, कृषि उपज मण्डी समिति-पखांजुर, जिला उ.ब. कांकेर में दिनांक 27.012024 तक (कार्यालयीन समय में) केवल पंजीकृत डाक से आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र जारी की अतिम तिथि दिनांक 24.01.2024 2. निविदा प्रपत्र खोले जाने की निर्धारित तिथि दिनाक 29.01.2024 (अपरान्ह 3.00 बजे)

क्र.	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत एसओआर पर (रू. लाख में)	ब्याने की राशि रू. (FDR में)	कार्यावधि (वर्षा ऋतु सहित)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	मुख्य मंडी प्रांगण पखांजुर- स्टॉफ क्वाटर-02 नग (भू-तल एवं प्रथम तल) निर्माण कार्य।	39.80	30000.00	09 माह	1000/-	डी एवं उच्च श्रेणी

(1) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये वैध पंजीयन, जीएसटी पंजीयन / क्लियरेंस सहित, पेन कार्ड, वांछित बैंक साल्वेसी (अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत की न्यूनतम मूल्य का) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने की अनिवार्यता उपरान्त ही निविदा प्रपत्र दिनांक 24012024 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नही होगा। निर्धारित बयाने की राशि एफ.डी.आर. के रूप में जो कि सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति पखांजुर के नाम देय होगा, ही स्वीकार किये जा सकेंगे। (2) उपरोक्त शर्तों के अतिरिक्त अन्य शर्ते एवं कार्य से संबंधित जानकारिया इस कार्यालय में दिनांक 24.01.2024 कार्यालयीन समय तक देखे / प्राप्त किये जा सकते है, जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है तथा इन शर्तों की पूर्ति नही पाये जाने की दशा में वित्तीय ऑफर लिफाफा ''सी'' नही खोला जा सकेगा। (3) किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत तथा निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का निर्णय का अधिकार मंडी प्रशासन/सक्षम प्राधिकारी को सुरक्षित होगा। (4) निर्माण कार्यों में प्रयुक्त खनिज सामाग्रियों की देय रायल्टी शुल्क जमा करने की जवाबदारी सबधित एजेसी की होगी। (5) सबधित निविदाकार को मडी समिति अथवा मडी बोर्ड में कोई भी अधिकारी/कर्मचारी रिस्तेदार नही होने संबंधित घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा एवं सर्शत निविदा मान्य नही होगा।

(बिरेन्द्र कुमार दिल्लीवार)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, पखांजुर
जिला - उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

संवाद-39359/2

(मोहरलाल शोरी)
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति, पखांजुर
जिला - उत्तर बस्तर काकेर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

सीएस ने ली धान खरीदी को लेकर बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर अब तक की गई धान खरीदी की प्रगति की जानकारी के लिए मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के समस्त संभाग आयुक्त और कलेक्टर की बैठक ली। जिलें से कलेक्टर रणबीर शर्मा कलेक्टरेट के विसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। मुख्य सचिव ने धान उपार्जन केंद्रों से ही मिलर्स द्वारा धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। श्री जैन ने किसानों की सुविधा और संतुष्टि का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों से ही मिलर्स द्वारा धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। धान खरीदी और कस्टम मिलिंग को लेकर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने कहा हैं कि खरीदी प्रक्रिया के साथ ही धान के उठाव की प्रक्रिया में भी तेजी लाना सुनिश्चित किया जाए। दूसरे राज्यों की सीमा से लगे हुए जिलों में अवैध धान के आवक पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही कोचियों-बिचौलियों के माध्यम से भी धान के अवैध उपार्जन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही प्रत्येक खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन भी किया जाए। धान खरीदी प्रक्रिया के समाप्ति के दिन तक प्रत्येक केंद्र का दो बार अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन होना चाहिए। मुख्य सचिव ने ज़िले के कलेक्टर रणबीर शर्मा से बात कर धान उठाव में और तेजी लाने कहा। उन्होंने केंद्र में बारदाने की उपलब्धता, मिलिंग एफसीआई मे चावल जमा आदि के बारे में जानकारी ली।

प्राण प्रतिष्ठा में होंगे भक्तिमय कार्यक्रम

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने चिप्स के सभाकक्ष में आयोजित वर्चुअल बैठक में सभी कलेक्टरों क़ो आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के मद्देनजर राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं। उक्त आयोजन जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित किया जाना हैं। उन्होंने आयोजन की रूप रेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्कृति एवं राजभाषा के साथ पंजीकृत क्रियाशील मानस मंडलियाँ हैं। राज्य शासन के घोषणा अनुरूप इन सभी मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडलियों को 5000 रू. राशि प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय अनुरूप जिलेवार मानस मंडलियों की सूची एवं तदानुसार धनराशि का आबंटन संचालनालय, संस्कृति एवं राजभाषा द्वारा सीधे प्रत्येक कलेक्टरों को उपलब्ध कराया जा रहा हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि सुनिश्चित करें कि उक्त राशि का मानस मंडलियों के बीच वितरण तत्काल किया जावें एवं 22 जनवरी 2024 को राज्य भर के भव्य आयोजनों में इन मानस मंडलियों को पूरे उत्सुकता के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित करने कहा। प्रत्येक विकासखण्ड स्तर में कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में 22 जनवरी को दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं लाईटिंग की व्यवस्था की जाए।

साकेत धाम में मनाया अयोध्या उत्सव

डोंगरगांव/नवप्रदेश। सर्व हिंदू समाज एवं सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगांव द्वारा सोमवार 15 जनवरी को शाम 5 बजे से साकेत धाम परिसर में अयोध्या मय उत्सव का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य जितेंद्र शर्मा ने बताया है कि 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लला का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सर्व हिंदू समाज और सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्सव के माध्यम से मनाया जाएगा इस कार्यक्रम में कलश यात्रा के रूप में दुर्गा मंदिर कालेज रोड़ से नगर के विभिन्न वार्डो को भ्रमण करते हुए संध्या 5 बजे से साकेत धाम परिसर में अयोध्या मय उत्सव का आयोजन किया गया।

अवैध शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस ने शनिवार और रविवार दो कोचियों से 208 पौवा शराब जप्त कर गिरफ्तार किया। थााना नांदघाट में 13 जनवरी को अवैध रूप से शराब परिवहन करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी मनीष टंडन पिता लखन लाल टंडन उम्र 26 साल साकिन लिमतरा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। 70 पौवा देशी मसाला/प्लेन शराब किमती 7550 रूपये एवं मोटर सायकल कीमती 40000 रूपये को जप्त किया गया। इसी तरह रविवार 14 जनवरी को पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी गिरीश कुमार बघेल पिता स्वं किशुन लाल बघेल उम्र 44 साल साकिन पोडी थाना व जिला बालोद, हाल पता बंगला भाठा भिम्भौरी चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। 138 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब किमती 16560 रूपये को जप्त किया गया।

अब रोज लगेगा जनदर्शन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार अब संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में सप्ताह में प्रत्येक कार्य दिवस में जनदर्शन होगा। इससे अब आम जनता सप्ताह में किसी भी दिन संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में अपनी मांगों व समस्याओं को लेकर आवेदन सौंप सकते हैं। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने आदेश जारी कर प्रशासनिक दृष्टिकोण से जनदर्शन कार्य के सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं प्रत्येक कार्य दिवस में जनसामान्य से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की है। जारी आदेश के अनुसार सोमवार को जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अनुराग द्विवेदी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार मंगलवार को संयुक्त कलेक्टर एके लकड़ा, बुधवार को अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अभियंता सतीश राजपूत, गुरूवार को जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी एके बंजारे और शुक्रवार को उप संचालक पंचायत आकाश सोनी की ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त कलेक्टर एके लकड़ा को लिंक अधिकारी बनाया गया है।

केंद्र की योजनाओं से सशक्त हो रहा भारत: प्रतीक्षा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत तुमड़ीलेवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी मुख्य अतिथि थी। यहां अलग-अलग विभाग के स्टॉल लगाए गए थे, जिसके माध्यम से हितग्राहियों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को लाभ दिलाने योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया गया। मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष श्रीमती प्रतीक्षा भंडारी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सशक्त भारत का संकल्प लेकर विकास यात्रा शुरु की। पिछले 10 वर्षों में भाजपा की सरकार ने अपनी योजनाओं से सभी वर्गों को जोड़कर उन्हें लाभ पहुंचाया है। मध्यम वर्गीय, निम्न मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों को विशेष सहायताएं और संसाधन उपलब्ध करवाएं गए हैं जिससे उन्हें मदद मिल रही है। उन्होंने आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, कृषि सम्मान निधि जैसी योजनाओं का ब्यौरा देते हुए हितग्राहियों से इसका लाभ उठाने की बात कही। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित सरपंच संजय टंडन, पीआर लहरे, भागवानी पटेल, रुपालाल पटेल, लक्ष्मण साहू, मंदराजी पटेल, मिनाक्षी साहू व ग्रामवासी मौजूद थे।

कर्नाटक में बंधक दो श्रमिकों को छुड़ाया

■ डिप्टी सीएम की पहल पर जिले के दो मजदूर सकुशल घर लौटे

■ परिजनों ने श्री शर्मा से मांगी थी मदद

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों कबीरधाम के दो ग्रामीण श्रमिक युवक शशिकांत यादव और गंगाप्रसाद परस्ते को जिला प्रशासन की टीम ने कर्नाटक के धारवाड़ से सुरक्षित और सहकुशल वापस लाया है। इन दोनों ग्रामीण युवक के माता-पिता तथा उनके परिजनों ने अपने बेटे की गांव वापसी के लिए उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री शर्मा से मदद मांगी थी। उपमुख्यमंत्री ने मामले को संज्ञान में लिया था। इन दोनों श्रमिकों की सकुशल वापसी के लिए कलेक्टर से चर्चा कर कर्नाटक टीम भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर इन दोनों श्रमिकों के लोकेशन की जानकारी लेने के लिए जिला साइबर सेल की मदद ली। श्रमिकों की ठहरने की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक, श्रम विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बना कर कर्नाटक के लिए रवाना हुए। कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि कबीरधाम जिले के शशिकांत यादव पिता महापति यादव और गंगाप्रसाद परस्ते पिता मातवर परस्ते निवासी ग्राम बांकी ग्राम पंचायत केसमर्दा थाना तरेगांव विकासखण्ड बोड़ला के रहने वाले है। ये दोनों श्रमिक माता-पिता और उनके अभिभावकों ने बताया था कि ये दोनों कर्नाटक कमाने खाने गए थे वहां पर वे किसी कम्पनी में गन्ना कटाई का काम करते थे। उनको वहां से कहीं भी आने -जाने नहीं दिया जा रहा था। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के निर्देश पर त्वरित निर्णय लेते हुए श्रम पदाधिकारी कवर्धा एवं धारवाड़ कर्नाटक राज्य के प्रशासन एवं श्रम विभाग के साथ सामंजस्य स्थापित कर तत्काल उक्त दोनों श्रमिकों को मुक्त करवाने के लिए टीम गठित की गई। कबीरधाम जिले से गठित टीम 8 जनवरी को कवर्धा से कर्नाटक के लिए रवाना किया गया था। दोनों श्रमिकों को 12 जनवरी को देर शाम कवर्धा लाया गया। कबीरधाम लौटने पर श्रमिकों ने बताया कि गांव के एक युवक ने इन दोनों युवक को अच्छा काम दिलाने का ख्वाब देकर नागपुर के गए और वहां से धोखे से कर्नाटक ले गए, कर्नाटक के धारवाड़ में गन्ना कटाई का काम कराते थे। खेतों में बने झोपड़ी में ठहराए, मजदूरी भी कम मिलती थी। कलेक्टर ने ग्रामीण युवकों को अच्छे काम दिलाने के बहाने, बहला-फुसलाकर बाहर ले जाने वाले एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला श्रम पदाधिकारी आरके प्रधान ने बताया कि दोनों श्रमिकों की सकुशल वापसी के साथ ही श्रमिक को उनकी पारिश्रमिक 32 हजार रुपए नगद भुगतान भी कराया गया। दोनों श्रमिकों को उनके अभिभावक को सौंप दिया गया। उक्त टीम में गौरव महोबिया, श्रम निरीक्षक एवं सुनील सायतोडें, श्रम कल्याण निरीक्षक, एवं रविन्द्र नेताम, आरक्षक थे।

राहुल गांधी की यात्रा, कांग्रेस का अस्तित्व बचाने की यात्रा है : बिसेसर

■ कांग्रेस ने कभी देश के साथ न्याय नहीं किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा नेता बिससेर साहू ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस का अस्तित्व बचाने की यात्रा बताया है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि-कांग्रेस ने कभी देश के साथ न्याय नहीं किया। देश के विभाजन से लेकर भ्रष्टाचार और तानाशाही तक का इतिहास कांग्रेस की देन है।

उन्होंने कहा कि-इससे ही तंग आकर भारत की जनता ने उन्हें इस हश्र पर ला खड़ा किया कि वे विपक्ष में दहाई के आंकड़ों में सिमट गई, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में देश को समर्पित जननायक मिला, जिसके नेतृत्व में विकास का सूर्योदय हुआ है। आज विश्व कह रहा है, मोदी है तो मुमकिन है। बिसेसर साहू ने कहा कि-कांग्रेस राज में सिर्फ शोषण हुआ। वैश्विक स्तर पर भारत को कमजोर आंका जाता रहा और हमारी नीतियां समझौतावादी रहीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे 9 सालों में ही बदल कर रख दिया। जिन सुधारों के लिए 70 सालों में प्रयास भी नहीं हुए थे 9 वर्षों में ही वे फलीभूत हुए और आज जनता को उसका लाभ मिल रहा है। आज विश्व का कोई भी देश भारत की ओर आंख नहीं उठा सकता। हाल ही में जब मॉलदीव राष्ट्र के नेताओं ने हमारे प्रधानमंत्री के संबंध में टिप्पणी की तो उनके ही राष्ट्र की सरकार ने उन पर कार्रवाई कर दी, उस देश ने भारत से माफी मांगी। यह मौजूदा समय में हमारे देश का वैश्विक सम्मान प्रदर्शित करता है। रुस-यूक्रेन के युद्ध में भी भारत का सकारात्मक प्रभाव साफ दिखा। वहीं कोई भारतीय हताहत नहीं हुआ। यह स्थिति रही कि भारत के झंडे लगा लेने भर से वहां लोग सुरक्षित हो जाते थे।

राज्यपाल ने सर्वश्रेष्ठ स्काउट क्रु रोवर विजय का किया सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। गुरुवार को राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ स्काउट और गाईड कैडेटों के साथ ही सर्वश्रेष्ठ रोवर और रेंजर को सम्मानित किया। इन सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र के साथ दस-दस हजार रूपए की नकद राशि प्रदान की गई। समारोह में सर्वश्रेष्ठ स्काउट बेमेतरा के राजीव रोवर ओपन क्रु, रोवर विजय साहू, भद्रकाली ओपन ग्रुप आकृति वर्मा, गाइड विधि पांडेए रेवा राम साहू प्रभारी को भी सम्मानित किया गया। बृजमोहन अग्रवाल स्कूल शिक्षा मंत्री एवं पदेन अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवन लाल चंद्राकरए स्कूल शिक्षा विभाग सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी राज्य सचिव कैलाश सोनी आदि उपस्थित थे।

कबीर के संदेश आज ज्यादा प्रासंगिक : शर्मा

बेमेतरा/नवप्रदेश। उपमुख्य मंत्री विजय शर्मा एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल बेमेतरा ज़िले के ग्राम लोलेसरा में चल रहें चार दिवसीय पंथ श्री हुज़ूर उग्रनाम साहेब स्मृति में कबीर पंथ के संत समागम मेला में शामिल हुए। दोनों मंत्रियों ने गुरु प्रकाश साहेब नाम से आशीर्वाद प्राप्त किया। भव्य आयोजन के लिए आयोजन समिति और कबीर पंथ अनुयायियों को शुभकामना दी। इस अवसर पर विधायक बेमेतरा दीपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

संत समागम मेले की ख्याति दूर तक - डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि कबीर के दिखाए रास्ते पर हम सबको चलने का प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में प्रेम एवं सद्भाव का वातावरण सदैव से रहा हैं। इस समागम मेले की ख्याति दूर-दूर तक हैं। जहां से बड़ी संख्या में कबीर को मानने वाले अनुयायी हर साल आते हैं मेले में प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों के कबीर के अनुयायी बड़ी संख्या में पहुंचे हैं।

भगवान के शत्रु को भी श्रीराम के नाम का लेना पड़ा था सहारा : अरुण साव

■ मानस महोत्सव में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

बालोद/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। उनका आशीर्वाद छत्तीसगढ़ की पावन भूमि पर हमेशा बना हुआ है। उपमुख्यमंत्री जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पलारी में आयोजित 3 दिवसीय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना की। डिप्टी सीएम अरूण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश व दुनिया के साथ ही छत्तीसगढ़ में उत्साह का माहौल बना हुआ है, इसी खुशी के मौके पर 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में दीपावली मनाई जाएगी। इसके लिए लोग त्यौहार के रूप में मनाने तैयारी में लगे हुए हैं, पूरा छत्तीसगढ़ राममय हो गया है। उन्होंने रामचरितमानस के समुद्र प्रसंग पर संक्षिप्त व्याख्यान भी दिया। भगवान श्रीराम के नाम की शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके शत्रु को भी भगवान श्रीराम के नाम का सहारा लेना पड़ा था। हम सभी को भगवान श्रीराम के गुणों को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में आयोजक समिति द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री साव को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव, एसडीएम गुरूर गंगाधर वाहिले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

संत समागम मेला लोलेसरा

विधायक दीपेश ने पंथश्री से लिया आशीर्वाद

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम लोलेसरा में आयोजित संत समागम मेला के तीसरे दिन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने गुरु का प्रवचन सुना।

बेमेतरा विधायक ने गुरु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ग्राम लोलेसरा में कबीरपंथियों का हर साल सबसे बड़ा आयोजन होता है। मेले की उपलब्धि यह हैं कि यहां देश-विदेश से हजारों कबीरपंथी व संत पहुंचते हैं। स्थानीय कबीर पंथियों ने यहां की सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत को जीवित रखा है। जिसकी बदौलत यहां कबीरपंथियों के सबसे मेले का आयोजन होता है। मेला स्थल लोलेसरा विधानसभा के बेमेतरा विधानसभा के अंतर्गत आता है। मेला तीर्थ स्थल में सुविधाओं के विस्तार के लिए फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। ताकि आगामी सालों में मेला आने वाले कबीर पंथियों को बेहतर सुविधा मिल सकें। इस दौरान विजय सिंहा, राजेंद्र शर्मा, प्रवीण राजपूत, विकास तंबोली, प्रहलाद रजक, मोंटी साहू, परमेश्वर वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, तुषार साहू, नारद साहू, धर्मेंद्र साहू, विनय साहू, परमेश्वर साहू, दीना साहू आदि उपस्थित थे।

मेला स्थल की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती

कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा ग्राम लोलेसरा में आयोजित चार दिवसीय संत समागम मेला स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए मेला स्थल में मेला समिति के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है बेमेतरा पुलिस सीसीटीवी कैमरा से अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए हैं। इस मेले में राज्य के अलावा अन्य प्रदेशों के कबीरपंथी लोग शामिल होते हैं। मेले में महिला मार्केटिंग में लगे दुकानों एवं ज्यादा भीड-भाड वाले स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है ताकि चोरी जैसे वारदात न हो पाये। मेला समिति के किरण सिंह वर्मा, विजेंद्र वर्मा का सराहनीय योगदान मिल रहा हैं।

मेले में गुम बच्चों को परिजनों से मिलाया

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम लोलेसरा में आयोजित चार दिवसीय संत समागम मेला स्थल में प्रदेश से ही नहीं, अन्य प्रदेशों से भी काफी तादाद में कबीर पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए मेला स्थल एवं ज्यादा भीड-भाड वाले स्थानों

में सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस बल तैनात हैं। इसके अलावा मेला समिति के सहयोग से सीसीटीवी लगाया गया है मेला प्रांगण एवं मेला बाजार स्थल में पुलिस सहायता केन्द्र एवं महिलाओं के लिए अलग से महिला सहायता केन्द्र बनाया गया हैं ताकि आमजनों की सहायता की जा सके। पुलिस सहायता केन्द्र एवं महिला सहायता केन्द्र में लगातार छोटे-छोटे कई बच्चों की गुम होने की सूचना उनके परिजनों के द्वारा दिये जाने पर पुलिस सहायता केन्द्र एवं महिला सहायता केन्द्र के स्टाफ द्वारा मेले में खोजबीन कर एवं सीसीटीवी कैमरे के मदद से अब तक करीबन 25 बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया। गुम हुये बच्चो में 2 वर्ष से 9 वर्ष के है जिसमें ग्राम करचुवा ?जिला बेमेतरा, ग्राम बोडला जिला कबीरधाम, नवागांव थाना दाढी, ग्राम केवाछी चौकी खण्डसरा, कंतेली बेमेतरा, ग्राम जिया जिला बेमेतरा, ग्राम हरदी थाना नवागढ, ग्राम कंतेली बेमेतरा, ग्राम तालपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम, ग्राम नवागांव थाना खम्हारिया, ग्राम बाबा मोहतरा थाना व जिला बेमेतरा, ग्राम तेंदो थाना साजा जिला बेमेतरा, ग्राम कोसमंदा थाना ?पिपरिया, ग्राम कारेसरा थाना बेमेतरा,ग्राम ताला बेमेतरा, ग्राम बालसमुंद, बिलाई थाना व जिला बेमेतरा एवं अन्य बच्चो को मेले में खोजबीन कर एवं सीसीटीवी कैमरे के मदद से पतासाजी कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। बच्चों के परिजनों ने अपने बच्चों को अपने पास पाकर बहुत खुश हुये और खुशी जाहिर करते हुए बेमेतरा एसपी एवं बेमेतरा पुलिस का ह्रदय से आभार व्यक्त किया।

सरकार आपके दरवाजे पर आ रही है : डॉ. रमन

■ केन्द्र की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले जनता

■ विस अध्यक्ष नया ढाबा में आयोजित संकल्प यात्रा में हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव शहरी क्षेत्र नया ढाबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। केन्द्र शासन की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं योजनाओं से लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन नया ढाबा पहुंची। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं से आम जनता लाभान्वित हो रही है। हितग्राहियों को शिविर में लाभ मिला है। साथ ही जनसामान्य ने विभिन्न योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है और उसकी प्रक्रिया आरंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। देश में आस्था के मंदिर के साथ लोकतंत्र का मंदिर बन रहा है। यह हमारा गौरव है कि सनातन धर्म और 140 करोड़ लोगों का सपना 22 जनवरी 2024 को पूरा होगा और अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रांतष्ठा-रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा आम जनता को मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित विभिन्न योजनाएं एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पूरे देश में चल रहा है। गांव से लेकर शहरों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 15 नवम्बर से प्रारंभ किया गया है।

राजनांदगांव में विभिन्न हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान, प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक खाता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है।

अवैध शराब के साथ 5 गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले पांच लोगों को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटना स्थल नंदू होटल के पास पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव में आरोपी सुरेश साहू पिता वासुदेव साहू उम्र 58 वर्ष, साकिन वार्ड नंबर 12 गली नंबर 3 गौरी नगर, राजनांदगांव, थाना कोतवाली के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 3.600 बल्क लीटर किमती 1600 रूपये, घटना स्थल अम्बेडकर मूर्ति के पास भरकापारा, राजनांदगांव में आरोपी शत्रुहन यादव पिता स्व. विष्णु यादव, उम्र 36 वर्ष, साकिन वार्ड नंबर 14 गली नंबर 2, गौरी नगर, थाना कोतवाली के कब्जे से 18 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 3.240 बल्क लीटर किमती 1440 रूपये, घटना स्थल पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव के पास आरोपी विमल बहादुर पिता चिंकी बहादुर, उम्र 36 वर्ष, साकिन बैगापारा, लखोली थाना कोतवाली के कब्जे से 13 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 2.340 बल्क लीटर किमती 1040 रूपये एवं नगदी रकम 300 रूपये जुमला 1340 रूपये, घटना स्थल टांकापारा राजनांदगांव के पास आरोपी अजय नेताम पिता उत्तम नेताम, उम्र 21 वर्ष आदि शामिल है।

न्यूज गैलरी

दिग्विजय ने नंदकुमार बघेल को दी श्रद्धांजलि

पाटन। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गांव कुरुदडीह पहुँचकर उनके दिवंगत पिता स्व. नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवार का दुःख बांटा। इस अवसर पर परिवार के लोगो के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

स्टील सिटी में मनी मकर संक्रांति

भिलाई/नवप्रदेश। मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व का आयोजन रोटरी क्लब ऑफभिलाई स्टील सिटी द्वारा 13 जनवरी को कांति दर्शन कॉलेज के हॉल में किया गया। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्य स्वपरिवार उपस्थित होकर कॉलेज के प्रांगण में ही लोहड़ी पर्व मनाया गया। सभी ने एक दूसरे को रेवड़ी, मिठाई खिलाकर, संगीत और भांगड़ा, गिद्दा डांस कर इसे बड़े धूमधाम से मनाया। अध्यक्ष डॉ. आर के श्रीवास्तव और सचिव ललित वर्मा द्वार सभी को गिफ्ट भेंट किए गए।

प्रबंधकों व मिलरों की कलेक्टर ने ली बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में समिति प्रबंधकों एवं राईस मिलरों की बैठक ली। उन्होंने मिलरों को धान का परिवहन तत्काल करने के निर्देश दिए। साथ ही मिलरों को सीएमआर कोटे में चांवल जमा करने कहा। बैठक में समिति प्रबंधकों को धान खरीदी हेतु शेष बचे दिन को ध्यान में रखते हुए खरीदी की आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। साथ ही किसानों से रकबा समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि खरीदी केन्द्रों में कोचियों एवं बिचौलियों का धान समिति में ना आने पाये, केवल किसानों का ही धान खरीदी पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं धान खरीदी हेतु नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों की जाँच करने निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. जोशी, खाद्य नियंत्रक सी.पी. दीपांकर, जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल, उपपंजीयक अवधेश मिश्रा एवं विपणन अधिकारी हृदेश शर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी टीएस अत्री, शाखा प्रबंधक समिति प्रबंधक व राइस मिलर्स मौजूद थे।

सिकल सेल के लिए निकाली जागरुकता रैली

दुर्ग/नवप्रदेश। भारती विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रकोष्ठ द्वारा को सिकल सेल और थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता के लिए रैली व जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें भारती विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त रैली व जागरूकता अभियान भारती विश्वविद्यालय परिसर से होते हुए पुलगांव चैक बाजार तक गई वापसी में भारती विश्वविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस अवसर पर कैडेट ने च्पहले थैलेसीमिया का ज्ञान, फिर शादी और संतानज् के नारे लगाए और पंपलेट बांटे। उक्त कार्यक्रम कर्नल तुषार उपासनी कमांडिंग आफिसर, लेफ्टिनेंट कर्नल अमर सिंह एडमिन आफिसर के निर्देश पर सम्पन्न हुई। रैली व जागरूकता अभियान के दौरान छ.ग. घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा राइडर सुबिन मजुमदार, एनसीओ श्रीहरि मुंडे, भारती विश्वविद्यालय, एनसीसी केअरटेकर ऑफिसर डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, इवेंट कोऑर्डिनेट एडवोकेट श्रुतिराव और सुश्री मेघा सहित प्राध्यापकगण और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित थे। एनसीसी कैडेट में किरन साहू, आयुष चन्द्राकर, कुमकुम, पायल, श्रेया जैन, तुलिका चैधरी, सुरेश, दिलेश्वर, ओजस्व, संत कुमार, सोमेश कुमार, स्वास्तिक साहू इत्यादि उपस्थित थे।

हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर पुलिस ने एक युवक को हेराईन से भी ज्यादा खतरनाक चिट्टा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 3.23 ग्राम हेराईन (चिट्टा) किमती 18000 एवं बिक्री रकम 14000, स्कूटी वाहन जब्त किया गया है। चिट्टा न सिर्फहेरोइन की तुलना में ज्यादा नशीला होता है बल्कि इसकी लत लगने पर इससे पीछा छुड़ाना भी बहुत मुश्किल होता है। जानकारी के अनुसार ड्रग्स में आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा होती है, वह है चिट्टा। आए दिन पढ़ने को मिलता है कि चिट्टे के साथ इतने लोग गिरफ्तार या इतना चिट्टा बरामद। पंजाबी और उसकी उपभाषाओं या बोलियों में चिट्टा का मतलब होता है- सफेद। पहले पंजाब में सिर्फहेरोइन को चिट्टा कहा जाता था क्योंकि इसका रंग सफेद होता था। मगर अब चिट्टे की परिभाषा, व्यापक हो गई है। हेरोइन तो अफीम से बनने वाला ड्रग है लेकिन अब और भी कई सिंथेटिक ड्रग्स इस्तेमाल होने लगे हैं जो देखने में सफेद ही होते हैं। इस कारण उन्हें भी चिट्टा ही कहा जाने लगा है।

सीएम साय ने टीम से की चर्चा

भिलाई/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय आयोजन में छत्तीसगढ़ की झांकी प्रदर्शित करने 17 लोक कलाकारों का दल प्रख्यात लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय के नेतृत्व में दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। इस दौरान रेलवे स्टेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन कलाकारों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बात की और इनका उत्साह बढ़ाया। क्षत्रिय के नेतृत्व में यह टीम गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की प्राचीन जनसंसद मुरिया दरबार को प्रदर्शित करने रवाना हुई।

शिव महापुराण से पहले निकली कलश यात्रा, शामिल हुईं 21 सौ महलिाएं

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बघेरा स्थित परमेश्वरी आश्रम में आयोजित शिव महापुराण कथा की कलश यात्रा रविवार दोपहर दो बजे से गुजराती धर्मशाला दुर्ग से निकली। इसमें एक समान परिधान पहनी लगभग 2100 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के इतिहास में यादगार थी। इसमें दो घोड़ों को विशेष रूप से सजाया गया था, जो कलश यात्रा के अश्वमेध के प्रतीक थे। इसके बाद लगभग डेढ़ किलोमीटर तक कलश लिए महिलाओं की कतार थी। इस कार्यक्रम में शिव परिवार एवम् शिव गणों की झांकी हृदय स्पर्शी प्रस्तुति किया। राउत

नाच की प्रस्तुति शानदार रही। इस कलश यात्रा में पूरे चालीस पंडितों को विशेष अतिथि के रूप में कलश यात्रा के आरंभ में रखा गया था। इसके बाद पोथी यजमानों ने पोथी को लेकर तथा छत्र से आच्छादित कर कथा स्थल तक पद यात्रा किए। इस यात्रा में दुर्ग नगर के हृदय स्थल से गुजरने से वहां निवासरत लोगों ने पोथी यजमानों का पुष्प, तिलक व आरती कर स्वागत किया। आज मकर संक्रांति पर्व है इस अवसर पर तिल के लड्डू, रास्ते भर बांटते रहे, लोगों ने अपने घरों के सामने पीने की पानी, बिस्कुट आदि की स्व स्फूर्त व्यवस्था किया। इसमें राउत नाचा, शिव परिवार की मनोरम झांकी और शिव के मंत्रों की अनुगुंज के बीच पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। कलश यात्रा के उपरान्त विधायक गजेन्द्र यादव विधायक, ललित चंद्राकार विधायक, डोमनलाल कोरसेवाड़ा विधायक अहिवारा का नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम में स्मारिका शिव महापुराण कथा विशेषांक का विमोचन किया गया। ज्ञातव्य हो की इस कथा के व्यास पंडित राधेश्याम व्यास जी धामपुर वाले है। इस कथा का सीधा प्रसारण प्रतिदिन दोपहर 1बजे से सत्संग चैनल पर किया जाएगा। विधायक गजेन्द्र ने कहा कि यह इतिहास में अविस्मरणीय है। यह कलश यात्रा जनमानस में लम्बे समय तक यादगार रहेगी। उन्होंने समाज के विकास के लिए हर संभव मदद का आश्वासन तथा कहा इस आयोजन के माध्यम से समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमचंद देवांगन व स्वागतभाषण भूषण लाल देवांगन ने दिया तथा राकेश देवांगन ने किया।

बीएसपी कर्मी को पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर लाखों की ठगी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र क्रस्क्र पार्ट टाईम जाब का झांसा देकर 706584 रुपये ठगी का मामला सामने आया ही। प्रार्थी की शिकायत पर भिलाई नगर थाना पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज करते हुए जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार क्रस्क्र कर्मी हुडको निवासी शैलेष कुमार मालवीय उम्र 56 सालने पुलिस को शिकायत में बताया कि दिनांक 17 से 21 दिसम्बर 2023 तक की अवधि मे मुझे टेलीग्राम मे एक मैसेज आया जिसमे यात्रा ऑनलाईन इंडिया प्रायवेट लिमि. मे पार्ट टाईम जाब का झांसा देकर मुझसे कुल 706584 रुपये ठगी कर लिया गया है। पार्टटाइम काम करने के

लिए टेलीग्राम ऐप में एक मेसेज आया। इस मैसेज में चैट करने के बाद एक अन्य व्यक्ति से मेसेज आया कि प्रार्थी यात्रा ऑनलाईन इंडिया प्रायवेट लिमि. के साईट में अपना आई डी बनाकर पार्ट टाइम काम शुरू कर सकते हैं। तब प्रार्थी ने उनसे अपनी पत्नी के द्वारा इसमें करने का पूछा तब उन्होंने चैट पर लिखा कि ऐसा कर सकते है। शुरू में आईडी लॉगिन करने से मोबाइल में एक पेज ओपन होता है इसे उनलोग प्लेटफार्म कहते है। इस पेज में कार्य करना होता है। फ्लाईट (हवाई जहाज) आईकोन में क्लिक करने से एक दूसरा पेज मोबाईल में आता है। इस पेज में पहले मुझे बताया गया कि 11000 ट्रेल बोनस न्यू ज्वाइनिंग को मिलता है और आप काम शुरू कर सकते हैं। प्रार्थी को कहा गया कि आपको वर्चुअल बुकिंग करना हे और बुकिंग करने के लिए बुकिंग आइकन को टच करना है। इस प्रकार उनके कहे अनुसार 30 बुकिंग किया जिससे कमीशन के रूप में 891 रूपये दिखा रहा था तब प्रार्थी को कहा गया की बैंक अकाउंट में इसे ट्रान्सफर करना होगा जिसके लिए बैंक अकाउंट नंबर लगेगा। बदहवासी में 4,41,555 रूपये जमा कर दिए। प्रार्थी क्रॉस का चिन्ह टच किया क्योकि आगे जारी नही रखना था लेकिन मुझे फिर से यूनिक बुकिंग का हवाला दिया और 10 लाख 21 हजार जमा करने को कहा। मेरे बेटे ने बताया कि ऐसा करना खतरनाक है और मना किया। प्रार्थी को एहसास हुआ कि वे साइबर अपराध के जाल में फस चुका हूँ।

केसरा में मंडाई व डीजे डांस प्रतियोगिता का आगाज

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। खारुन नदी तट पर बसे ग्राम केसरा में भव्य मंडई एवं डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया।प्रथम दिवस कविता वासनिक कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम,द्वितीय दिवस में शिव शक्ति युवा मंडल एवं ग्रामवासी के सहयोग से राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, दिनेश साहू सभापति जप, भागवत सिन्हा सरपंच, एनआर सिन्हा, डा ईश्वर निषाद अध्यक्ष ब्लॉक,अशोक साहू सरपंच तरीघाट, उत्तम सिन्हा एक्स आर्मी, चंद्रशेखर सोनी, डूमेश्वर सिन्हा, नरेंद्र साहू उपसरपंच, गजानंद सिन्हा ने छग महतारी, मां सरस्वती की पूजा अर्चना कार्यक्रम का शुभारंभ किए। ज़िप उपाध्यक्ष श्री साहू ने मंडई से हम सबको अपने पुराने याद ताजा हो जाती है।सभी के साथ सुख,दुख,की बाते कर कुशलक्षेम की जानकारी लेते है।युवा साथियों से आग्रह करता हुं कि अपने ग्राम,प्रदेश,देश की सेवा करते हुए अपनी प्रतिभा को निखारे।केसरा के विकास में हमारे पूर्व मुख्यमंत्री जी का अतुलनीय योगदान रहा जिसके लिए आभार एवं धन्यवाद प्रेषित करते हैं। इस अवसर पर तेज राम सिन्हा, हरिनाथ सिन्हा, लक्की सिन्हा, शेखर सिन्हा, नारद सेन, मनहरन सिन्हा, सूरज शर्मा, गुलशन पटेल, राजेश सिन्हा, रोशन सिन्हा, संतू सिन्हा, नरेश देवांगन, नारायण सिन्हा, बसंत साहू,सोहन सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, रूप सिन्हा, माधो सिन्हा, चोवा सिन्हा, पवन निर्मल सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

युवा बुराई को दूर करने में अपनी भूमिका निभाएं और हित-अहित के बारे में सोचे : ताम्रध्वज

नव प्रदेश संवाददाता

साजा विधायक ईश्वर साहू ने युवाओं में भरा जोश

पाटन। स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर तहसील साहू संघ पाटन युवा प्रकोष्ठ के संयोजन में तहसील स्तरीय युवा सम्मेलन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन साहू सदन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में युवा संयोजक गोपेश साहू के नेतृत्व में विश्राम गृह पाटन से साहू सदन तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में साहू समाज के युवा शामिल हुए। सर्वप्रथम समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा एवं भगवान कृष्ण की आरती पूजा से शुरुवात हुआ। जिसमें समाज के युवक-युवतियों द्वारा गीत,नृत्य एवं शिक्षाप्रद प्रहसन के माध्यम से लोगो को सामाजिक संदेश दिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा विवेकानंद जी का सोच पूरा सृष्टि के लिये था। उनका सोच था युवाओं का भूमिका क्या होना चाहिए। युवा आने वाला पीढ़ी है। युवाओं की भूमिका रचनात्मक, दीर्घकालीन हो। युवा बुराई को दूर करने में अपनी भूमिका निभाए और अपने हित और अनहित के बारे में सोचे। विधायक ईश्वर साहू ने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि युवा शक्ति अपने जोश को सही दिशा में लगाये। अंतरजातीय विवाह पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा अपने समाज के प्रति वफादार रहे। पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा आदर्श समाज के निर्माण में युवाओं की महती भागीदारी होगी। युवा अगर जाग जाए तो देश को विश्व गुरु बनने से कोई नही रोक सकता। माता पिता संस्कारवान होगा तो बच्चा भी संस्कारित बन सकता है। हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू ने कहा समाज के युवा अपने समाज के प्रति वफादारी रखें। साहू समाज एक सरल समाज है। लेकिन समाज की सरलता का फायदा कोई नही उठा सकता। आप सब धैर्य और संतुलन के साथ समाज मे आगे बढे। कार्यक्रम को प्रदेश प्रतिनिधि अश्वनी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, मुकेश साहू ने भी संबोधित किया।

सांसद से मिले सृजन फॉउंडेशन के पदाधिकारी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सृजन फाउंडेशन दुर्ग-भिलाई के पदाधिकारियों ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर रायपुर से अयोध्या तक सीधी हवाई सेवा शुरू करने तथा दुर्ग से (व्हाया अयोध्याधाम) नौतनवा तक चलने वाली दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस के फेरे बढ़ाने की मांग की। संस्था ने बताया कि अभी दुर्ग से अयोध्या धाम के लिए एक मात्र ट्रेन दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस है जो कि दुर्ग से सप्ताह में एक मात्र दिन गुरुवार को प्रस्थान करती है और अयोध्याधाम से वापसी के लिए एकमात्र दिन शनिवार को छूटती है। राम मंदिर बनने से अब इस ट्रेन मे यात्रियों का दबाव बढ़ गया है इसलिए इसके फेरे बढ़ाए जाने चाहिए। पदाधिकारियों ने बताया कि भगवान राम का छत्तीसगढ़ से बहुत घनिष्ठ संबंध रहा है और आज भी छग के लोग भगवान राम को अपना भांजा मानते हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम का नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद राम मंदिर दर्शन को लेकर छगवासियों में बहुत उत्सुकता है ऐसे में यातायात की समस्या होना स्वभाविक है इसलिए सांसद बघेल से मिलकर दुर्ग नौतनवा ट्रेन (व्हाया अयोध्याधाम) के फेरे बढ़ाने और रायपुर से अयोध्याधाम के लिए सीधी हवाई सेवा शुरु कराने का आग्रह किया गया है। सांसद से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सृजन फाउंडेशन दुर्ग-भिलाई अध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय, पवन कुमार सिंह, कौशल कुमार साहू, लिखनलाल भुआर्य, सुनील स्वर्णकार, विजय श्रीवास्तव, काशीनाथ सिंह, अनरजीत राय सहित अन्य पदाधिकारीगण शामिल रहे।

रामभक्तों ने स्वयं खोला श्रीराम जानकी मंदिर का पूर्वी द्वार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर के सबसे ऐतिहासिक धरोहर में से एक श्री रामजानकी मंदिर (बड़े मठ) मठपारा दुर्ग चंडी मंदिर के पास स्थित है। जानकारों का कहना है कि यह मंदिर आज से लगभग 400-500 साल पहले भोंसले राजा द्वारा स्थापित किया गया था। वर्तमान में जिसकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। इस मंदिर की करोड़ों की संपत्ति इस मठ के मठाधीश एवं उनके परिवार के लोगों द्वारा बेची जा चुकी है। मंदिर परिसर तक की संपत्ति बेची जा चुकी है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी मठ के मठाधीश की है। श्रीराम जानकी मंदिर बचाओ की अस्थाई समिति लगातार पिछले सात आठ वर्षो से मुकदमा लड़ रही है जिसका परिणाम आज तक नहीं आ पाया है। अयोध्या में श्री रामलला विराजित हो रहे है जहां आज पूरा भारत राममयी हो गया है। वही दुर्ग नगर के ऐतिहासिक श्रींराम जानकी मंदिर की आज स्थिति अत्यंत दयनीय है। आज मंदिर में प्रवेश द्वार दक्षिण दिशा से होकर जाता है जिसका विरोध अस्थाई समिति द्वारा बहुत बार सर्वराकार के समक्ष किया जा चुका है। जिसमें उनके द्वारा मौखिक एवं लिखित आश्वासन दिया जा चुका है परंतु फिर भी अभी तक पूर्वीद्वार को खोला नहीं गया था। इसी परिपेक्ष में रविवार 14 जनवरी को

समस्त दुर्ग के राम भक्त एवं सनातनी धर्म के मानने वालों द्वारा एवं अस्थाई श्रीराम जानकी मंदिर बचाओ समिति द्वारा पूर्वी द्वार का उद्घाटन किया किया है तथा 16 जनवरी से 22 जनवरी तक पूरे उत्साह के साथ दुर्ग के सबसे पुराने एवं ऐतिहासिक श्रीराम जानकी मंदिर में पूजा पाठ तथा प्रसाद वितरण का कार्य किया जाना है। मंदिर का पूर्वीद्वार खुलते ही आमजन का सीधे मंदिर में प्रवेश होगा। इस प्रकार रामलला के दर्शन शुभ दिशा से भक्तों को अब प्राप्त होगा। पूर्वीद्वार उद्घाटन में प्रमुख रूप से रितेश कुमार शर्मा, अमित पटेल, योगेश शर्मा, गोपू पटेल, विजय साहू , सुमित दीवान, राजेश पटेल, लाला ढीमर, संस्कार अग्रवाल, नारायण शर्मा के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

उमाशा में वार्षिकोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुनवानी में हर्षोउल्लास के साथ रिकेश सेन विधायक वैशालीनगर के मुख्य आतिथ्य में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल की गरिमामय उपस्थिति रही। बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। पूरा शाला प्रागण खचा-खच भरा हुआ था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्राचार्य वर्षा ठाकुर द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को शाला परिवार की ओर से साल भेंट करते हुए वृक्ष मित्र के रूप में पौधे देकर स्वागत किया गया। स्मृति स्वरूप रामचरित मानस भेंट किया गया। रामचरित मानस पाकर और प्रदर्शनी देखकर विधायक सेन अभिभूत हुए। प्रदर्शनी की खासियत थी कि इसमें

केवल विज्ञान के ही नही बल्कि गणित, हिंदी, सँस्कृत, अंग्रेजी सामाजिक विज्ञान के विविध विषयों को लेकर कविता, कहानी, इतिहास, भूगोल की विभिन्न घटनाओं को लेकर मॉडल बनाये गए थे। समृद्ध शाली कलाओं से परिपूर्ण संस्कृति और परंपराओं से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए इस बार पारंपरिक रंगोली मुख्य विषय वस्तु रहा। अंजलि, कुसम साव, कुसुम, तृषा, मनीषा, अलका, मंजू, महिमा,पल्लवी, हीना डाली, सुरभि, श्वेता, सारिका, अनामिका और सागर द्वारा विभिन्न तीज त्यौहारों के अवसर पर बनाई जाने वाली चौक रंगोली को बड़ी खूबसूरती से रेहन गीला चावल आटा, चाक मिट्टी, रंगोली फूल, विभिन्न प्रकार के अनाज बनाया गया। रंगोली से निर्मित अयोध्या का राममंदिर दर्शकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूरी रंगोली प्राचार्य के निर्देशन और व्याख्याता प्रतिमा भारद्वाज के मार्गदर्शन में बनाया गया। प्राचार्य वर्षा ठाकुर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित कोरल, रेत, मिट्टी, चट्टानों को देखकर लोग आश्चर्य चकित हो रहे थे। पंद्रह प्रकार के बालू उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया। सबका भिन्न भिन्न रंग। कोई लाल तो कोई पीला, भूरा, सफेद तो कोई श्याम रंग। यू ए ई के अललहबाब, राजस्थान का थार मरस्थल, सम मरुस्थल, भारत पाकिस्तान की सीमा पर स्थित बबलियां बॉर्डर, लोंगोवाला युद्ध स्थल, अंडमान निकोबार का राधा तट, काला पत्थर बीच, सिंधु, यमुनागंगा नदी का बालू। आश्चर्य अलग अलग जगहों में गंगा बालू का रंग भी अलग अलग है। प्राचार्य ठाकुर ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शाला की उपलब्धियों एवम समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित स्काउट गाइड की कक्षा 10 वीं छात्रा कुमारी महिमा विश्वकर्मा और अंजली साव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई प्राचार्य रूपा उप्पल, सुश्री मिस्सर मैडम, श्री डोंगरे, भुखाउ साहू, प्रद्युमन सूर्यवंशी, संजय यादव, रोशन सोनी, गौकरण, आरती रूखमणि विश्वकर्मा एवम बड़ी संख्या में पालको शिक्षको ,प्रायमरी ,मिडिल एवम उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की गरिमा मयी उपस्थिति रही। सबने प्रदर्शनी और कार्यक्रम का खूबलुफ्त उठाया और मुक्तकंठ से प्रशंसा किया। प्राचार्य ठाकुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अतिथियों सभी साथियों एवम जन समूह को दिल से धन्यवाद दिया।

श्मशान घाट में प्रतीक्षालय निर्माण के लिए भूमिपूजन

पाटन/नवप्रदेश। विधानसभा के ग्राम अरसनारा में जिला विकास निधि से स्वीकृत शमशान घाट में प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि हर्षा चंद्राकर कार्यक्रम के अध्यक्षता खेमलाल साहू मध्य मंडल पाटन , विशेष अतिथि लोकमणि चंद्राकर अध्यक्ष उत्तर मंडल की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि हर्षा चंद्राकर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जब व्यक्ति का जन्म इस भवसागर में होता है ,तो मृत्यु भी निश्चित है। व्यक्ति अपने जीवन काल पश्चात अंतिम समय में जब स्वर्गवास होता है, तो उनके अंतिम यात्रा में अंतिम संस्कार कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों व ग्रामीणों की गर्मी व वर्षा से

सुरक्षित रहने हेतु शमशान घाट में प्रतीक्षालय का होना बहुत जरूरी है। हमारे लिए ये गौरव की बात है कि अरसनारा में प्रतीक्षालय निर्माण का हम सहभागी बनें है । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खेमलाल साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विकास की गंगा बही है, और आगे भी निरंतर विकास होते रहेगा। इसके पहले 15 वर्षों की भाजपा सरकार में बच्चे का माता के गर्भ से जन्म से लेकर मृत्यु सैय्या तक योजनाओं को क्रियान्वित किया। जिनमे बहुत से योजनाओं को कांग्रेस की सरकार ने बीते पांच वर्षों से आम जनता को होने वाले योजना के लाभ को रोकने का काम किया। जिसके परिणामस्वरूप आज पुनः भाजपा की सरकार बनी है। आने वाले लोकसभा में पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने हम सब कार्य करना है।

■ न्यूज गैलरी

शिविर में पहुंचे विधायक पुन्नूलाल मोहले

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय महाविद्यालय फास्टरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की पुरुष एवं महिला इकाई के सात दिवसीय शिविर में मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित हुए। युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर श्री मोहले ने विद्यार्थियों को राष्ट्रहित हेतु सेवा भाव अपनाने एवं जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य मानिकलाल सोनवानी, जिला रासेयो समन्वयक एनके पुरले, साइंस कालेज कार्यक्रम अधिकारी श्री भारती, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी मोहन उपाध्याय, फास्टरपुर महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी संजय बिंझवार एवं सुश्री पूर्णिमा साहू, सुश्री दुर्गा साहू तथा महाविद्यालय के शिक्षकों सहित सभी पुरुष व महिला इकाई के शिविरार्थी उपस्थित रहे।

अक्षत कलश यात्रा में शामिल हुईं महिलाएं

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। यह आयोजन कार्यकर्ताओं के साथ समस्त नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आगामी 22 जनवरी को प्रत्येक घर को राममय बनाया जाएगा। इसी दिवस अयोध्या के मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा स्थापना की जावेगी। राम मंदिर से गाजे-बाजे के साथ अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें नागरिकों ने श्रद्धा उत्साह से कलश की पूजन किया गया। इस अक्षत कलश यात्रा को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। महिलाओं ने उत्साह के साथ अक्षत कलश का पूजा अर्चना करते रहे।

अक्षत कलश का बगरा में किया स्वागत

पेंड्रा/नवप्रदेश। भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्साह पूरे देश के साथ जीपीएम जिले मे भी देखा जा रहा है जिसके तहत बस्ती बगरा के गांव मे अक्षत कलश यात्रा का आगमन हुआ। उप तहसील बस्ती के अंतर्गत आने वाले कोटमी खुर्द,लमना, पूटा, बस्ती मे प्रभु राम के प्राण-प्रतिष्ठा के न्योता के साथ विश्व हिन्दू परिषद् व भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा कलश के साथ भ्रमण किया गया। इस यात्रा की शुरुआत कोटमी के गौटियान मोहल्ले से की गई जिसमे माताएं बहने पवित्र कलश को सिर पर धारण कर एक गांव से दूसरे गांव तक गई, और जिस रास्ते से यह यात्रा गुजर रही थी तो लोग बड़ी श्रद्धा पूर्वक कलश का पूजन कर अक्षत ले रहे थे जय सियाराम के नारों से पूरा वातावरण भक्ति मय था इस कार्यक्रम मे पंडित कृष्ण प्रपन्नाचार्य महराज के साथ विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया, भाजपा नेत्री समीरा पैकरा,विजय राठौर, महाजन पोर्ते, बरत पैकरा, सोहन वाकरे, अंजोर सिंह,धीर सिंह, शिवेन्द्र तिवारी, राजकुमार, साथ ही दुर्गा वाहिनी पेंड्रा के सदस्य के साथ क्षेत्र के सभी रामभक्त सामिल थे।

विधायक ने की मंदिर में साफ-सफाई

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप आज विधायक पुन्नूलाल मोहले ने ग्राम चकरभाठा स्थित महामाई मंदिर परिसर की सफाई की।अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराममंदिर निर्माण व मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश भर के मंदिरों की साफ सफाई का आह्वान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। इसी तारतम्य में आज ग्राम चकरभाठा पहुँचे विधायक पुन्नूलाल मोहले ने ग्रामवासियों से गांव व मन्दिरों को स्वच्छ रखने की अपील करते हुए स्वयं झाड़ू लेकर मंदिर की साफ-सफाई की।

अधिकारी-कर्मचारी शिविर में, दफ्तरो में सन्नाटा

रोज के काम से आने वाले बैरंग लौट रहे

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों प्रधानमंत्री जन-मन की योजना को फलीभूत करने के लिए सभी आला अधिकारी जुटे हुए है, जिसके चलते जिला पंचायत, कलेक्ट्रेट कार्यालय सूने-सूने नजर आ रहे है। चुनाव के बाद से लगातार कार्यो की पेंडेंसी बढ़ते जा रही है और आम जनता अपने कार्यो को लेकर संबंधित जिला कार्यालयों में चक्कर काट रहे है। सप्ताह में होने वाले जनदर्शन का भी लाभ आम जनता को नही मिल पा रहा है और वे खाली हाथ निराश लौट रहे है।

सत्ता परिवर्तन के बाद कार्यशैली में बदलाव आएगा, किन्तु आज भी जिले में वही पुराना ढ़र्रा चल रहा है, अधिकतर अधिकारी और कर्मचारी कार्यालयों से नदारद रह रहे है। सप्ताह में एक ओर स्थायी रूप से आला अधिकारियों के कार्यालय में बैठने का पूर्व के आदेशों का भी पालन नही हो पा रहा है। जिसके चलते लोग कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। अधिकतर कार्यालयों में अधिकारियों के दौरे की बात कही जाती है, वही जिले के आला अधिकारी के संबंध में बताया जाता है कि वे केंद्र शासन की योजना प्रधानमंत्री जन-मन को सफल बनाने में जुटे हुए है, या फिर बैठकों में व्यस्त है। अधिकारियों के नही रहने के कारण अधीनस्थ कर्मचारियों की मौज हो गई है, वे भी कार्यालयों से नदारद रहते है। कागजों पर सफलतापूर्वक चलने वाले आंकड़ों में जिले का सर्वोच्च स्थान मिल सकता है, किन्तु आम लोगों को आज भी अपने कार्यो के लिये भटकना पड़ रहा है। नजूल से संबंधित अधिकांश कार्य पेंडिंग पड़े हुए है, इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, सड़क की योजनाओं की प्रगति आंकड़ों में अलग और वास्तविकता अलग बयां करती है। लोगों की शिकायते सुनने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में लोग चक्कर काट रहे है, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नही है। सत्ता परिवर्तन के बाद मानों ऐसा महसूस होने लगा है कि प्रशासन अब हितग्राहियों के घर पहुंचने लगा है। किन्तु यह भी कही नजर नही आ रहा है। अधिकारियों को फोन लगाने के बाद भी समय न होने का हवाला दिया जाता है और मीटिंग और शासकीय कार्यो को अमलीजामा पहनाने के लिये दौरे में जाने की बात कही जाती है। विगत दिनों खुड़िया में आयोजित प्रधानमंत्री जन-मन योजना को सफल बनाने के लिए जिले के सभी आला अधिकारी 15 दिनों तक इस कार्यक्रम को सफल बनाने तैयारियों में जुटे रहे। इसी के चलते मंगलवार को होने वाला जनदर्शन भी स्थगित कर दिया गया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद जहां लोगों को उम्मीदें थी कि उनके काम आसानी से हो जाएंगे, वही उन्हे आर्थिक क्षति और समय की बर्बादी करनी पड़ रही है। मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री जहां गरीबों के हित की बात करते है वही दूसरी ओर इसे अमलीजामा पहनाने में अधिकारी औपचारिकता पूर्ण करने में लगे है।

व्यापार मेला की तैयारी पूरी

मुंगेली/नवप्रदेश। स्टार्स आफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी द्वारा मुंगेली व्यापार मेला का आयोजन 18जनवरी से वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में किया जा रहा है। 6 दिवसीय मुंगेली व्यापार मेला 18 से 23 जनवरी तक आयोजित है। स्टार्स आफ टुमारो टीम के संयोजक रामपाल सिंह ने बताया कि मेले की पूरी तैयारी हो चुकी है। स्टार्स ऑफ टुमारो के सचिव विनोद यादव ने बताया कि इस वर्ष मेले में 200 से अधिक स्टॉल लगने हैं। इस बार ऑटोमोबाइल, फूड जोन, इलेक्ट्रिक, बैंक, रियल स्टेट, हैंडीक्राफ्ट, शैक्षणिक संस्थान, सौंदर्य प्रसाधन, फर्टिलाइजर्स, कृषि उपकरण, जनरल स्टोर, उद्योग उपकरण, टेराकोटा, क्लॉथ (सूती, ऊनी, खादी), हर्बल प्रोडक्ट, बस्तर आर्ट, महिला गृह उद्योग के अलावा बच्चों के लिए खिलौने और विभिन्न प्रकार के झूले ने लोगों को आकर्षित करेगा। इस आयोजन को सफल बनाने स्टार्स आफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी के सदस्य जुटे हुए हैं।

जेल में कैदी की मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। केंद्रीय जेल अंबिकापुर में हत्या के मामले में जेल में बंद 32 साल के एक कैदी की मौत हो गई। उसके सिर और पेट के किनारे चोट के निशान थे। परिजन ने आशंका जताई है कि जेल में उसके साथ मारपीट हुई और इसके बाद उसे अस्पताल लाया गया है। उन्होंने जांच कर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है। उदयपुर क्षेत्र के खुटिया निवासी सज्जन सिंह 2019 में एक बच्चे की हत्या के आरोप में जेल में निरुद्ध था। उसकी बहन सरस्वती 15 दिन पहले उससे जेल में मिलने गई थी, जहां उसे कोई परेशानी नहीं थी, उसका स्वास्थ्य भी सही था। परिजन ने आरोप लगाया है कि वह बीमार नहीं था। वहीं शव में चोट के निशान हैं। आगे कहा जेल प्रबंधन इसे छिपाना चाह रहा है, क्योंकि वह बीमार था तो इसकी जानकारी परिजन को क्यों नहीं दी गई। अंबिकापुर सेंट्रल जेल में 23 फरवरी 2023 को दो बंदियों के बीच मारपीट हुई थी। इनमें एक की आंख के पास चोट लगी थी। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया था, लेकिन बाद में जेल प्रबंधन ने उसके घायल होने की वजह गिरना बताई थी और उसकी जांच नहीं हुई। मारपीट की इस घटना से पहले इसी जेल में एक कैदी फांसी लगाने की कोशिश कर चुका था।

पौने दो किलो गांजा व 12 हजार जब्त

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर से लगे चठरिमा इलाके में एक बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो 700 ग्राम गांजा और 12 हजार 600 रुपए कैश जब्त किया है। गांजे की कीमत 34 हजार रुपए बताई गई है। माना जा रहा है कि वह गांजा बेचकर ही अपने पास कैश रखा था और तभी पुलिस ने उसे धर-दबोचा। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम रिपन बाला है और वह ग्राम चठिरमा का रहने वाला है।

सबस्टेशन में चोरी, 4 अरेस्ट

बिश्रामपुर। बिश्रामपुर के स्नेह मिलन के पीछे स्टेडियम मार्ग पर स्थित जीपी सबस्टेशन से शनिवार के भोर में केबल और एमसीबी चोरी हुई थी। मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने एतवारी बाजार निवासी कबाड़ी गुलाम अहमद उर्फ गुड्डू और घटना में शामिल एक बालक व दो अन्य कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। घटना के बाद कॉलोनी की पवार सप्लाई बाधित हो गई। दूसरे दिन मामले की रिपोर्ट सब-स्टेशन इंचार्ज उपप्रबंधक धड़कन पांडेय ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसी बीच पुलिस ने शक पर पर कबाड़ियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि एतवारी बाजार के कबाड़ी गुड्डू के यहां से कुछ युवकों ने तांबा बेचा है। इस पर पुलिस ने गुड्डू कबाड़ी को तलब कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने तांबा खरीदना स्वीकार किया।

पिस्टल और कारतूस के साथ 2 अरेस्ट

मजदूरी की आड़ में करते थे तस्करी

रायगढ़/नवप्रदेश। बीते रात कोतवाली पुलिस के हाथ केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड पर दो शातिर बदमाश हाथ आए हैं जिनके कब्जे से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और 4 किलो 625 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। दोनों आरोपी मजदूरी के काम के आड़ में गांजा तस्करी में संलिप्त थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब, जुआ-सट्टा, गांजा और कबाड़ पर प्रभावी कार्यवाई करने के दिशा निर्देशों पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा मुखबीरों को सक्रिय कर सूचना देने लगाया गया है, जिनसे प्राप्त सूचनाओं पर कोतवाली पुलिस लगातार अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर कार्रवाई कर रही है। निरीक्षक शनिप रात्रे मुखबिर से सूचना मिली कि तुरीपारा दर्रीडीपा में रहने वाला ओमप्रकाश जांगड़े और उसके साथी गोविंद भट्ट की गतिविधियां संदिग्ध है, मजदूरी के बहाने दोनो पर गांजा तस्करी का संदेह व्यक्त किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली ने दोनों संदेहियों पर निगाह रखने अपने स्टाफ लगा रखे थे, शाम दोनों संदेहियों को दो प्लास्टिक बोरी में संदिग्ध वस्तुओं के साथ केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड पर देखे जाने की सूचना मिली। तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर टीम तैयार किया। थाना प्रभारी द्वारा टीम में शामिल स्टाफ को रेड कार्यवाही के संबंध में ब्रीफ किये। शाम करीब 06.00 बजे कोतवाली पुलिस टीम द्वारा केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय के सभी एंट्रेंस मार्ग पर घेराबंदी कर एकाएक अंदर रेड कार्यवाही किया गया जहां मुखबीर के बताये दो संदेही युवक ओमप्रकाश जांगड़े उर्फ अशु और गोविंद भट्ट को पकड़ा गया। पुलिस टीम द्वारा संदेहियों को एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही के बारे में जानकारी देकर उन्हें पूरे स्टाफ की तलाशी दी गई और दोनों गवाहों के समक्ष दोनों संदेहियों और उनके पास रखे प्लास्टिक बोरी को चेक किया गया। संदेही ओम प्रकाश जांगड़े के पास रखे प्लास्टिक बोरी अंदर तीन पत्री पैकेट मादक पदार्थ, एक पिस्टल और संदेही गोविंद भट्ट के पास एक रखे प्लास्टिक बोरी में दो पत्री पैकेट में मादक पदार्थ एवं दो जिंदा कारतूस मिला, मादक पदार्थ की पहचान गांजे के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को तत्काल सुरक्षा घेरे में लेकर थाना कोतवाली लाया गया। आरोपियों से जप्त मादक पदार्थ गांजा का तौल करने पर *कुल 4 किलो 625 ग्राम गांजा कीमती 70000 रुपए तथा एक स्टील बॉडी पिस्टल और 02 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपियों पर थाना कोतवाली में 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की धाराओं पर कार्यवाही किया गया है।

आरोपियों से विस्तृत पूछताछ में जानकारी मिली कि (1) आरोपी ओम प्रकाश जांगड़े उर्फ अशु पिता पारस राम जांगड़े उम्र 33 साल मूल निवास पससाडीपा थाना जैजैपुर जिला सक्ती वर्तमान पता तुरीपारा दर्रीडीपा थाना कोतवाली जिला रायगढ़ एवं आरोपी (2) गोविंद भट्ट पिता झाड़ूराम भट्ट उम्र 27 साल निवासी इंदिरा नगर देवार पारा थाना कोतवाली रायगढ़, दोनों साथ में मजदूरी काम के आड़ में गांजा तस्करी में लगे हुए थे।

हाथियों ने तीन घरों को तोड़ा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। उदयपुर इलाके में 9 हाथियों के दल का उत्पात जारी है। जजगी से मोहनपुर मार्ग में एनएच पार कर तीन घरों को हाथियों ने तोड़ दिया और इसी दौरान हाथियों को भगा रहे लोगों को दौड़ाया, जहां से लोग जान बचाकर भागे। सरगुजा जिले के उदयपुर रेंज में 9 हाथियों का दल 22 दिसंबर से जमा हुआ है। दल इलाके के अलग-अलग गांवों में घूम-घूमकर उत्पात मचा रहा है। अब तक दल ने करीब एक दर्जन घरों को तोड़ दिया। वहीं 50 से अधिक लोगों का कई हेक्टेयर फसल बर्बाद कर दी है। वन विभाग की मॉनिटरिंग के बाद भी हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों का दल केदमा सर्किल के बिछलघाटी, सतीमुड़ा तक जाकर वापस करमकठा जंगल पहुंचा। हाथियों का दल शाम होने के बाद भोजन की तलाश में बस्तियों की तरफ जा रहा है। वे दिनभर जंगलों में आराम करते हैं। बताया गया कि शनिवार को सूरज ढलने के बाद जैसे ही हाथियों का दल हाइवे पार करने लगा, तभी लोग हाथियों को गांव से दूर भगाने चिल्लाने लगे, तभी दल से एक हाथी ने लोगों को करीब 50 मीटर तक दौड़ाया और हाइवे पार कर पांच घरों को तोड़ दिया। हाथियों के दौड़ने बाद लोग वहां से डरकर भाग निकले, जिसके बाद हाथियों का दल एनएच पार कर ग्राम अमगसी पहुंचा। यहां रात को करीब एक बजे अकसन, सुकल, बालिंदर की तीन घरों को तोड़ दिया। गनीमत ये रही की हाथियों के आने से पहले ही लोग घर से बाहर निकल भाग गए थे।

डॉक्टर पर लगा गलत इलाज करने का आरोप

जांजगीर। अपोलो अस्पताल बिलासपुर के डॉ. अनुज कुमार पर मरीज के बेटे ने उसकी मां के इलाज के संबंध में सही जानकारी नहीं देने का आरोप लगाते हुए सरकंडा थाना में शिकायत की है। उनके गलत इलाज करने के कारण उनकी मां की मौत हो गई। लिंक रोड नेताजी जांजगीर निवासी ऋषि वेद शर्मा ने सरकंडा थाना प्रभारी को की गई अपनी शिकायत में बताया है कि उन्होंने अपनी मां सुधा शर्मा को इलाज के लिए 5 दिसंबर को अपोलो अस्पताल में भर्ती किया था। उनका ऑपरेशन करने के लिए डॉ. अनुज कुमार की टीम ओटी लेकर गए तब बताए थे कि करीब ढ़ाई- तीन घंटे तक ऑपरेशन चलेगा। लेकिन शाम 6 बजे तक वे लोग ओटी के बाहर इंतजार करते रहे। इस बीच में डॉक्टर या स्टाफ के बाहर निकलने पर इतनी जानकारी दी जाती थी कि ऑपरेशन चल रहा है। डॉ. अनुज द्वारा ऑपरेशन पूरा होने और जल्दी ही आईसीयू में शिफ्ट करने की जानकारी दी गई।

गृहमंत्री की नाराजगी के बाद बढ़ी सख्ती, जगह-जगह पुलिस बैरियर

जांजगीर/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ते नशे के कारोबार को नियंत्रित करने के लिए प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने डीजीपी को निर्देश दिए थे। लेकिन इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने नाराजगी व्यक्त की थी। इसके बाद डीजीपी ने सभी जिले के एसपी को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिले में नशे के कारोबार रोकने के लिए दिन के साथ ही रात में भी आवाजाही करने वाले वाहनों की जांच सख्ती से शुरू हो गई है। हर थाना क्षेत्र में पुलिस का बैरियर रात में लग रहा है। जहां सघन जांच हो रही है कि देर रात कोई नशे का परिवहन तो नहीं कर रहा है। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों ने प्रदेश को नशे का सामान सप्लाई करने के लिए कॉरिडोर बना रखा है। ओडिशा से गांजा की सप्लाई होती है। जिले में भी ओडिशा से गांजा पड़ोसी जिलों को पार कर पहुंचता है, यहां से कोरबा, बिलासपुर के रास्ते दूसरे जिलों में ले जाया जाता है। कई बार ओडिशा से गांजा की तस्करी करते हुए गांजा तस्कर पकड़े जा चुके हैं, राज्य में सत्ता परिवर्तन होने के बाद प्रदेश के नए गृह मंत्री विजय शर्मा ने नशे के सप्लाई चेन को तोड़ने व इस पर रोक लगाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इसके बाद से जिले में जांच की प्रक्रिया तेज हो गई है।

पर्व | सेतगंगा स्थित रामजानकी मंदिर में स्थापित कुंड में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

मकर संक्रांति का चहुंओर दिखा उत्साह

मुंगेली/नवप्रदेश। मकर संक्रांति पर्व पर नगर में चहुंओर उत्साह देखा गया। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व को लेकर खुशी रही। सेतगंगा स्थित रामजानकी मंदिर में स्थापित कुण्ड पर श्रद्धालु महिलाओं ने स्नान कर दान पुण्य करती रही।

मकर संक्रांति पर श्रद्धालुजन सुबह से स्नान के बाद दान की परंपरा का निर्वहन करते रहे। पूरे दिन मकर संक्रांति पर्व को लेकर उत्साह देखा गया। मकर संक्रांति पर्व पर सुबह स्नान के बाद सूर्य को अर्घ्य देकर दान-दक्षिणा की रस्म निभाई गई। मंदिरों में विशेष पूजा-आराधना की गई। सुबह से लोगों ने मंदिरों में तिल तथा उससे बनने वाली वस्तुओं का चढ़ावा किया। मकर संक्रांति पर तिल गुड़ के लड्डूओं का विशेष महत्व होता हैं। पं. संतोष पाठक ने बताया कि सूर्य जब दक्षिणायन होता हैं तो उस अवधि को देवताओं की रात्रि माना जाता हैं। जब सूर्य उत्तरायण होता हैं तो 6 माह के समय को दिन कहा जाता हैं। तात्पर्य यह हैं कि मनुष्य के 6 माह के बराबर देवताओं का एक दिन 6 माह के बराबर देवताओं की एक रात होती हैं। मकर संक्रांति के साथ यह पर्व शिशिर ऋतु के अंत बसंत के आगमन का प्रतीक हैं। क्योंकि बसंत का उत्साह स्फूर्ति सूर्य के उत्तरायण होती ही दिखाई पड़ने लगती हैं। इस दिन तिल, गुड़ का सेवन करना पुष्टिकारक माना जाता हैं। मकर संक्रांति पर सरोवरों में स्नान, दान का विशेष महत्व होता हैं। आगर नदी में हुई गंगा आरती- सर्व हिंदू समाज, श्रीराम प्रभात फेरी समिति, श्री हनुमान चालीसा पाठ समिति एवं अखंड ब्राम्हण सेवा समिति द्वारा आगर नदी में भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया जहां शाम हजारों ने मिलकर एक साथ भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ, आगर नदी की पूजा एवं महाआरती की आयोजन में लोगों में खासा उत्साह नजर आया जहां बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे भी सम्मिलित हुए। पूजा अर्चना के बाद सभी ने कहा कि आगर मुंगेली की प्राणदायिनी नदी है इसको साफ रखना भी हम सभी का कर्तव्य है। प्रशासन के साथ मिलकर इसके साफ सुथरा रखने की भी कार्ययोजना बनायी जायेगी।

वार्षिक खेलकूद का समापन

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ व्यायाम शिक्षक जावेद कोसले के मार्गदर्शन में बच्चों का मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्राचार्य शशी घोसले द्वारा खेल ध्वज को फहराकर एवं खेल का विधिवत शपथ दिलाकर खेल प्रारंभ कराया गया।

प्राचार्य ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अहम हिस्सा होता है, प्रत्येक बच्चे को खेलकूद में उत्साह पूर्वक भाग लेना चाहिए, क्योंकि खेल से ही शारीरिक तथा मानसिक विकास संभव है। बच्चों को चार ग्रुप महाराणा प्रताप, शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ग्रुप में बांटकर सबसे पहले बालिका वर्ग में रस्साकशी का आयोजन कराया गया। जिसमे रानीलक्ष्मी बाई ग्रुप विजेता रहे। उसी तरह खो-खो, कबड्डी बालक बालिका दोनों वर्ग में हुआ। खेल के दूसरे दिवस एथलेटिक में 100 मीटर दौड़, उंचिकूद, लंबीकूद, गोलाफेंक, भालाफेंक एवं उसके बाद क्रिकेट का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के व्याख्याता विकास शर्मा, जीएस राय, आर श्रीवास, जीएल सिंगरौल, उपेंद्र देवांगन, सावन यादव, आरपी दुबे, वायके भास्कर, दीपक सिंह, दीक्षा सिंगसर्वा, सीपी पांडे, अंजू सिंह, ए बांधले, एस तिर्की एवं सफाई कर्मी चंद्रेश कश्यप का योगदान रहा।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने

बिलाईगढ़ विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पवनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया। श्री चौहान ने बीएमओ से बिलाईगढ़ क्षेत्र में इलाज सुविधा, केस रिफर, अस्पताल के स्टाफ, अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के प्रसव, ओपीडी, योजनाओं से हितग्राहियों और मितानिनों को दिए जाने वाले राशि आदि का अब तक की जानकारी लिया। इस दौरान एसडीएम बिलाईगढ़, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदार कमलेश और देवराज सिदार और अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

पिकअप पलटने से 13 श्रद्धालु घायल

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले में सरिया के पास ग्राम पोरथ में मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक मेले

का आयोजन किया गया है। बीएमओ बरमकेला डॉ अवधेश पाणीग्राही से प्राप्त जानकारी अनुसार इस मेले में शामिल होने के लिए पिकअप गाड़ी में महाराजपुर के लोग जा रहे थे। रानीडीह के पास पिकअप पलट गई। इससे उस पर सवार 13 लोग घायल हो गए हैं। उनमें से 3 का सरिया, 6 का बरमकेला के शासकीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। 4 लोगों को रायगढ़ में भर्ती कराया गया है। सभी खतरे से बाहर हैं।

सीएम के नेतृत्व में मोदी की गारंटी को किया जा रहा पूरा : विजय शर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के ग्राम खड़ौदा खुर्द और रबेली में प्रथम आगमन पर ग्रामवासियों ने पटाखे फोड़कर, तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा रविवार को ग्राम खड़ौदा के बाजार चौक में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों, युवाओं और महिलाओं से बातचीत कर हालचाल जाना। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों की मांग पर मदनपुर स्कूल और खड़ौदा स्कूल में छात्रों के लिए पेयजल व्यवस्था के लिए हैंडपंप खनन और खड़ौदा में बिजली लाइन विस्तार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम रवेली में यज्ञ स्थल में मंच के लिए 2 लाख, शनिदेव प्रांगण के बाउंड्रीवाल के लिए 7 लाख, संस्कृति मंच के लिए 2 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने राज्य सरकार के काम काज और योजनाओं की जानकारी दी।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने 18 लाख परिवार को पीएम आवास की

स्वीकृत दी। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए में खरीदी की जा रही है। राशनकार्डधारी परिवारों को अगले 5 साल तक निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। इससे 67 लाख 92 हजार 153 परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, निर्मल द्विवेदी, ईश्वरी साहू, पार्षद श्री रिंकेश वैष्णव, खिलेश्वर साहू, अमर कुर्रे, सनत साहू, श्री रामकुमार ठाकुर, श्री मयंक गुप्ता, चंद्रवंशी, सोनू ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी उपस्थित थे।

कराएंगे राम जन्मभूमि का दर्शन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जाएगी। छत्तीसगढ़ के निवासी राम जन्मभूमि की दर्शन कर सके इसके लिए मुख्यमंत्री साय ने राम लला दर्शन कराने के लिए अयोध्या ले जाने की घोषणा की है। इसके लिए शासन द्वारा राम लला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत साल में 20 हजार यात्रियों को अयोध्या ले जाया जाएगा। प्रथम चरण में 55 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

हड़ताल में जाएंगे वन विभाग के कर्मचारी

कवर्धा/नवप्रदेश। वन विभाग के कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में रविवार को काष्ठागार नीलाम हाल कवर्धा में कर्मचारी संघ की वृहद बैठक आयोजित की गई । इसमें रेंगाखार ,सहसपुर लोहारा, पंडरिया पूर्व, पंडरिया पश्चिम , बोड़ला ,तरेगांव, कवर्धा ,चिल्फी ,भोरमदेव अभ्यारण, सहित जिले भर के वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। वन विभाग के कर्मचारी प्रांतीय आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर 1 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। ि जलाध्यक्ष ने बताया कि यह हड़ताल चार सूत्रीय मांगों को लेकर है। उनकी मांगों में लघु वनों पर संघ द्वारा उप वनक्षेत्रपाल के 180 पदों के विरुद्ध संविदा भर्ती की प्रक्रिया को रोकने तथा पूर्ववत पदोन्नत उप वनक्षेत्रपालों की सेवा लघु वनोपज संघ में यथावत रखना, वन विभाग के कर्मचारी 24 घंटे अपने कर्तव्य का पालन करते है, इसलिए वन विभाग के वनरक्षकों को 2400/-, वनपाल को 2800/-, उप वनक्षेत्रपाल को 4200/- का नया ग्रेडपे प्रदान किए जाने, वन विभाग का विभागीय सैटअप विगत पृथक छत्तीसगढ राज्य

बनने के बाद से पुनरीक्षित नहीं किया गया है। जिससे कार्य क्षेत्र एवं कर्मचारियों की संख्या में बहुत ज्यादा असंतुलन है। जिससे वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। अत पुनरीक्षित विभागीय सैटअप तत्काल लागू किए जाना और छ.ग. शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, रायपुर के आदेश क्रमाक/एफ-2-13/2023/ 10-1/वन, नवा रायपुर, दिनाक 20.07.2023 के अनुसार वन विभाग में विभागीय सैटअप स्वीकृति दिनांक 26.03.2003 के बाद नियुक्त किये गये समस्त वनरक्षकों का वेतनमान 3050-4590 को मान्य किया गया है। उपरोक्त आदेश का पृष्ठांकन क्रमांक/एफ-2-13/2023 10-1/वन, नवा रायपुर दिनांक 20.07.2023 के प्रतिलिपि क्रमांक 07 में सचिव छ.ग. शासन वित्त विभाग, नवा रायपुर को आदेश के परिपालन हेतु वित्त विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ के समस्त कोषलेखा एवं पेशन / समस्त जिला कोषालय को पालन हेतु निर्देशित करना आदि शामिल हैं। मांगे पूरी नहीं होने पर 1 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा।

वन मंडलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बैठक में वनमण्डल स्तर की समस्याओं का भी मुद्दा उठाया। इसमें सर्विस बुक का कोष लेखा पेंशन कार्यालय से सत्यापन नहीं होने, प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्तरीय समयमान-वेतनमान प्रदान करने में विलंब होने, समयमान वेतनमान की एरियर्स की राशि लंबित होने, कई कर्मचारियों का सातवें वेतनमान की एरियर्स राशि लंबित होने, मेडिकल बिल लंबित होने, वर्दी भत्ता नहीं मिलने सहित कई प्रकार की समस्याओं पर आवाज उठाया गया। जिस पर जिलाध्यक्ष द्वारा सभी समस्याओं के निराकरण हेतु वनमंडलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

बैठक में यह रहे मौजूद

बैठक में संरक्षक कौशल साहू,जिलाध्यक्ष परसराम चंद्राकर, सचिव गणेश ठाकुर, तहसील अध्यक्ष विनोद भास्कर, निर्मला बंजारे, शिव साहू, ललित यादव, परिक्षेत्र के अध्यक्ष भोलाराम साहू , दिलीप चंद्राकर ,सहित सचिन राजपूत, भूपेश कौशिक, दमन तिवारी मनोज खुसरो,चंद्रकुमार यादव, दिलीप भट्ट, संतोष ठाकुर, आशिक अली के अलावा महिला कर्मचारियों में मीना धुर्वे, फुलंती भगत, मालती नेताम, अहिल्या ठाकुर, शिवकुमारी गोयल, प्रमिला साहू सहित बड़ी संख्या में वन विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम ने खड़ौदा खुर्द में शिव हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा रविवार को अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम खड़ौदा खुर्द के भगवान शिव और हनुमान मंदिर पहुंचकर श्रीफल और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। उप मुख्यमंत्री शर्मा शिव-हनुमान में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर कैलाश चंद्रवंशी, निर्मल द्विवेदी, ईश्वरी साहू, पार्षद रिंकेश वैष्णव, अमर कुर्रे, सनत साहू, मयंक गुप्ता, हेमचंद चंद्रवंशी, सोनू ठाकुर, सहित जनप्रतिनिधियों ने भी पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

डिप्टी सीएम ने बुजुर्ग महिला से लड्डू खरीदकर लोगों को बांटा मकर संक्रांति को बनाया खास

कवर्धा/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मकर संक्रांति का दिन कवर्धा वासियों के लिए और खास तब हो गया जब उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने रविवार को कवर्धा पहुंचे स्वयं बाजार में बुजुर्ग महिला से लड्डू खरीदकर लोगों में बांटे और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री शर्मा कवर्धा प्रवास के दौरान बाजार में लड्डू बेचने वाली बुजुर्ग महिला के पास पहुंचे और कुशलक्षेम पूछा तब वह महिला इस आत्मीय व्यवहार से बड़ी प्रसन्न हुई। उन्होंने महिला से तिल और गुड़ के लड्डू खरीद कर उन्हें मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने तिल और गुड़ के लड्डू बांटकर सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

स्वामी विवेकानंद पर संगोष्ठी, कवियों ने रामलला पर आधारित कविताएं पढ़ीं

कवर्धा/नवप्रदेश। वनमाली सृजन केन्द्र एवं पाठक मंच के तत्वावधान में शनिवार 13 जनवरी को सर्किट हाउस के अशोक हॉल में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं विश्व हिंदी दिवस के परिपेक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय था--आज का वैश्विक परिदृश्य और विवेकानंद का दर्शन। दूसरा विषय था--वैश्विक स्तर पर हिंदी का बढ़ता महत्व। शुरुआत में प्रगतिशील धारा के प्रमुख कवि एवं चिंतक डॉ. मलय को मौन श्रद्धांजलि दी गई। अजय चंद्रवंशी ने कहा कि विवेकानंद का दर्शन भारतीय जीवन दर्शन के प्रगतिशील तत्वों के मेल से यथार्थवादी चिंतन को आगे ले जाने वाला विचार है। नरेन्द्र कुलमित्र ने कहा कि विवेकानंद भारतीय युवाओं को विचार संपन्न शक्तिशाली बनाना चाहते थे। संतराम थवाईत ने कहा कि वे स्पष्टवादी सन्यासी थे और उनका सन्यास वीतरागी नहीं था।आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि उनके दर्शन में वैश्विक दृष्टिकोण था और उनके मन मे पूरे विश्व के लिए मंगल विचार था। पुष्पांजलि नागले ने अपनी विदेशयात्रा के जिक्र करते हुए बताया कि भारतीय नारी भाषा और संस्कृति का सम्मान हर देश में है। प्रभाकर शुक्ला, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, रमेश चौरिया, रोशन चंद्रवंशी, सात्विक श्रीवास्तव एवं सोम वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। दोनों विषयों को समेटते हुए अध्यक्ष नीरज मंजीत ने कहा कि विवेकानंद ने युवावस्था में ही पाश्चात्य विचारक कांट, हेगेल, डार्विन सहित सभी पश्चिमी दार्शनिकों का विशद अध्ययन करते हुए वेदों, उपनिषदों एवं पूरे भारतीय दर्शन का अध्ययन किया था। उनके विचारों में पश्चिमी और भारतीय फलसफे के सकारात्मक मूल्य झलकते थे, इसीलिए आज भी पश्चिमी देश उन्हें सबसे बड़ा भारतीय विचारक मानते हैं। दूसरे सत्र में आदित्य श्रीवास्तव, पुष्पांजलि नागले, सुखदेव अहिलेश्वर, रमेश चौरिया और रोशन चंद्रवंशी ने अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को केन्द्र में रखकर कविताएं पढ़ीं। सात्विक श्रीवास्तव और संतराम ने व्यंग्य कविताओं का पाठ किया। नरेंद्र कुलमित्र ने मानवीय संवेदनाओं को कविता में ढाला। अजय चंद्रवंशी की ग़ज़लों में प्रेम के अभिनव तेवर झलक रहे थे। नीरज मंजीत ने नए उपमान, नवीन शब्दावली में नए वाक्य विन्यास लेकर अपनी ताज़ा प्रेम कविता सुनाई।

बुनकरों की आय में बढ़ोतरी के उपाय किए जाएंगे : कलेक्टर

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने हथौद में बुनकर सहकारी समिति के कर्मशाला का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने वहाँ बुनकरों द्वारा तैयार किए गए कपड़ों का अवलोकन किया तथा विभिन्न डिजाइनर कपड़ों की सराहना की। कलेक्टर ने वहाँ बुनकरों से चर्चा कर प्रतिदिन किए जाने वाले उत्पादन तथा मासिक आय के संबंध में चर्चा की। बुनकरों ने बताया कि उन्हें अपने गांव में ही रोजगार का अच्छा माध्यम

मिल गया है तथा इससे वे अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। कलेक्टर ने समिति के प्रबंधक से उत्पादित कपड़ों के विक्रय के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कर्मशाला को विस्तृत करने तथा आय में और अधिक बढ़ोतरी करने के संबंध में भी चर्चा की। कलेक्टर ने बुनकरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हथकरघा विभाग के माध्यम से उनके इस कार्य को और विस्तृत किया जाएगा। कलेक्टर ने वहाँ उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, उप पंजीयक सहकारी संस्था राजेन्द्र राठिया, जनपद पंचायत बालोद के सीईओ पीताम्बर यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। इसके तहत 12 जनवरी को बेमेतरा पुलिस के रात्रि में सिंघौरी बेमेतरा में लडाई-झगडा होने की सूचना पर बेमेतरा पुलिस सिंघौरी पहुंची, जहां अनावेदक मनोज कुमार सौरा ने पुलिस को क्यों बुलाये हो बोलकर पुलिस टीम के सामने आक्रोश में आकर मारपीट करने पर उतारू हो गया था।

मौके पर पुलिस द्वारा अनावेदक को समझाइश दी। फिर भी नहीं माना संज्ञेय अपराध घटित होने के अंदेशा एवं शांति,

सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने हेतु उक्त अनावेदक को गिरफ्तारी के अलावा अन्य कोई विकल्प नहीं होने से अनावेदक मनोज कुमार सौरा पिता राजकुमार सौरा उम्र 30 साल साकिन मोहभट्ठा थाना व जिला बेमेतरा को धारा 151/107, 116 (3) जाफौ. के तहत गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। चार दिवसीय संत समागम मेले के दौरान अनावेदक बीरू सौरा उम्र 23 साल साकिनवार्ड नं. 14 बैरागपारा पण्डरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम भीड में धक्का-मुक्की कर पाकेट मारी, चोरी करने जैसा हरकत कर रहा था। वहां पर उपस्थित लोगों के द्वारा मना करने पर अनावेदक द्वारा उपस्थित लोगों के साथ वाद-विवाद कर लड़ाई झगड़े पर उतारू था। इसकी सूचना पुलिस स्टाफ को मिलने पर आरोपी को मौके पर पहुंच कर समझाइश दी गई। संज्ञेय अपराध घटित होने की आशंका पर अनावेदक बीरू सौरा पिता स्व. भुरवा सौरा उम्र 23 साल साकिनवार्ड नं. 14 बैरागपारा पण्डरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को तत्काल 151/107, 116 (3) जाफौ. के तहत गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

जनमन योजना से कमारों के जीवन में आ रहा बदलाव

नगरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना से कमारों के जीवन में आ रहा बदलाव। विकास की मुख्यधारा में शामिल होने कमारों में दिख रहा उत्साह आवास,स्वास्थ्य,पेयजल, बिजली,शौचालय सहित पक्की सड़कों से जुड़ेंगी कमारों की आधुनिक सुख सुविधाओं से दूर विशेष पिछडी जनजाति कमार सदियों से अपनी ही मस्ती में मस्त रहने के आदि हैं। कमार जनजाति अपने पारम्परिक काम जैसे टोकरी, चटाई, सूपा झाड़ू तथा रोजी मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते आये हैं। प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुरूप देश की विशेष पिछड़ी जनजातियों को शासन की योजनाओं का लाभ देकर इनके जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत की गई है। जिसका सकारात्मक असर अब कमार जनजाति वर्ग के लोगों के जीवन में दिखाई देने लगा है। इसमें आवास, स्वच्छ पेयजल, बसाहटो तक जाने के लिए पक्की सड़कें, विद्युत, शौचालय, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम दुगली एक ऐसा ही गांव है जहां कमार समुदाय सैकड़ों वर्ष तक मुख्य बस्ती से अलग रहते हुए एक विशेष टोला में निवास कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष कमार समाज मेश धनुरधारी ने बताया की कमार समाज सदियों से अल्प सुविधाओं में जीवन बसर करता आया हैं, आधुनिक सुविधाओं कोसों दूर थे। पक्का मकान, बिजली, पानी अच्छी सड़क, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मानों एक सपना हो। प्रधानमंत्री मोदी के कारण अब ये सुविधाएं हमें आसानी से मिल पा रही हैं। इन सुविधाओं का लाभ लेकर हम भी देश

के विकास में सहभागी बनना चाहते हैं। जिलाध्यक्ष कमार समाज बुधलाल नेताम ने कहा कि शासन द्वारा हर कमार परिवार को कमारों के पारंपरिक घरों की तरह पक्का आवास दिया जायेगा आवास मिलने से जहां हमें रहने के लिए घर मिलेगा, जिसमे हम अपनी संस्कृति, रीति रिवाजों को सहेज कर खुशी से रह पाएंगे। कमार जनजाति की महिला सरपंच श्रीमती बीरन बाई बताती है कि एक समय हम झरिया का पानी पीने के लिए मजबूर थे। नदी, तालाब के किनारे हम गढ्ढा खोदकर पानी रिसने का इंतजार करते थे, बूंद बूंद पानी के लिए हमें बहुत जद्दोजहत करनी पडती थी। आज हमारे घर में नल है हमें शुद्ध पानी पीने को मिल रहा है। वही मनकी कमार बताती है कि हम लोग सुबह से लकड़ी लाने जंगल जाते थे लकड़ी लाकर खाना बनाना पड़ता था, बरसात के दिनों में बहुत परेशानी होती थी द्य लेकिन आज हमारे पास प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना अंतर्गत गैस मिला हुआ है ।अब हम लकड़ी पर आश्रित ना होकर गैस में खाना बना रहे हैं। समूह से जुड़कर अब काम भी करने लगे हैं।मनरेगा से काम भी मिलता है।आज कमार बस्ती अपने सांस्कृतिक परंपरा और विरासत को सहेजते हुए भी विकास की ओर अग्रसर हैं ।अब उनके बच्चे स्कूलों में पढ़ रहे हैं। उनका कहना है कि हम लोग बांस से बने सूपा और टोकरी बना कर और उसे बेचकर अपनी आजीविका चलाते थे।अब महात्मा गांधी रोजगार गारंटी अंतर्गत अब हमे गांव में ही रोजगार भी मिला है।ज्ञातव्य है कि धमतरी जिले में धमतरी, मगरलोड और नगरी विकासखंड के 122 बसाहतो में 1685 परिवार के 6339 विशेष पिछड़ी जनजाति कमार निवासरत है।

विकसित भारत यात्रा के उद्देश्यों की दी जानकारी

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खाम्ही में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चंद्रवंशी अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत कवर्धा ने की और विशिष्ट अतिथि राजेंद्र चंद्रवंशी वरिष्ठ भाजपा नेता, नीतीश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, दिनेश चंद्रवंशी सरपंच ग्राम पंचायत लालपुर, प्रताप चंद्रवंशी सेवा निर्वृत्त करारोपण अधिकारी आदि थे। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शासन की योजनाओं से अवगत होकर लाभ लें। अतिथियों ने

उज्ज्वला और आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को शिविर स्थल पर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत कवर्धा के अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने कहा कि पीएम मोदी की सरकार हर वर्ग के सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम में वीरेंद्र चंद्रवंशी, छविराम धुर्वे, हजारी चंद्रवंशी, फागू राम धुर्वे, रघुनाथ चंद्रवंशी, खेलू राम चंद्रवंशी इन्द्र कुमार, शत्रुघ्न, रमाकांत, जली राम सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

थंडर के खिलाफ रेनेगेड्स के बीबीएल मैच के बाद शॉन मार्श पेशेवर क्रिकेट से लेंगे संन्यास

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज शॉन मार्श ने घोषणा की है कि मेलबर्न रेनेगेड्स के सिडनी थंडर के खिलाफ मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन का अपना अंतिम मैच खेलने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।

मार्श ने अपने रेनेगेड्स टीम के साथी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने का अनुसरण किया है। उन्होंने पिछले घरेलू सत्र के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है, मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ महान लोगों से मिला हूं और मैंने जो दोस्ती बनाई है वह जीवन भर रहेगी। यह खेलने वाला समूह विशेष है। वे मेरे लिए अद्भुत रहे हैं, अद्भुत टीम के साथी और और भी अच्छे दोस्त। हमारे सदस्य और प्रशंसक सबसे अधिक भावुक हैं और मैं यात्रा के दौरान उनके समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं। हमारे साथ बने रहें, इस समूह में बड़ी मात्रा में प्रतिभाएं

हैं और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे इस समूह का नेतृत्व करेंगे। मार्श ने बीबीएल क्लब द्वारा जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के कोचों और कर्मचारियों और पर्दे के पीछे के सभी लोगों को ङ्क शुरू से और मेरे अंतिम वर्षों में मेरा समर्थन करने के लिए धन्यवाद। इससे बीच में मेरा काम थोड़ा आसान हो गया है। 40 वर्षीय ने पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ 40 मैचों के बाद बीबीएल के नौवें सीज़न से पहले रेनेगेड्स में कदम रखा, जिसमें बैक-टू-बैक चैंपियनशिप खिताब शामिल थे। शीर्ष क्रम में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने की उनकी क्षमता ने उन्हें रेनेगेड्स के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बना दिया। मार्श, जिन्होंने 2008 से 2019 तक तीनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, वर्तमान में बीबीएल में सर्वकालिक रन-स्कोरर सूची में छठे स्थान पर हैं। एसओएस उन लोगों में से एक है जिसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके साथ या उसके खिलाफ खेलने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा सार्वभौमिक रूप से पसंद और प्रशंसा की जाती है। अगर ऑस्ट्रेलिया में मेरे पास कोई बल्लेबाज हो जो साजिश रचने और लक्ष्य का पीछा करने में मदद कर सके, तो वह एसओएस होगा। रेनेगेड्स क्लब के मुख्य कोच डेविड सेकर ने कहा, उनके पास असली ताकत है और उनके पास सही समय पर सही शॉट का इंतजार करने का अनुभव है जो टी20 क्रिकेट में महत्वपूर्ण है। 40 साल की उम्र में मैन ऑफ द मैच प्रदर्शन करना शॉन की तैयारी और इसके प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

इंग्लैंड की टेस्ट खेलने की शैली मेरे खेल के अनुकूल है : एटकिंसन

नई दिल्ली। भारत के पांच मैचों के महत्वपूर्ण टेस्ट दौरे से पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन का मानना है कि मौजूदा टीम जिस तरह से प्रारूप में खेलती है वह उनके खेल के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। एटकिंसन ने इंग्लैंड के लिए सफेद गेंद से 12 मैच खेले हैं, लेकिन टेस्ट स्तर पर उन्हें कोई मौका नहीं मिला है। एटकिंसन ने पिछली गर्मियों में पांच काउंटी चैंपियनशिप मैचों में 20.20 की औसत से 20 विकेट लिए थे, क्योंकि सरे ने लगातार खिताब जीते थे।

उनकी वास्तविक गति का मतलब है कि इंग्लैंड ने उन्हें जेम्स एंडरसन, ओली रॉबिन्सन और मार्क वुड के साथ 25 जनवरी को हैदराबाद में शुरू होने वाले भारत दौरे पर शामिल किया है। यह सचमुच बहुत अच्छा रहा। अब मैं बेन स्टोक्स और बाज मैकुलम के नेतृत्व में खेलने के लिए उत्सुक हूं। टेस्ट टीम जिस तरह से खेल रही है वह मेरे खेल के अनुकूल है। आगे जो होने वाला है उसे लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं। भारत और

एशेज दो दौरे हैं जिन पर आप सबसे अधिक जाना चाहते हैं और अगले कुछ हफ्तों में जीतना अविश्वसनीय होगा। इंग्लैंड के प्री-टूर कैंप के लिए अबू धाबी जाने से पहले एटकिंसन ने डेली मेल से कहा, हो सकता है कि जब मैं नियमित क्रिकेट नहीं खेल रहा था तो यह आत्मविश्वास की बात थी लेकिन मुझे लगता है कि मेरी गति स्वाभाविक रूप से आती है। मैं निश्चित रूप से अपना सब कुछ दे रहा हूं और ऐसा महसूस कर रहा हूं कि मेरे रन अप के आखिरी कुछ चरणों से मुझे काफी गति मिल रही है। फिर मेरे पास एक चाबुकदार भुजा है। मुझे ऐसा महसूस नहीं हो रहा है कि मैं अब अपने शरीर पर बहुत अधिक बल लगा रहा हूं। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि कैसे उनके मौजूदा काउंटी क्लब सरे ने उन्हें विश्वास दिलाया कि उनमें इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों में खेलने की क्षमता है। 'सरे मेरे लिए बहुत अच्छे रहे हैं। उन्होंने मुझमें वह देखा जो मैंने शुरू में नहीं देखा था। एलेक स्टीवर्ट का कहना है कि उन्हें याद है कि मेरे साइन करने से पहले उन्होंने पहली बार मुझे गेंदबाजी करते हुए देखा था और मुझे लगा था कि मेरे पास कुछ है और मैं विकेट से वास्तविक गति प्राप्त कर सकता हूं।'क्लब के लोग मुझसे कहते थे कि वे चाहते थे कि मैं आगे बढ़ूं, सभी प्रारूपों में खेलूं और इंग्लैंड द्वारा चुना जाऊं। मैं कहूंगा, 'हां, जाहिर तौर पर मैं ऐसा चाहता हूं, यह मेरा सपना है। शायद यह एक दिन होगा।' लेकिन यह सब अभी होना कुछ ऐसा नहीं है जिसकी मैंने 12 महीने पहले उम्मीद की होगी।

यशस्वी और शिवम की आंधी में अफगनास्तिान फिर धराशायी

इंदौर। यशस्वी जयसवाल (68) और शिवम दुबे (नाबाद 63) के शानदार अर्धशतकों की मदद से भारत की टीम ने अफगानिस्तान पर 6 विकेट से (26 गेंद शेष रहते हुए) शानदार जीत दर्ज की और 3 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। मेन-इन-ब्लू ने केवल 15.4 ओवर में 173 रनों का पीछा किया।

14 महीने में पहली बार टी20 टीम में वापसी करने वाले विराट कोहली ने 16 गेंदों पर 29 रन बनाकर छोटी, लेकिन मनोरंजक पारी खेली। अर्शदीप सिंह (3/32) और अक्षर पटेल (2/17) ने टी-20 में रिकॉर्ड 150वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे कप्तान रोहित शर्मा के टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया।गुलबदीन नैब (57)

के तेज अर्धशतक के बावजूद भारत ने अफगानिस्तान को बराबरी पर रोक दिया। रोहित सीरीज में लगातार दूसरी बार शून्य पर आउट हुए, लेकिन वापसी करने वाले खिलाड़ी ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करते हुए सीरीज जीत हासिल की। मेजबान टीम जब बुधवार को बेंगलुरु में अंतिम टी20 मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेगी तो उसका इरादा क्लीन स्वीप करने का होगा।

पैर की चोट के कारण बेरेटिनी ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटे

मेलबर्न। मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हट गए। यह घोषणा की गई। पूर्व शीर्ष 10 स्टार को सातवीं वरीयता प्राप्त और गत फाइनलिस्ट स्टेफानोस सितसिपास के खिलाफ पहले दौर में भिड़ना था।बेल्जियम के ज़िज़ौ बर्ग्स ग्रीक खिलाड़ी का सामना करने के लिए भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी के रूप में कदम रखेंगे।ऑस्ट्रेलिया ओपन के बयान में कहा गया है, मातियो बेरेटिनी दाहिने पैर की चोट के कारण सऑस्ट्रेलिया ओपन से हट गए हैं। ड्रॉ में उनकी जगह ज़िज़ौ बर्ग्स लेंगे।बेरेटिनी ने पिछले साल के यूएस ओपन के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं की है, जहां वह टखने की चोट के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से रिटायर हो गए थे।2023 में मांसपेशियों में चोट के कारण कुछ हफ्तों के लिए खेल से दूर रहने के कारण 27 वर्षीय खिलाड़ी पुरुषों की रैंकिंग में 125वें स्थान पर खिसक गए हैं।

पटना ने दबंग दिल्ली के साथ रोमांचक ड्रॉ खेला

जयपुर। यहां के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में अंतिम मिनट के रोमांचक मुकाबले में पटना पाइरेट्स दबंग दिल्ली के खिलाफ 39-39 से बराबरी हासिल करने में सफल रही।

दिल्ली दबंग के आशु मलिक ने आठवें मिनट में सुपर रेड के साथ खेल को परवान चढ़ाया और पटना पाइरेट्स की रक्षात्मक तिकड़ी ङ्क मनीष, अंकित और कृष्ण को मात दे दी। ऑल-आउट को रोकने के प्रयास में मंजीत ने शानदार सुपर टैकल को अंजाम दिया और अपनी टीम को खेल में बनाए रखा। दिल्ली दबंग केसी ने 16-10 की बढ़त हासिल करते हुए पहला ऑल-आउट लागू किया। इसने पटना पाइरेट्स को फिर से संगठित होने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। शुरुआत में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद सचिन ने रेड अंकों का योगदान दिया। प्रमुख कारक मलिक थे, जिन्होंने 9 महत्वपूर्ण अंक हासिल

किए, जिससे दिल्ली दबंग केसी को हाफटाइम में छह अंकों का फायदा हुआ।मलिक की रेडिंग का दबदबा दूसरे हाफ में भी कायम रहा, जिससे पटना पाइरेट्स लड़खड़ा गई। जल्द ही दूसरा ऑल-आउट हुआ, जिससे दिल्ली दबंग को 28-19 की शानदार बढ़त मिल गई।मजबूत शुरुआत के बावजूद दिल्ली दबंग केसी को अंतिम क्वार्टर में पटना पाइरेट्स के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी संख्या में कमी आई। मोहित ने अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण सुपर टैकल किया, लेकिन आशीष को आक्रामक खेल के लिए पीला कार्ड मिला। फिर, पटना पाइरेट्स ने तीन मिनट शेष रहते हुए और अंतर को चार अंकों तक सीमित करते हुए ऑल-आउट कर दिया। जैसे-जैसे खेल अपने समापन के करीब आया, दोनों टीमों ने रक्षात्मक रूप से खेलने का विकल्प चुना, अंततः परिणाम टाई के रूप में सामनेआया।

बिजनेस

आम जनता को राहत नहीं... महंगाई नई ऊंचाई पर

नई दिल्ली। भारत में खुदरा मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य वस्तुओं की महंगाई के कारण दिसंबर 2023 में इससे पिछले माह की तुलना में हल्की बढ़ कर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। सिंतबर में महंगाई 5.02प्रतिशत रही थी।

दिसंबर,23 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत और दिसंबर 2022 में इसी माह 5.72 प्रतिशत थी। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वरा शुक्रवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक पर आधिरत आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने खाद्य वर्ग की कीमतें सालाना आधार पर 9.53 प्रतिशत ऊंची थी। नवंबर,2023 में खाद्य

मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत और पिछले साल दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति के निर्धारण में खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है और उसे खुदरा महंगाई दर को 2-6 प्रतिशत के दायरे में सीमित रखने का लक्ष्य दिया गया है। खुदरा मुद्रास्फीति इस समय इस सीमा के अंदर ऊपर की ओर है पर का दबाव बढ़ने से केंद्रीय बैंक के लिए नितिगत ब्याज दर में कमी करना कठिन होगा।रिजर्व बैंक की नीतिगत ब्याज दर इस समय 6.5 प्रतिशत है, जिसपर वह बैंकों को तात्कालिक नकदी उधार पर देता है। नवंबर की तरह दिसंबर में भी सब्जियों की महंगाई में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। नवंबर में सब्जियों की महंगाई 17.7 प्रतिशत से बढ़कर 27.64 प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर, ईंधन और बिजली की महंगाई सिमटकर -0.99 प्रतिशत हो गई है जो नवंबर में -0.77 प्रतिशत थी।

रेलवे के शेयरों में 17 फीसदी तक आया उछाल

नई दिल्ली। चौतरफा खरीददारी के चलते रेलवे के शेयरों में 17 फीसदी तक का उछाल आया, जिससे सेंसेक्स 73,000 के पार और निफ्टी 22,000 के पार पहुंच गया। आईआरएफसी में 17 प्रतिशत, आरवीएनएल में 11 प्रतिशत और इरकॉन में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ रेलवे शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। ये सभी स्टॉक 52 सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। भारी मात्रा में कारोबार के चलते आईआरएफसी 52 सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। टेक्समैको रेल 5 फीसदी, रेलटेल 4 फीसदी, राइट्स 4 फीसदी और ज्यूपिटर वैगन्स 5 फीसदी ऊपर है। प्रभुदास लीलाधर की एक रिपोर्ट के अनुसार, बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास, रक्षा, पीएलआई और वैश्विक स्तर पर बढ़ती आय और कम उम्र की आबादी के साथ घरेलू मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने पेश किया अपना पहला एनएफओ ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड

नई दिल्ली। ओल्ड ब्रिज कैपिटल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित किए गए ओल्ड ब्रिज म्यूचुअल फंड ने इक्विटी के अपने पहले न्यू फंड ऑफर (एन.एफओ.) - 'ओल्ड ब्रिज फोकस्ड इक्विटी फंड', (अधिकतम 30 शेयरों (मल्टी कैप) में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम) को पेश करने के साथ ही भारत के उतार-चढ़ाव भरे म्यूचुअल फंड उद्योग में अपना कदम रखा है। निवेशकों को सोच-समझकर चुनी गई कंपनियों की विकास की संभावनाओं में भाग लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करना इस ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम का उद्देश्य है।

यह एन.एफओ. 17 जनवरी, 2024 से 19 जनवरी, 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है। निवेशक कम से कम रु. 2,500 और उसके बाद रु. 1 के गुणकों में एसआईपी निवेश के साथ इसमें भाग ले सकते हैं। एकमुश्त निवेश करने के लिए, कम से कम राशि रु. 5,000 रखी गई है। इस स्कीम को एस.एंड पी. बी.एस.ई. 500 टी.आर.आई. के आधार पर मानदंड प्रदान किया जायेगा। बाज़ार में अलग-अलग कंपनियों के पूँजी लगाने के वर्गों (अर्थात मिड कैप, स्मॉल कैप, लार्ज कैप) के अधिक से अधिक 30 शेयरों में सोच-समझकर निवेश करने के द्वारा पूँजी की दीर्घकालिक वृद्धि प्राप्त करना इस फंड का मुख्य उद्देश्य है। इस मल्टी-कैप वाले तरीके को टिकी रहने वाले आर्थिक गिरावटों वाली उन कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जिनके पास लंबे समय का फ्रेंचाइज़ी मूल्य और निरंतर विकास करने क्षमता है, लंबी अवधि में पूँजी को कई गुना बढ़ाने की क्षमता वाले व्यवसायों को पहचानने के लिए तैयार किया गया है।

गुजरात में फोर्ड इंडिया संयंत्र से टाटा कारों का उत्पादन शुरू

चेन्नई। टाटा मोटर्स लिमिटेड की सहायक कंपनी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) ने कहा कि उसने गुजरात के साणंद1 में अपने नए प्लांट में टाटा बैज वाली पहली कार तैयार की है।

यह प्लांट पिछले साल फोर्ड इंडिया से खरीदा गया था।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टीपीईएम के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा, साणंद में नई टीपीईएम सुविधा की पहली कार को देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमने 12 महीने की सबसे कम अवधि में कारखाने को सफलतापूर्वक फिर से तैयार किया है, मौजूदा उत्पादों और भविष्य की एक विस्तृत श्रृंखला को समायोजित करने के लिए इसे नए स्तर पर ले गए हैं। नए मॉडल आने वाले हैं।चंद्रा के अनुसार, नई सुविधा की विनिर्माण क्षमता तीन लाख यूनिट प्रति वर्ष होगी, जिसे बढ़ाकर चार लाख 20 हजार यूनिट प्रति वर्ष किया जाएगा।460 एकड़ में फैली नई सुविधा, आंतरिक दहन इंजन (आईसीई)

और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल बनाने के लिए गुजरात में टाटा मोटर्स का दूसरा संयंत्र होगा।

फोर्ड इंडिया से अधिग्रहण के बाद, संयंत्र में बड़े पैमाने पर नये उपकरण लगाये गये हैं और उन्नयन किया गया है।एक बयान में कहा गया है कि संयंत्र में वर्तमान में एक हजार से अधिक कर्मचारी (तकनीशियन के साथ) हैं और उत्पादन बढ़ाने की योजना के अनुरूप, क्षेत्र में अगले तीन-चार महीने में एक हजार अतिरिक्त नौकरियां पैदा की जाएंगी।फोर्ड इंडिया ने अपना गुजरात संयंत्र टीपीईएम को 725.70 करोड़ रुपये में बेच दिया था।साणंद में संयंत्र में संपूर्ण भूमि और भवन, वाहन विनिर्माण संयंत्र, इसकी मशीनरी और उपकरण और फोर्ड इंडिया के वाहन निर्माण कार्यों के सभी पात्र कर्मचारियों का स्थानांतरण शामिल है।फोर्ड इंडिया टीपीईएम से पावरट्रेन विनिर्माण संयंत्र की भूमि और इमारतों को पट्टे पर लेकर अपनी पावरट्रेन विनिर्माण सुविधा का संचालन कर रही है।

शुभांगी अत्रे को याद आए भाभी जी घर पर हैं में इस्तेमाल होने वाले हिंदी मुहावरे

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भाभीजी घर पर हैं की अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया कि उन्हें शो की शूटिंग के दौरान आकर्षक हिंदी मुहावरे कहने का मौका मिला। साथ ही अभिनेत्री ने कहा कि आज के बच्चों को हिंदी भाषा सीखनी चाहिए और उसका आनंद लेना चाहिए।शुभांगी ने कहा, शूटिंग के दौरान मुझे कई मशहूर हिंदी मुहावरे सुनने को मिले, जिनका इस्तेमाल हम अक्सर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी और शो के सीन के बीच में करते हैं।

मुझे प्रसिद्ध हिंदी मुहावरा धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का याद है, जिसे मुझे एक दृश्य में विभूति (आसिफ शेख) पर इस्तेमाल करना था।हिंदी मुहावरों का अर्थ समझाते हुए अभिनेत्री ने कहा, एक अर्थ यह है कि जो व्यक्ति कभी एक जगह नहीं टिकता, वह सफल नहीं होगा। दूसरा यह है कि जो व्यक्ति हमेशा चलता रहता है, जिसकी जड़ें एक जगह नहीं होती, वह जिम्मेदारियों से बचता है।कस्तूरी फेम अभिनेत्री ने आगे कहा, हम अपने शो में रोजाना ऐसी कई कहावतों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद, जिसका मतलब है किसी ऐसे व्यक्ति को उपयोगी या मूल्यवान चीज देकर अपना समय बर्बाद करना है, जो इसकी सराहना

या समझ नहीं करता है। सेट पर हम अक्सर ऐसी मजेदार कहावतों और मुहावरों का प्रयोग मजेदार मजाक के रूप में नियमित रूप से करते हैं।शुभांगी ने हिंदी को वास्तव में सीखने के लिए एक अद्भुत भाषा बताते हुए कहा, आज के बच्चों को इसे सीखना चाहिए और इसका आनंद लेना चाहिए, जैसे उन्हें अंग्रेजी बोलने में आनंद आता है।वर्कफ्रंट की बात करें तो वह फिलहाल भाभीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार में नजर आ रही हैं।यह शो एंड टीवी पर प्रसारित होता है।

कोर कलेक्शन में शामिल मनोज स्टारर 'जोराम' का स्क्रीन प्ले

मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म जोरम के स्क्रीनप्ले को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज की लाइब्रेरी ने इसके परमानेंट कोर कलेक्शन के लिए हासिल कर लिया है। एकेडमी अपने कोर कलेक्शन में स्क्रीनप्ले जोड़ता है जो रिसर्च के उद्देश्य से छात्रों, फिल्म निर्माताओं, लेखकों, अभिनेताओं और सिनेमा के क्षेत्र के अन्य लोगों के लिए सुलभ हैं।

इन सालों में, इस कलेक्शन में साल 1910 से लेकर वर्तमान तक 11,000 से ज्यादा निर्मित फिल्मों की स्क्रिप्ट शामिल हो गई है।इस पर टिप्पणी करते हुए, लेखक-निर्देशक देवाशीष मखीजा ने कहा, जोराम को बनाने के लिए प्रतिभाशाली लोगों की आवश्यकता पड़ी। हम यह देखकर रोमांचित हैं कि फिल्म के स्क्रीनप्लेस एकेडमी लाइब्रेरी के परमानेंट कोर कलेक्शन का हिस्सा बन गई है। ऐसे प्रतिष्ठित संस्थान से यह सम्मान दुर्लभ, बहुमूल्य और विनम्र है। एकेडमी को हमारा हार्दिक धन्यवाद।जोरम देवाशीष मखीजा द्वारा लिखित और निर्देशित है, और अनुपमा बोस और मखीजाफिल्म के सहयोग से जी स्टूडियो द्वारा निर्मित है।

प्रधानमंत्री जो भी योजनाएं तैयार करते हैं उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैं : विष्णुदेव

■ **प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के समुचित विकास के लिए करेंगे हरसंभव प्रयास**

जशपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूरतमंद परिवारों के लिए जो योजनाएं तैयार करते हैं, उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करते हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबके प्रयास को शामिल करते हुए आगे बढ़ते हैं। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना लाई है। इसके माध्यम से हम इस वर्ग के समग्र विकास के लिए कार्य करेंगे। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत तहसील बगीचा के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री साय ने जशपुर जिले में पीएम जनमन योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अन्य जानकारी साझा करते हुए बताया कि यहाँ पहाड़ी कोरवा के 288 बसाहटों में 3761 परिवार और 16 हजार 629 जनसंख्या निवासरत है। इसी तरह जशपुर जिले में बिरहोर जनजाति 12 बसाहटों में 177 परिवारों और 565 जनसंख्या के साथ निवासरत है। उन्होंने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती दिवस 25 नवम्बर 2022 को पीएम जनमन योजना लागू की गई है। 3 साल तक लक्ष्य बनाकर प्रारंभ की गई इस योजनाओं से पिछड़ी जनजाति परिवारों को विकास के मुख्य धारा में जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में इन जनजातियों के हित में कार्य करते हुए उनका आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जनधन खाते, गैस कनेक्शन आदि से लाभान्वित किया जा रहा है। इनके बसाहटों तक सड़क भी पहुँचाई जा रही है। पीएम आवास का लाभ दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र, वन धन केंद्र, हॉस्टल, बिजली कनेक्शन, मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुँचाई जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही मोदी की गारंटी के तहत संकल्पों पर काम शुरू हुआ। 13 दिसम्बर को शपथ लेने के पश्चात 14 को कैबिनेट की बैठक में 18 लाख पीएम आवास बनाने का निर्णय लिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल विहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस को किसानों के खाते में 2 साल का धान का बकाया बोनस दिया गया। पीएससी 2021 की गड़बड़ियों की जाँच सीबीआई से कराने का निर्णय लेने के साथ ही विवाहित महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत साल में 12 हजार रुपए देने अनुपूरक बजट भी पास किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में बैकलॉग के रिक्त पदों को भरने और भूमिहीन मजदूरों को राशि प्रदान करने के साथ तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस और मानक बोरा में वृद्धि का निर्णय भी लिया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ पूर्व में 5 साल तक केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में किए कार्यों और अनुभव को भी साझा किया और बताया कि संसद पहुचने के साथ ही श्री मोदी ने अपनी सरकार को गरीबों के लिए समर्पित करते हुए कल्याणकारी योजनाएं बनाई। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री से बगीचा तहसील के अंतर्गत सलखाडाण्ड गाँव की पहाड़ी कोरवा महिला श्रीमती मनकुंवारी बाई द्वारा निर्भीक और बेझिझक वार्तालाप पर उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने यहाँ खुड़िया रानी की पावन धरती को नमन करते हुए मकर संक्रांति, पोंगल, लोहड़ी पर्व की भी सभी को शुभकामनाएं दीं।

विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री ने बाँटे प्रमाणपत्र

मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष पिछड़ी जनजाति के 10-10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला कनेक्शन, पीएम किसान सम्मान निधि का प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,मातृ वंदना योजना,मनरेगा जॉब कार्ड,किसान क्रेडिट कार्ड,प्रधानमंत्री आवास, जाति प्रमाणपत्र, जनधन बैंक खाता, आधार कार्ड, वनधन केंद्र से जुड़ी योजनाओं से लाभान्वित किया।

इस दौरान जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत,पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय, सरगुजा आयुक्त श्री जी.आर. चुरेन्द्र, आईजी श्री अंकित गर्ग, सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती शम्मी आबिदी ,कलेक्टर डॉ रवि मित्तल,एसपी डी रविशंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारीगण और बड़ी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे।

बेकाबू बस लोगों को कुचलते हुए पेड़ से टकराई, तीन की मौत

मनेंद्रगढ़/ चिरमिरी/भरतपुर/नवप्रदेश। रविवार की रात मनेंद्रगढ़ में बड़ा सड़क हादसा हुआ है. जनकपुर तिराहे पर एक बस ने तीन लोगों को टक्कर मार दी. जिसमें तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई. सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और 15 अधिक घायलों को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर पहुंचाया. हादसे के बाद पूरी घटना की जांच में पुलिस जुट गई है.

कैसे हुआ बस हादसा- पूरा मामला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के जनकपुर तिराहे का है. एक यात्रियों से भरी बस अमरकंटक से माड़ीसरई जा रही थी. अचानक बस ड्राइवर के कंट्रोल से बाहर हो गई. जिसके बाद अनियंत्रित बस जनकपुर तिराहे पर अंडा दुकान चलाने वाले व्यक्ति और वहां मौजूद दो लोगों को कुचलते हुए पेड़ से जा टकराई. जिसके बस पलट कर नाले में गिर गई. इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 15 से अधिक लोग घायल हो गए हैं. हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

> मैं सो रहा था. तभी अचानक बहुत तेज से आवाज आया और मेरे बाएं हाथ की कंधे में ऐसा लगा, जैसे कुछ आकर गिरा हो. मुझे बहुत जोर से चोट लगी थी. जब मेरी आंख खुली तो मैंने देखा कि बस पलटी हुई है. किसी तरह मै बस से बाहर आया.
>
> **- प्रमोद तिवारी,** बस यात्री
>
> बस करीब रात 9 बजे मनेंद्रगढ़ तिराहे में पलट गई. हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई. बस में 60 से 70 लोग सवार थे, उनमें से कुछ लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है.
>
> **- राजीव कुमार रमन,** बीएमओ, जनकपुर

ड्राइवर नशे की हालत में चला रहा था बस

जनकपुर एसडीएम मूलचंद चोपड़ा ने बताया, बस ड्राइवर नशे की हालत में बस चला रहा था. इसी वजह से उसने अचानक बस का कंट्रोल खो दिया और यह हादसा हुआ. हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था. मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और घटना स्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों अस्पताल भेजा गया.

बस में सवार कई यात्री हुए घायल

सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. बस में 60 से 70 यात्री सवार थे, जिनमें से 15 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं. घायल यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है कि बस मध्य प्रदेश के अमरकंटक से तीर्थ यात्रियों को लेकर वापस आते हुए माड़ीसरई जा रही थी. तभी जनकपुर के पास मनेंद्रगढ़ तिराहे के नजदीक यह हादसा हुआ. पुलिस की टीम ने घायलों को फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज जारी है. इस हादसे के बाद पूरी घटना की जांच में पुलिस जुट गई है. मौके पर पुलिस का अमला मौजूद है. हादसे के बाद से बस ड्राइवर और कंडक्टर दोनों मौके से फरार हो गए है.

चंद घंटे में पकड़ाया लुटेरा

■ **आरोपी से लूट के एक मोबाइल एवं नगदी रकम 570 को किया जप्त**

बलौदाबाजार/नवप्रदेश । किशन भारती द्वारा रिपोर्ट दर्ज काराया गया कि 13 जनवरी को रात्रि में भाटापारा शहर में पैदल खाना खाने के लिये होटल ढूंढ रहा था, तभी रात्रि करीबन 12 बजे आदित्य होटल भाटापारा के पास एक अज्ञात व्यक्ति इलेक्ट्रानिक स्कुटी ये कलर मे आया और मेरे सामने स्कुटी को खडाकर धमकाते हुये बलपूर्वक नुकीला कैची मेरे गले मे रखकर मेरा कीपैड मोबाईल जीयो कंपनी का एवं पर्स मे रखे नगदी रकम 570 रुपये को लुटकर भाग गया

विवेचना के दौरान मालिकराम उर्फ अमन गुजरतिया को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो घटना कारित करना स्वीकार करते एवं मेमोरण्डम कथन में लूट की गई एक नग कीपैड मोबाईल कीमती ?1000 एवं नगदी रकम 570 एवं घटना में प्रयुक्त वाहन CG22 जेड 2137 को पेश करने पर समक्ष गवाहन मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर पुलिस कब्जा में लिया गया कि आरोपी मालिकराम उर्फ अमन गुजरतिया का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाया जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन सामान्य निर्वाचन 2023 के चलते स्थगित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन कलेक्टर रणबीर शर्मा की पहल पर सोमवार से शुरू हुआ। आज आधा सैकड़ा लोगों ने विभिन्न समस्याओं/शिकायत संबंधी आवेदन दिये। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए आम नागरिकों की समस्याओं/शिकायतों को गंभीरता से सुना। संबंधित को निराकरण का भरोसा दिया।

कलेक्टर जनदर्शन में 50 लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए, जिस पर कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन आवेदनों का नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

आज के कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम पंचायत अमोरा निवासी लोकसिंह वर्मा ने नल जल कनेक्शन प्रदाय करने हेतु आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम माटरा निवासी देवलाल वर्मा ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम हरिहरपुर निवासी सुनीता देवी राजपूत ने रबी फसल 2022-23 के बीमा राशि प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया।

ग्राम पंचायत करमसेन में प्राथमिक शाला भवन स्वीकृत करने के संबंध में आवेदन दिए। इसके अलाया कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान कराने, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, धान की फसल बलपूर्वक काटकर चोरी करने वाले के उपर कार्यवाही करने, शौचालय निर्माण की राशि प्रदाय करने, सड़क निर्माण में हुए नुक्सान का क्षतिपूर्ति करने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी, सीएल मार्कण्डेय सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

ट्रांसफार्मर चोरी, 3 गिरफ्तार

दुर्ग भिलाई/नवप्रदेश। जिले के पाटन थाना पुलिस ने अंतर जिला ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है. चोरों का यह गैंग दिन में रेकी करते थे, जिसके बाद रात में चोरी किया करते थे. पाटन थाना पुलिस ने ग्राम लमकेनी से आरोपियों को घेराबंदी कर धर दबोचा है. तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. पाटन एसडीओपी देवांश सिंह ने बताया, मुखबीर से सूचना मिली कि ट्रांसफार्मर के सामानों एवं क्लाईल को चोरी करने वाले आरोपी ग्राम लमकेनी के वीरभद्र वैष्णव के सब्जी बाड़ी में हैं. इसके बाद पुलिस की टीम ने एसीसीयू के साथ दबिश दी और मौके से तीन आरोपियों को धर दबोचा है. जिनमें आरोपी कामता उर्फ राजा दास (25 साल) निवासी कुरूद जिला धमतरी, कुलदीप यादव (27 वर्ष) निवासी ग्राम लमकेनी अभनपुर, सोनू पांडेय उर्फ उमापति (33 वर्ष) निवासी सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश को घेराबंदी कर पकड़ा गया. पाटन पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ करने पर पता चला कि चोर गिरोह ने दुर्ग, रायपुर, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव सहित कई जिलों में घूम-घूमकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. ये चोर ट्रांसफार्मर एवं उसके अंदर लगे क्वाईल की चोरी करते और उसे रायपुर के बबलू कबाड़ी के पास बेचते हैं.

कांग्रेस सरकार में बजट की कमी से अधूरे पड़े थे 30 हजार मकान

सरकार ने जारी किया फंड, 4 साल से अधूरे पड़े पीएम आवास का काम शुरू

बस्तर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही सबसे पहले कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 18 लाख मकानों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे. इसको लेकर बस्तर संभाग के हितग्राहियों में भी काफी खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है. दरअसल 2019 के बाद से ही बस्तर संभाग में हजारों पीएम आवास अधूरे पड़े हुए थे जिसके चलते हितग्राहियों को खुली छत के नीचे या फिर झोपड़ियों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा था.

कांग्रेस सरकार में कई बार गुहार लगाने के बावजूद भी इन अधूरे पड़े मकान को पूरा नहीं किया जा रहा था, लेकिन अब बीजेपी की सरकार बनने के बाद हितग्राहियों को किस्त की राशि मिल गई है और अधूरे पड़े मकान फिर से बनने शुरू हो गए हैं. उम्मीद लगाई जा रही है कि मार्च से अप्रैल महीने तक जिले के अधूरे पड़े पीएम आवास पूरी तरह से बन जाएंगे. दरअसल बजट नहीं होने की वजह से बस्तर संभाग में लगभग 30 हजार मकान अधूरे पड़े हुए हैं, जिसके चलते हितग्राहियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.

नए हितग्रहियों को भी मिलेगा फायदा

इधर जगदलपुर शहर के जवाहर नगर वार्ड के रहने वाले हितग्रहियों का कहना है कि पीएम आवास योजना 2016 में शुरू की गई थी. आवेदन करते और उनका नंबर आते साल बीत गए. उसके बाद पहली किस्त की राशि मिलने पर मकान शुरू तो हुए लेकिन पिछले 3 साल से उनके मकान पूरी तरह से अधूरे पड़े हुए थे. कई जगहों में हितग्रही इन अधूरे मकान में तालपतरी लगाकर रहने को मजबूत थे, लेकिन अब किश्त की राशि उनके खाते में आ गई हैं.

बस्तर में 7 हजार से ज्यादा मकान अधूरे

बस्तर जिला पंचायत से मिली जानकारी के मुताबिक बस्तर जिले में 7 हजार से ज्यादा मकान अधूरे पड़े हुए हैं. इसके अलावा संभाग के 7 जिलों में भी करीब 30 हजार की संख्या में पीएम आवास अधूरे पड़े हुए हैं, हालांकि शासन से किस्त की राशि मिलने के बाद अधूरे पड़े मकान का निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है. बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम ने बताया कि जिले के हर पंचायत को अधूरे पीएम आवास को साल 2024 के मार्च या अप्रैल महीने तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं.

कलेक्टर ने जनपद पंचायत के अधिकारियों से कहा कि इस काम में अब किसी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जिन हितग्राहियों के आवास पूरे नहीं हुए हैं उन आवासों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए.

प्रधानमंत्री के आह्वान पर कवर्धा जिले के मंदिरों में चल रही साफ-सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर कवर्धा जिले के भी मंदिरों और तीर्थ स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के जनप्रतिनिधि इन स्थानों में साफ सफाई कर रहे है। इसी कड़ी में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जिला मुख्यालय कवर्धा के खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई में जनप्रतिनिधियों के साथ हिस्सा भी लिया।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे भी मंदिरों एवं तीर्थस्थानों में स्वच्छता अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी इस दिन हम सभी को दीपावली की तरह ही घरों में दीपक जलाकर रौशन करना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वही कोसल है, जिसकी बेटी, माता कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया था। भगवान राम के इस ननिहाल में भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशियां दिखे, ऐसा हम सबका प्रयास होना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव श्री मोतिराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक श्री अशोक साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल सिंह ठाकुर सहित अनेक नगरीय तथा पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रथम रबेली आगमन पर स्थानीय राईस मिल के पास क्षेत्रवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का लड्डूओं से तौलकर स्वागत, अभिनंदन किया गया।

कलेक्टर ने धान के धीमे उठाव पर जताई नाराजगी

■ **बहानेबाज़ी से काम नहीं चलेगा, दिखना चाहिए परिणाम**

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों तथा जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली। बैठक में जिले के राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। उपार्जित धान की मिलिंग की गति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त की। जल्द से जल्द धान उठाव करने के निर्देश दिये।साथ ही कहा कि समय.-सीमा में मिलिंग नहीं होने पर मिलर्स तथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य कर उपार्जन, मिलिंग, स्टोरेज, वेयर हाउस संबंधी दिक्कतों को अपने स्तर से निराकरण के निर्देश दिए हैं।

कस्टम मिलिंग का कार्य करने के लिए 106 अरवा एवं 8 उसना राइस मिले पंजीकृत हैं। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी नीतीश त्रिवेदी ने बताया कि जिलं में उपार्जित 7 लाख 41 हजार 45 मैट्रिक टन धान में से 5 लाख 1 हजार 925 मैट्रिक टन धान जिले के राइस मिलरों द्वारा उठाव किया जा चुका है। 2 लाख39 हज़ार 119 मैट्रिक टन धान उठाव होना है। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि मिलर्स अपने मिलिंग क्षमतानुसार धान का उठाव शीघ्र करें। उन्होंने कहा कि मैदानी ज़िला होने से अन्य ज़िलों से परिवहन, कनेक्टिविटी की स्थिति बेहतर होने के बाबजूद अन्य ज़िलों से धान उठाव में हम पीछे हैं, यह स्थिति चिन्ताजनक हैं।

बृजमोहन ने जैन यूनिटी क्रिकेट लीग का किया शुभारंभ, की बल्लेबाजी

रायपुर। शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रविवार को बूढ़ा पारा स्थित आउट डोर स्टेडियम में आयोजित जैन यूनिटी क्रिकेट लीग सीजन-3 के फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

श्री अग्रवाल ने कहा कि, जैन यूनिटी क्रिकेट लीग एक सराहनीय पहल है। यह जैन समुदाय के युवाओं को एक मंच प्रदान करती है और उन्हें क्रिकेट के खेल में आगे बढ़ने में मदद करती है। खेल से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का लाभ मिलता है। स्वास्थ्य शरीर के लिए खेल बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि, आजकल आपा-धापी के दौर में बहुतों की फिटनेस इसलिए खराब है क्योंकि लोग व्यायाम या खेलों के लिए वक्त ही नहीं निकाल पाते। हमें समझना होगा की शरीर स्वस्थ है तो सब कुछ है। इसलिए व्यायाम या खेल के लिए सभी को थोड़ा वक्त निकालना चाहिए। उन्होंने युवाओं से खेलों में रुचि लेने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करने का आह्वान किया।